राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 169
लखनऊ, शुक्रवार 07 फरवरी, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





राही पर्यटक आवास को पीपीपी मॉडल पर देने का हुआ एग्रीमेंट 03

एमपी को जल्द मिलेगा नया टाइगर रिजर्व : मोहन यादव 12


# कांग्रेस से मुक्त होकर आज देश चैन की सांस ले रहा : मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को राज्यसभा में कांग्रेस पर परिवारवाद, तुष्टीकरण की राजनीति, जाति, संविधान, भ्रष्टाचार और लाइसेंसराज को लेकर जमकर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस के पंजे से मुक्त होकर आज देश चैन की सांस ले रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत पर काम कर रही है।

राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति का अभिभाषण भविष्य का मार्गदर्शक है। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर वोट हासिल करने के लिए तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सबका साथ सबका विकास हम सभी का दायित्व है, लेकिन कांग्रेस से इसकी उम्मीद करना बड़ी भूल है। पूरी पार्टी सिर्फ़ एक परिवार के लिए समर्पित है और इसलिए उसके लिए सबका साथ, सबका विकास के आदर्श वाक्य के साथ काम करना असंभव है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की राजनीति का मंत्र हमेशा दूसरे की लकीर छोटी करना रहा। इसके कारण उन्होंने सरकारों को अस्थिर किया। किसी भी राजनीतिक दल की सरकार कहीं बनी तो उसे अस्थिर कर दिया। उन्होंने जो ये रास्ता चुना है उसके चलते लोकसभा चुनाव के बाद उनके साथ जो थे, वे भी भाग रहे हैं।

लाइसेंस राज को कांग्रेस की पहचान बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस शासन में लाइसेंस परमिट राज ने भारत की प्रगति को नुकसान पहुंचाया, रिश्वतखोरी बड़े पैमाने पर थी। कांग्रेस के एक पूर्व वित्त मंत्री ने माना था कि लाइसेंस परमिट के बिना कोई काम नहीं होता और उन्होंने ये भी कहा था कि लाइसेंस परमिट बिना रिश्वत के नहीं होता है। इस सदन में कांग्रेस के सदस्य मौजूद हैं, जिनके पिताजी के पास खुद के पैसे थे और वो कार खरीदना चाहते थे, लेकिन 15 साल तक उन्हें कार खरीदने के लिए इंतजार करना पड़ा था।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कालखंड में अटकाना-भटकाना और लटकाना उनकी संस्कृति बन गई थी। सरयू नहर परियोजना, बारामूला रेल लिंक परियोजना का उल्लेख करते हुए कहा कि हमने अटके-भटके प्रोजेक्ट्स को पूरा करने का काम किया। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के इस कल्चर से मुक्ति पाने के लिए हमने प्रगति नाम की व्यवस्था बनाई और वह स्वयं नियमित रूप से इस प्रगति प्लेटफॉर्म के माध्यम से इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट की विस्तार से मॉनिटरिंग करते हैं।

### प्रहार

- राज्य सभा में पीएम का विपक्ष पर वार
- भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत पर कर रही काम



### कांग्रेस के लाइसेंस राज और उसकी कुनीतियों से बाहर निकलकर हम मेक इन इंडिया को बढ़ावा दे रहे

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के पंजे से मुक्त होकर आज देश चैन की सांस ले रहा है और ऊंची उड़ान भी भर रहा है। कांग्रेस के लाइसेंस राज और उसकी कुनीतियों से बाहर निकलकर हम मेक इन इंडिया को बढ़ावा दे रहे हैं। शाही परिवार के आर्थिक कुप्रबंधन और गलत नीतियों के कारण पूरे समाज को दोषी ठहराया गया और दुनिया भर में बदनाम किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन प्रतिबंधों और लाइसेंस राज की नीतियों ने भारत को दुनिया में सबसे धीमी आर्थिक विकास दर में धकेल दिया। यह कमजोर विकास दर, इस विफलता ने दुनिया में हिंदू की वृद्धि की दर शब्द को गढ़ा। यह एक पूरे समाज का अपमान था, जो सत्ता में उन लोगों की विफलता का प्रतिबिंब था।

### समाज में जाति का जहर फैलाने के प्रयास किए जा रहे हैं

संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर को लेकर कांग्रेस पर हमला करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब से नफरत के चलते कांग्रेस ने दो-दो बार उनको चुनाव में पराजित करने के लिए क्या कुछ नहीं किया था। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि समाज में जाति का जहर फैलाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई वर्षों से विभिन्न दलों के अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के सांसद ओबीसी पैनल को संवैधानिक मान्यता देने की मांग कर रहे थे। उन्होंने कहा, आज जातिवाद का जहर फैलाने का प्रयास हो रहा है लेकिन तीन दशक तक, दोनों सदनों में सभी दलों के ओबीसी सांसद सरकारों से मांग करते रहे थे कि ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया जाए, लेकिन उनकी मांग को ठुकरा दिया गया। क्योंकि शायद उस समय उनकी (कांग्रेस) राजनीति को ये शूट नहीं करता होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसके बावजूद मौजूदा भाजपा नीत सरकार ने ओबीसी पैनल को संवैधानिक दर्जा दिया है। उन्होंने कहा, जब भी आरक्षण का मुद्दा उठा, देश में दरार पैदा करने के लिए ऐसा किया गया। मोदी ने कहा कि पहली बार हमने एक मॉडल दिया, हमने किसी से छीने बिना आर्थिक रूप से पिछड़े समूहों को 10 प्रतिशत आरक्षण दिया। एससी, एसटी, ओबीसी समुदायों ने इसका स्वागत किया, किसी को कोई समस्या नहीं थी।

# अमेरिका से भारतीयों को वापस भेजने के तरीके के विरोध में विपक्ष का प्रदर्शन




**एजेंसी, नई दिल्ली।**

अमेरिका से 104 भारतीयों को अमानवीय तरीके से निर्वासित करने के विरोध में विपक्षी सांसदों ने गुरुवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन के दौरान कई सांसदों ने हाथों में हथकड़ियां पहन रखी थीं और तख्तियां थाम रखी थीं, जिन पर कई तरह के स्लोगन लिखे हुए थे।

इस मौके पर कांग्रेसाध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हम, इंडी गठबंधन (आईएनडीआईए) के दल भारतीय नागरिकों का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। मोदी सरकार को निर्वासन पर एक विस्तृत बयान जारी करके बताना चाहिए कि हमने भारतीयों को सम्मान और गरिमा के साथ वापस लाने के लिए अपने स्वयं के विमान क्यों नहीं भेजे, बजाय इसके कि हमारी धरती पर एक सैन्य विमान उतरे। राहुल गांधी ने कहा कि अमेरिका ने सैन्य विमान से बेड़ियों में बांधकर भारतीय नागरिकों को वापस भेजा, जो हर भारतीय और भारत का अपमान है। वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि बहुत बात की गई थी कि मोदी और ट्रंप बहुत अच्छे मित्र हैं, फिर मोदी जी ने ऐसा क्यों होने दिया? क्या इंसानों के साथ ऐसा व्यवहार किया जाता है कि उनको हथकड़ियां और बेड़ियां पहनाकर भेजा जाए? ये कोई तरीका है...प्रधानमंत्री को जवाब देना चाहिए।

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जो लोग भारत को विश्वगुरु बनाने का सपना दिखा रहे थे, वे अब चुप क्यों हैं? भारतीय नागरिकों को गुलामों की तरह हथकड़ी लगाकर और अमानवीय परिस्थितियों में भारत भेजा जा रहा है। विदेश मंत्रालय क्या कर रहा है? बच्चों और महिलाओं को इस अपमान से बचाने के लिए सरकार ने क्या किया?

### अमेरिका से वापस भेजे गए लोगों के साथ दुर्व्यवहार नहीं किया गया : विदेशमंत्री



अमेरिका से अवैध भारतीय प्रवासियों को वापस भेजे जाने के बारे में विदेशमंत्री डॉ. एस जयशंकर ने राज्यसभा में वक्तव्य दिया। उन्होंने सदन को बताया कि अमेरिका से वापस भेजे गए लोगों के साथ दुर्व्यवहार नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि इस तरह के मामलों में साल 2012 से एक स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) लागू है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी कई मौकों पर अवैध प्रवासियों को भारत भेजा गया है। विदेशमंत्री ने इस बारे में पुराना डेटा भी शेयर किया।

## संक्षिप्त समाचार

### महाकुंभ जा रही बस दुर्घटनाग्रस्त, 40 घायल

**इटावा।** इटावा जिले के बकेवर इलाके में दिल्ली से महाकुंभ जा रही बस के गुरुवार भोर एक ट्रक से टकराने से 40 श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को मुख्यालय के डॉक्टर भीमराव अंबेडकर राजकीय संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है, इनमें से चार को नाजुक हालत में सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी भेजा गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने बताया कि बकेवर इलाके के महेवा के पास दिल्ली से प्रयागराज महाकुंभ जा रही बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में करीब 40 श्रद्धालु घायल हो गए। ड्राइवर को नींद आ जाने के कारण बस आगे चल रहे ट्रक से जा टकराई। घायलों में चार श्रद्धालुओं की हालत ज्यादा गंभीर बताई जा रही है।

### सेना की मारक क्षमता बढ़ेगी, पिनाका मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम खरीदे जाएंगे

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना की मारक क्षमता बढ़ाने के लिए गुरुवार को पिनाका मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम के लिए कुल 10,147 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। पिनाका के लिए इकोनॉमिक एक्सप्लोसिव लिमिटेड (ईईएल) और म्यूनिशन इंडिया लिमिटेड (एमआईएल) के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इसके अलावा शक्ति सॉफ्टवेयर में अपग्रेड के लिए भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के साथ सौदा किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने 29 जनवरी को इस सौदे के लिए मंजूरी दी थी।

### पाकिस्तान से आए 68 श्रद्धालु ने भी लगाई आस्था की डुबकी

**महाकुंभनगर।** प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में 6 फरवरी को पाकिस्तान के सिंध प्रांत से 68 हिंदू श्रद्धालुओं का एक समूह पहुंचा। ये लोग सोशल मीडिया पर महाकुंभ की भव्यता को देख कर इसमें शामिल होने आए हैं। सिंध प्रांत से आए 68 लोगों में से लगभग 50 लोगों के लिए महाकुंभ का ये पहला अनुभव है। आगंतुकों ने कहा कि जब से हमने महाकुंभ के बारे में सुना था, हम यहां आने के लिए उत्सुक थे और इस भव्य महाकुंभ में शामिल होने से खुद को रोक नहीं सके।


## आवश्यकता

लखनऊ से प्रकाशित 12 पृष्ठीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड राज्य के समस्त जनपदों हेतु जिला एवं तहसील स्तरीय संवाददाताओं की, जो खबरों के साथ समाचार पत्रों की व्यवसायिक क्षेत्रों में दक्षता रखते हों, केवल वही अपने पूर्ण विवरण के साथ सम्पर्क करें।

**समृद्धि न्यूज**
**202, रीजेंसी प्लाजा, द्वितीय तल, 5-पार्क रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001,**
samradhinews@gmail.com
7985738649/9305748833


# जल परिवहन व पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ**



**प्राधिकरण के गठन को कैबिनेट की मंजूरी**

उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में जल परिवहन एवं जल पर्यटन को विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 'उत्तर प्रदेश अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण' के गठन को मंजूरी दे दी है।

इस प्राधिकरण के कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए 'उत्तर प्रदेश जलमार्ग प्राधिकरण नियमावली 2025' को प्रख्यापित किया गया है। योगी मंत्रिमंडल ने इस नियमावली को अपनी सहमति प्रदान कर दी है। गुरुवार को लोकभवन में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैठक में 12 प्रस्तावों पर चर्चा हुई। इनमें से एक को छोड़कर 11 को कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है।

गौरतलब है कि देश में 111 राष्ट्रीय जलमार्ग घोषित किए गए हैं, जिनमें उत्तर प्रदेश में गंगा, यमुना सहित कुल 11 राष्ट्रीय जलमार्ग मौजूद हैं। जलमार्गों के जरिए परिवहन को किफायती और सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से इस प्राधिकरण की स्थापना की जा रही है। सरकार का मानना है कि जल परिवहन प्रणाली विकसित होने से यातायात के अन्य साधनों पर दबाव कम होगा और व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

इस प्राधिकरण का नेतृत्व मुख्यमंत्री द्वारा नामित परिवहन मंत्री या अंतर्देशीय जलमार्ग, शिपिंग, नेविगेशन, पोर्ट्स और मैरीटाइम मामलों के विशेषज्ञ द्वारा किया जाएगा। उपाध्यक्ष के रूप में ऐसे ही विशेषज्ञ व्यक्तियों में से किसी एक को राज्य सरकार द्वारा नियुक्त किया जाएगा। इसके अलावा, वित्त, लोक निर्माण, पर्यटन एवं संस्कृति, सिंचाई एवं जल संसाधन और वन एवं पर्यावरण विभाग के अपर मुख्य सचिव या प्रमुख सचिव इस प्राधिकरण के पदेन सदस्य होंगे। इसके अलावा, भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) के अध्यक्ष द्वारा नामित एक प्रतिनिधि भी सदस्य के रूप में शामिल होगा। उत्तर प्रदेश के परिवहन आयुक्त इस प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी होंगे।

# मप्र के शिवपुरी में वायुसेना का फाइटर प्लेन क्रैश, दोनों पायलट सुरक्षित

**एजेंसी, शिवपुरी।**



मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में गुरुवार को भारतीय वायुसेना का एक फाइटर प्लेन मिराज-2000 क्रैश हो गया है। आसमान में उड़ते हुए फाइटर प्लेन अचानक खेत में गिरा और उसमें आग लग गई। प्लेन में दो पायलट थे। हादसे से पहले दोनों पायलटों ने खुद को इजेक्ट कर लिया था। दोनों ही सुरक्षित हैं। यह ट्विन सीटर मिराज-2000 था। वायुसेना ने हादसे की शुरुआती वजह सिस्टम में खराबी बताते हुए जांच के आदेश दिए हैं।

# यूपी के जिलों में नई रेललाइन को मंजूरी

### तैयारी

- भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

रेलवे बोर्ड ने बहराइच, उतरौला और खलीलाबाद रेल लाइन के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया अब शुरू हो गई है। इस परियोजना के तहत 240 किलोमीटर लंबी रेल लाइन बिछाई जाएगी, जिसका उद्देश्य क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बेहतर बनाना है। बहराइच में भूमि अधिग्रहण के लिए राजपत्र जारी कर दिया गया है, जबकि बलरामपुर में रेलवे लाइन बिछाने के लिए अभी तक कोई निर्देश जारी नहीं किए गए हैं। यह परियोजना 2014 में सर्वे के लिए मंजूरी प्राप्त कर चुकी थी और इस वर्ष बहराइच-श्रावस्ती-बलरामपुर के 80 किलोमीटर रेल मार्ग के लिए 620 करोड़ रुपये का बजट जारी किया गया है। किसान अपनी फसलों की बोआई को लेकर चिंतित हैं, क्योंकि उन्हें डर है कि कहीं भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया उनके फसल के कटाई से पहले न शुरू हो जाए। इसके अलावा, इस रेल मार्ग के लिए कुल 32 नए रेलवे स्टेशन प्रस्तावित किए गए हैं, जिनमें छह स्टेशन नए बनाए जाएंगे। बलरामपुर के हंसुवाडोल गांव में पहला हाल्ट स्टेशन प्रस्तावित है, वहीं बहराइच और श्रावस्ती के बीच 10 नए स्टेशन बनाने की योजना है। बलरामपुर रेलवे स्टेशन को जंक्शन का दर्जा मिलेगा और कई अन्य स्थानों पर भी स्टेशन और हाल्ट स्टेशन बनाए जाएंगे। इसके तहत, रेलवे लाइन बिछाने के लिए 40 फीट चौड़ी जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा, जबकि स्टेशनों के निर्माण के लिए 100 मीटर चौड़ी जमीन की आवश्यकता होगी।

### सीएलएटी-2025 नतीजे संबंधी सभी लंबित मामले दिल्ली हाईकोर्ट स्थानांतरित किया

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (सीएलएटी) 2025 के नतीजों से संबंधित सभी लंबित याचिकाओं को दिल्ली उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने का गुरुवार को आदेश दिया। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति पी वी संजय कुमार और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने एकरूपता सुनिश्चित करने और सभी उच्च न्यायालयों में परस्पर विरोधी फैसलों से बचने के लिए यह निर्देश पारित किया।



# भारत ने इंग्लैंड को चार विकेट से हराया

**एजेंसी, नागपुर।**




रवींद्र जडेजा और हर्षित राणा (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद शुभमन गिल (87), अक्षर पटेल (52) और श्रेयस अय्यर (59) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत भारत ने गुरुवार को पहले एकदिवसीय मुकाबले में इंग्लैंड को 68 गेंदे शेष रहते चार विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ भारत ने तीन मैचों श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली हैं।

इंग्लैंड के 248 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही और उसने मात्र 19 रन पर अपने दो विकेट गवां दिये। कप्तान रोहित शर्मा (दो) और यशस्वी जायसवाल (15) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिये 94 रनों की साझेदारी हुई। 16वें ओवर में जेकब बेथेल ने पगबाधा आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। श्रेयस अय्यर ने 36 गेंदों में नौ चौके और दो छक्के लगाते हुए (59) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये अक्षर पटेल ने गिल का भरपूर साथ निभाया। दोनों के बीच चौथे विकेट लिये 108 रनों की मजबूत साझेदारी हुई। जीत की ओर बढ़ रही भारतीय टीम को 34वें ओवर में आदिल रशीद ने अक्षर पटेल को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। अक्षर पटेल ने 47 गेंदों में छह चौके ओर एक छक्का लगाते हुए (52) रन बनाये। के एल राहुल (दो) को आदिल रशीद ने अपनी ही गेंद पर कैच आउट भारत को पांचवां झटका दिया। इसके बाद साकिब महमूद ने शतक की ओर बढ़ रहे शुभमन गिल को बटलर के हाथों कैच आउट कराकर भारत को बड़ा झटका दिया। गिल ने 96 गेंदों में 14 चौके लगाते हुए (87) रनों महत्वपूर्ण की पारी खेली। भारत ने 38.4 ओवर में छह विकेट पर 251 रन बनाकर चार विकेट से मुकाबला जीत लिया। रवींद्र जडेजा (12) और हार्दिक पंड्या (नौ) रन बनाकर नाबाद रहे। जडेजा ने साकिब महमूद की गेंद पर विजयी चौका लगाया।




## खबरें एक नजर में

### अज्ञात कारणों से अचानक झोपड़ी में लगी आग

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** कोतवाली क्षेत्र में ग्राम नौगवां के पास रोड के किनारे एक झोपड़ी में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिससे हजारों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। अग्निशमन दल ने मौके पर पहुंच किसी तरह आग पर नियंत्रण किया। थाना भीरा क्षेत्र के ग्राम नौगवां निवासी परमेश्वर पुत्र राधेश्याम सड़क के किनारे एक झोपड़ी डालकर उसमें भूसा, पैरा, लकड़ी, थ्रेसर मशीन समेत तमाम सामान रखा था। देर शाम अचानक आग लग गई। जिससे झोपड़ी में रखा तमाम सामान जलकर राख हो गया। आग लगने की सूचना पर अग्निशमन दल ने मौके पर पहुंचकर आग पर नियंत्रण किया।

### तहसीलदार कोर्ट में पेशकार की तैनाती के लिए मंडल आयुक्त को भेजा पत्र

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** तहसील के अधिवक्ता संदीप अवस्थी ने मंडल आयुक्त को पत्र भेज कर तहसीलदार कोर्ट में पेशकार की तैनाती कराए जाने की मांग की है। अधिवक्ता संदीप अवस्थी ने मंडल आयुक्त रोशन जैकब को भेजे पत्र में कहा है कि गोला तहसील कोर्ट में पेशकार की तैनाती न होने की वजह से वादों का निवारण समय से नहीं हो पा रहा है। तहसीलदार कोर्ट में किसी भी पेशकार की नियमित तैनाती न होने से यह समस्या है। अधिवक्ता ने तहसीलदार कोर्ट में नियमित पेशकार की तैनाती की मांग उठाई है। जिससे वादों का समय से निपटारा हो सके।

### स्कूल से घर जा रहे छात्रों को कार ने मारी टक्कर

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** नई बाईपास रोड पर अनियंत्रित कार की टक्कर से दो बच्चे घायल हो गए। टाटा मोटर्स वन स्टाप के ब्रांच मैनेजर पंकज मिश्रा और मकैनिक साहिल, रिजवान ने दोनों बच्चों को बाइक से सीएचसी पहुंचाया। मुहल्ला मुन्नूगंज निवासी इमामुद्दीन के पुत्र असलम कक्षा दो में पढ़ता है वह मदरसे में पढ़ने गया था, उसका बड़ा भाई 15 वर्षीय अमन उसको लेकर साइकिल से घर जा रहा था। जैसे ही नए बाईपास पर टाटा मोटर्स शोरूम के सामने पहुंचा। उसी समय बच्चों की साइकिल में अज्ञात कार ने टक्कर मार दी। जिसमें दोनों बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए।

### उधारी का पैसा मांगने पर जान से मारने की धमकी, रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** उधारी का पैसा वापस करने के बजाए गाली गलौज व जान से मारने की धमकी के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। शहर की स्टेशन रोड निवासी उमाचरन पुत्र राधेश्याम ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भदेड़ निवासी सिकंदर अली ने उससे तीन लाख रुपये लिए और एक माह में रुपये वापस करने के लिए कहा था। इसके बाद करीब दो माह बाद भी पैसे वापस नहीं किये। पैसे मांगने पर टाल मटौल करता रहा। 30दिसंबर शाम 7बजे अलीगंज रोड पर अंबेडकर चौराहा के पास सिकंदर और परवेज ने उसे रोका और पैसे न देने की बात कहकर गाली गलौज करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नारायण जी सेवा समिति ने आयोजित किए सांस्कृतिक कार्यक्रम



**उचौलिया खीरी।** वृहस्पतिवार को उचौलिया में नारायण जी सेवा समिति की तरफ से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के सभी बच्चों ने हिस्सा लिया कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना से की गई जिसमें छात्रों ने मां सरस्वती की झांकी पर वंदना प्रस्तुत की एवं अलग-अलग टोली में बच्चों ने देशभक्ति और शिक्षा पर अपनी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में स्कूल के अध्यापक एवं समिति के अध्यक्ष हरिशंकर गुप्ता व मंत्री अमन पांडे एवं अन्य लोग उपस्थित रहे समिति के अध्यक्ष ने बच्चों को देशभक्त के बारे में बताया एवं सभी बच्चों को उपहार दिया तथा सूक्ष्म जलपान करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

### एक और गई किसान की गई जान, दहशत का माहौल



**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।** वन क्षेत्र लुधौरी अंतर्गत बैलहा डीह गांव में हिंसक जानवर का आतंक देखने को मिला है। यहां के निवासी 55 वर्षीय नंदकिशोर यादव पर हिंसक जानवर ने हमला कर दिया, जिससे किसान की मौत हो गई। यह घटना उस समय हुई, जब किसान अपने गांव के समीप खेत में लाही की फसल काट रहा था। तभी पास में गन्ने के खेत से निकले हिंसक जानवर ने किसान पर हमला कर दिया और गन्ने के खेत में घसीट ले गया। पास के खेतों में काम कर रहे अन्य लोगों को जब चीखने के आवाज सुनाई दी तो मौके पर गए मगर तब तक नंदकिशोर की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। वही बुधवार को अदलाबाद निवासी रामनरेश गुप्ता पर भी हिंसक जानवर ने हमला कर दिया था जिससे वह घायल हो गया था। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया था। बैलहा डीह गांव चारो तरफ से खैर के जंगलों से घिरा है इसलिए जंगली जानवरों का खतरा अधिकांश बना रहता है। पगमार्क से तेंदुए की आशंका जताई जा रही है। रेंजर गजेंद्र बहादुर सिंह से बात करने की कोशिश की गयी पर उनका फोन नहीं उठा। ग्रामीणों को अलर्ट किया गया है कि वे ग्रुप बनाकर रहें और उस क्षेत्र में जाने से बचें जहां तेंदुए ने किसान पर हमला किया है।

### अवंतिका बनी मिस फेयरवेल, दर्शनप्रीत मिस्टर फेयरवेल हरपुनीत स्टूडेंट ऑफ द इयर



**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** स्थानीय श्री राजेन्द्र गिरि मेमोरियल अकादमी लक्ष्मनजती में कक्षा 12के छात्र छात्राओं को समारोह पूर्वक विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 11के छात्र छात्राओं ने कक्षा 12के छात्र छात्राओं को स्मृति चिन्ह प्रदान किये। कक्षा 12की छात्रा अवंतिका सिंह मिस फेयरवेल, दर्शनप्रीत सिंह को मिस्टर फेयरवेल तथा कक्षा 12के छात्र हरपुनीत को फ्रस्टूडेंट आफ द इयर चुना गया। कक्षा 12के छात्र छात्राओं ने विद्यालय में अपने बीते वर्षों के अनुभव उपस्थित छात्र छात्राओं के सम्मुख रखें। इस अवसर पर छात्र छात्राओं ने विभिन्न खेल और नृत्य करके आनंद की अनुभूति की। कवि हृदय शिक्षक शशिकांत मिश्र ने अवसर के अनुकूल स्वरचित कविता सुनाई। प्रधानाचार्य मुदित शाह ने विद्यालय से अपनी शिक्षा पूर्ण करके विदा हो रहे छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय निदेशक मोहित पुरी ने विदा ले रहे छात्र छात्राओं को नसीहत दी कि वे उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए जहां कहीं भी जायें, अपने परिश्रम और आचरण के ऐसे आयाम स्थापित करें। कि जिससे उनके अभिभावकों तथा विद्यालय का नाम रोशन हो। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

### संगीतमयी श्रीमद्भागवत महापुराण कथा कलशयात्रा के साथ शुरू



**फरेंदा, महराजगंज (समृद्धि न्यूज़)।** संगीतमयी श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ आज वृहस्पतिवार को कलशयात्रा के साथ शुरु हो गया। इस कथा के मुख्य यजमान पुरुषोत्तम दास सर्राफ एवं निर्मला देवी सर्राफ हैं। कथा का समापन 12 फरवरी दिन बुधवार को हवन तर्पण के साथ होगा। इसके पश्चात भण्डारा एवं प्रसाद भोज 13फरवरी वृहस्पतिवार को होगा। इस सम्बन्ध में यजमान पुरुषोत्तम दास सर्राफ ने बताया कि कथा व्यास आचार्य पंडित मनीष शरण महाराज होंगे। उन्होंने बताया कि कथा श्रवण करने का स्थान फरेंदा-महराजगंज रोड पर स्थित श्री श्री दुर्गा मंदिर परिसर आनन्दनगर होगा। श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का प्रवचन प्रत्येक दिन सायं 5बजे से प्रारंभ होकर रात्रि 8बजे तक चलेगा। उन्होंने श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के प्रेमियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पधार कर अपने जीवन को धन्य बनायें। इस यज्ञ के आयोजक आशीष सर्राफ, रितेश सर्राफ,व प्रतीक सर्राफ है। कलशयात्रा में पूर्व सभासद देवी शरन दुबे, परमात्मा अग्रहरि, महेश लोहिया व प्रिंस जायसवाल सहित नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी शामिल रहे।

### राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कांग्रेस कार्यालय का किया उद्घाटन



**फरेंदा, महराजगंज (समृद्धि न्यूज़)।** कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी के कार्यालय का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को मजबूत करने और संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा जनता की सेवा के लिए तत्पर रही है और भविष्य में भी जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाती रही और उठाती रहेगी। इससे क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के प्रति नए जोश और नई ऊर्जा का संचार हुआ है। इस दौरान कार्यक्रम में कांग्रेस के नि. वर्तमान जिला अध्यक्ष शरद कुमार सिंह, पीसीसी सदस्य विजय सिंह, एडवोकेट विनोद सिंह, नि. वर्तमान जिला उपाध्यक्ष डॉ.रामनारायण चौरसिया, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष आनंदनगर मोहम्मद अली, वरिष्ठ पत्रकार यशोदा श्रीवास्तव, विधि नारायण वर्मा, पूर्व प्रधान शफीक अहमद, सपा नेता बाबर अब्बासी, चंदन तिवारी, राम निवास चौबे, पूर्व सभासद अशोक चौरसिया, पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रदीप चौधरी, राजन शुक्ला, अरविंद यादव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# प्रभारी मंत्री ने खीरी थाने का किया निरीक्षण

> निरीक्षण में आल इस वेल मिला थाना, प्रभारी मंत्री ने की एसएचओ हेमंत राय की सराहना

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



जिले के प्रभारी मंत्री, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आबकारी एवं मद्य निषेध विभाग, उप्र नितिन अग्रवाल गुरुवार को अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार जनपद लखीमपुर खीरी पहुंचे, जहां डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया।

प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, एएसपी नेपाल सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह के साथ सर्वप्रथम थाना खीरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पूरे थाना परिसर, लॉकअप, मालखाने, मेंस, महिला सुरक्षा डेस्क तथा सीसीटीएनएस कार्य का निरीक्षण किया। अभिलेखों का निरीक्षण कर मौके पर उपस्थित फरियादियों और नागरिकों से पुलिस की कार्य प्रणाली के बारे में जानकारी हासिल की। उन्होंने मालखाना, विवेचना डायरी, वारंट रजिस्टर आदि का बारीकी से निरीक्षण करने के साथ ही लिखा-पढ़ी करने वाले पुलिसकर्मियों से काम के दौरान होने वाली व्यावहारिक परेशानी के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था को लेकर अफसरों के साथ विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा कर जरूरी दिशा निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने खीरी थाने की चाक चौबंद व्यवस्था देखकर प्रभारी निरीक्षक हेमंत राय की सराहना की तथा संतुष्ट दिखाई पड़े। प्रभारी मंत्री ने सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने गरीब असहाय गरीब असहाय को न्याय दिलाने की बात कही।

### पांच नफर वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**संसारपुर खीरी।** मैलानी थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह के नेतृत्व में वांछित/वारंटी व अभ्यस्त अपराधियों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान के तहत नफर एनबीडब्ल्यू वारन्टी अभियुक्त, रविन्द्र पुत्र चैतु निवासी, सुरजनपुर, शारदा पुत्र जग्गन निवासी उजागरपुर थाना मैलानी, रणधीर पुत्र हंसराम निवासी ऊचांखेड़ा थाना मैलानी, रामपाल पुत्र नेतराम नि. ऊचांखेड़ा थाना मैलानी भरत पुत्र बाबूराम निवासी संसारपुर थाना मैलानी को मैलानी पुलिस फोर्स द्वारा गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में, मोहित पुण्डीर चोकी प्रभारी संसारपुर, उप निरीक्षक प्रेमचन्द सिंह थाना मैलानी, उप निरीक्षक यूटी हिमांशु थाना मैलानी ,हेड कांस्टेबल श्याम कुमार वर्मा, देवेन्द्र शर्मा, कांस्टेबल योगेंद्र सैनी, अरुण कुमार मौजूद रहे।

### कार व बुलेट बाइक की टक्कर में बाइक सवार चाचा भतीजे की मौत

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** गोला अलीगंज मार्ग पर कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रुप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कंजा निवासी रामलाल के 50 वर्षीय पुत्र अनिल कुमार और चंद्रशेखर का 34 वर्षीय बेटा मनोज कुमार के साथ बुलेट बाइक से कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भदेड़ अपनी बेटी के यहां गए थे। अनिल और मनोज आपस में चाचा भतीजे बताए जा रहे हैं। बुधवार की शाम दोनों भदेड़ से वापस लौट रहे थे कि अलीगंज रोड पर एक ईंट भटठे के निकट बाइक कार से टकरा गई। जिसमें दोनों गंभीर घायल हो गए। दोनों को सीएचसी में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कार चालक वाहन छोड़कर मौके से भाग निकला। पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है।

**करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन...**

## सेवायोजन कार्यालय द्वारा छात्रों को सरकारी, प्राइवेट व टेक्निकल करियर की दी गई जानकारी

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा गुरु नानक विद्यक सभा इंटर कॉलेज में एक करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को विभिन्न करियर विकल्पों की जानकारी प्रदान करना और उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति मार्गदर्शन देना था।

कार्यक्रम की शुरुआत जिला सेवायोजन कार्यालय के वरिष्ठ अनुदेशक राजेश कुमार द्वारा की गई, जिन्होंने सरकारी नौकरियों के विभिन्न अवसरों और उनसे जुड़ी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी साथ ही, उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं में पूछे जाने वाले रीजनिंग के प्रश्नों को हल करने की प्रभावी ट्रिक्स भी छात्रों के साथ साझा कीं। इसके बाद एमसीसी के काउंसलर विवेक एम यादव ने प्राइवेट नौकरियों के अवसरों पर प्रकाश डाला और आज के डिजिटल युग में कंप्यूटर शिक्षा के महत्व को समझाया। उन्होंने छात्रों को विभिन्न आईटी और सॉफ्ट स्किल्स से जुड़ी जानकारी दी, जिससे वे निजी क्षेत्र में बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम में संगीत विशेषज्ञ डॉ. रुचि गुप्ता ने संगीत के क्षेत्र में करियर बनाने की संभावनाओं पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि संगीत न केवल एक कला है, बल्कि इसमें अनेक करियर विकल्प भी उपलब्ध हैं, जिनमें शिक्षण, गायन, वादन और म्यूजिक प्रोडक्शन शामिल हैं। इसके अलावा, पूर्व जिला कौशल विकास समन्वयक एवं फोरमैन, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान लखीमपुर खीरी, श्री अनूप सिंह ने शिक्षा और हुनर के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि शिक्षा और हुनर एक पक्षी के दो पंख हैं। जिस प्रकार पक्षी अपने दोनों पंखों का उपयोग करके आकाश की ऊंचाइयों को छूता है, उसी प्रकार छात्र भी शिक्षा के साथ अपनी पसंदीदा स्किल्स को विकसित करके सफलता की ऊंचाइयों को छू सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का युग है, जिसमें पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ तकनीकी और व्यावसायिक कौशल भी आवश्यक हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्या ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया और छात्रों को इस ज्ञानवर्धक सत्र का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम ने छात्रों को विभिन्न करियर विकल्पों की गहन जानकारी प्रदान की और उन्हें अपने भविष्य की दिशा निर्धारित करने में सहायता की।

## एक सप्ताह से लापता युवक का रजवहा माइनर में मिला शव

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



> रजबहा माइनर में शव मिला है। जिसकी पहचान मड़रिया निवासी तीरथ राम के रूप में हुई है । प्रथम दृष्टया पानी में डुबने से मौत हुई है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।
>
> -अश्विनी विश्वकर्मा, क्राइम इंस्पेक्टर

एक सप्ताह पूर्व घर से लापता हुए युवक का शव सीतापुर रजबहा प्रखंड द्वितीय माइनर मे टिकरिया गांव के पास नहर किनारे खेल रहे बच्चों ने उतराता देखकर ग्रामीणों को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे परिजन व मितौली क्राइम इंस्पेक्टर अश्विनी विश्वकर्मा ने शव को रजबहा माइनर से निकलवाया। शव शिनाख्त होने पर पंचनामा भरकर पोस्मार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। मितौली क्षेत्र के ग्राम मड़रिया निवासी मृतक तीरथ राम पुत्र गंगाराम उम्र 40 वर्ष कस्बा भीखमपुर में बाल कटिंग की दूकान चलाता है । शुक्रवार शाम दुकान बंद कर घर पहुंचा। अपनी पुत्री नैना को घर का सामान देकर घर से लापता हो गया। परिजनों ने सीतापुर नहर व खेत खलिहान से लेकर रिस्तेदारी में काफी खोजबीन की। जानकारी न मिलने पर परिजनों द्वारा युवक की गुमशुदगी थाना मितौली में 31 जनवरी को गुमशुदगी दर्ज कराई। मितौली पुलिस द्वारा गुमशुदा युवक का फोटो तथा प्रपत्र भी चस्पा कराए गए थे ।सुबह रजबहा माइनर किनारे के गांव टिकरिया के पास बच्चों द्वारा माइनर में शव उतराता देखकर ग्रामीणों को सुचना दी। ग्रामीणों ने मड़रिया परिजनों व मितौली पुलिस को नहर में शव मिलने की सूचना मौके पर पहुंची मितौली थाना प्रभारी राजू राव, कस्ता चौकी प्रभारी प्रशांत श्रीवास्तव ने अपने हमराहियों के साथ घटनास्थल पर जाकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है।

**नाबालिग पुत्री से माता की मौत के बाद पिता का उठा सहारा, हुई बे सहारा:** मड़रिय निवासी स्वर्गीय गंगाराम के सात पुत्र में मृतक तीरथ राम श्रीवास्तव छठे नम्बर पर है। बड़े भाई सेवाराम की मौत के बाद चन्द्रभाल, राम-लखन, रोहन, हरीराम व सबसे छोटा भाई तोताराम है। मृतक तीरथ राम की पत्नी की मौत पांच साल पहले बिमारी के चलते मौत हो गई थी। एक मात्र पुत्र नैना उम्र 12 है जिसका लालन पालन स्यय करता था।नाबालिग नैना से माता की मौत के बाद एक मात्र पिता सहारा थे। पिता की मौत से वह भी सहारा टूट गया।

## टूर से लौटे बच्चों के स्कूल न पहुंचने पर स्कूल प्रशासन ने बच्चों को किया पांच दिन को सस्पेंड

> भाजपा पूर्व अध्यक्ष सौरभ गुप्ता ने प्रेस वार्ता कर कालेज प्रशासन की उडाई धज्जी, शिक्षा विभाग से शिकायत के बाद बैकफुट पर आया स्कूल प्रशासन

**मोहम्मदी, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।** भारी भरकम फीस वसूली के बाद टूर के नाम पर बच्चों को बाहर भेजने पर भी बच्चों के अभिभावकों से शुल्क वसूली करने वाले उमा देवी चिल्डेंस एकेडमी ने टूर पर गए बच्चों के अगले दिन स्कूल न पहुंचने पर तुगलकी फरमान जारी कर पांच दिन क लिए सस्पेशन कर दिया। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष के मामले को गंभीरता से लेने पर स्कूल प्रशासन ने अपना फरमान तो वापस ले लिया। लेकिन साथ ही सवाल उठा दिया कि आखिर टूर से लौटने के बाद थके हारे छोटे नन्हे मुन्ने बच्चों के स्कूल न पहुंचने पर कालेज प्रशासन ने उनका सस्पेशन कर आखिर किस मानसिकता का परिचय दिया। स्कूल की ओर से भेजे गए कक्षा सात के बच्चों का एक टूर स्कूल प्रशासन की ओर से बच्चों को तमाम अन्य जानकारियों से अवगत कराने के लिए लखनऊ भेजा गया। इसके बाद टूर के बच्चों को वापस लौटने के बाद अगले दिन कालेज नहीं पहुंचने पर कालेज प्रशासन ने तुगलकी फरमान जारी कर दिया। और ऐसे बच्चे जो अगले दिन स्कूल नहीं पहुंचे उनके लिए सजा के तौर पर पांच दिन के लिए स्कूल से सस्पेड कर दिया। स्कूल की इस मनमर्जी को लेकर तमाम अभिभावकों ने कालेज प्रशासन से बात करने पर संतोष जनक जबाब नहीं दिया गया। इसी बीच एक अभिभावक सौरभ गुप्ता ने प्रेस कांफ्रेस कर कालेज प्रशासन की कडी आलोचना करते हुए उच्चाधिकारियों से शिकायत की। बता दें कि उमा देवी चिल्डेंस एकेडमी प्रशासन की ओर से करीब दो सौ बच्चों को स्कूल की बसों से लखनऊ सांइस सिटी, चिडियाघर आदि के संबंध में प्रायोगिक जानकारी देने के लिए टूर भेजा गया था। जिसका कालेज प्रशासन द्वारा प्रति बच्चा एक हजार रुपये का शुल्क वसूला गया। टूर के बच्चे देर रात करीब साढे बारह बजे के आस पास मोहम्मदी पहुंचे जहां से उनके परिवारजन बरबर चौराहे से अपने अपने बच्चों को घर ले गए। घर पहुंचते पहुंचते एक बज गया। नतीजतन सुबह थके हारे होने के कारण बच्चे सो गए। साथ ही अभिभावकां ने भी बच्चों को स्कूल भेजना उपयुक्त नहीं समझा। इधर बच्चों को लेने के लिए करीब सवा सात बजे पहुंची स्कूली वैन से बच्चे सोकर उठ नहीं पाने के कारण स्कूल नहीं जा सके। नतीजतन स्कूल प्रशासन ने तुगलकी फरमान जारी करते हुए ऐसे बच्चों को पांच पांच दिन के लिए बतौर सजा स्कूल आने से मनाही करते हुए सस्पेड कर दिया। जिससे अभिभावकां का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। अभिभावकों का आरोप है कि इस संबंध मे स्कूल प्रशासन से बात करने पर संतोषजनक जबाब नही दिया गया और बच्चों को स्कूल आने से मनाही कर दी गई। मामला उस समय तूल पकड गया। जब भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सौरभ गुप्ता ने प्रेस वार्ता करते हुए पत्रकारों से बताया कि उनकी बेटी परिधि गुप्ता उमादेवी चिल्डेस एकेडमी कक्षा सात में पढती है। टूर से लौटने के बाद थके होने के कारण सुबह देर से उठी और स्कूल नहीं जा सकी। जिस पर कालेज प्रशासन ने बतौर सजा के मुकर्रर करते हुए पांच दिनों के लिए सस्पेड कर दिया। इसे लेकर उन्होंने शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों से शिकायत की। जिस पर कालेज प्रशासन ने बच्चों का सस्पेशन वापस ले लिया।

> मुझे शिकायत मिली थी कि बच्चे लेट आए हैं उसके बाद स्कूल ने उनको सस्पेंड कर दिया। मैने विद्यालय के प्रिंसिपल से बात की और कहा कि आप अपना सस्पेंशन वापस लीजिए बच्चों के साथ गलत नहीं होना चाहिए जिसके बाद उन्होंने बात मान ली और सस्पेंशन कैंसल कर दी।
>
> **डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक, लखीमपुर खीरी**

### प्रदेश में पीडीए की भागीदारी वाली सरकार की जरूरत

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** पूर्व विधायक विनय तिवारी के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र में सेक्टर स्तरीय पीडीए जनपंचायत कार्यक्रमों का आयोजन जारी है। जिसमें पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का काम हो रहा है। बुधवार को पूर्व विधायक विनय तिवारी ने अपने तमाम साथियों के साथ ग्राम बस्तौली में पीडीए जनपंचायत को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को 2027में पीडीए की भागीदारी वाली सरकार बनाने का आवाहन किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष विजय पाठक, विधानसभा अध्यक्ष शेरसिंह यादव, युवजन सभा प्रदेश सचिव प्रभात गुप्ता, जोन प्रभारी बबलू दीक्षित, मानिक मिश्रा, सेक्टर प्रभारी देशबंधु बाजपेई, हरीश कुमार भार्गव, राजकिशोर गौतम सहित तमाम कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## भगवान श्री चित्रगुप्त द्वार निर्माण की पहल, विधायक योगेश ने दिए निर्देश

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

भगवान श्री चित्रगुप्त न केवल कायस्थ समाज के आराध्य देव हैं, बल्कि भारतीय सनातन संस्कृति के सत्य, न्याय और कर्म के अद्वितीय प्रतीक भी हैं। उनकी पूजा पूरे देश में श्रद्धा और आस्था के साथ की जाती है। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए, श्री चित्रगुप्त कायस्थ सभा (रजि.) लखीमपुर खीरी के एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर में भगवान श्री चित्रगुप्त द्वार के निर्माण हेतु सदर विधायक योगेश वर्मा से भेंट की और एक औपचारिक अनुरोध पत्र सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल में सभा के मुख्य संरक्षक राजीव रतन खरे, संरक्षक शशिकांत श्रीवास्तव, अध्यक्ष डॉ. ओ.पी. श्रीवास्तव, महामंत्री अनूप सिंह, कोषाध्यक्ष लोकेंद्र श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष प्रदीप सक्सेना मुकेश एवं अनीता निगम, नितिन श्रीवास्तव रीना अस्थाना, साहिल निगम सहित कायस्थ समाज के अन्य प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे। सभा ने निवेदन किया कि लखीमपुर खीरी में गढ़ी रोड स्थित किसी उपयुक्त स्थान पर पारंपरिक भारतीय स्थापत्य शैली में यह द्वार बनाया जाए, जिससे यह नगर की सांस्कृतिक धरोहर को सशक्त करने के साथ ही नागरिकों और पर्यटकों के लिए आस्था व प्रेरणा का केंद्र बने।



**विधायक योगेश वर्मा ने त्वरित कार्रवाई कर दिए निर्माण के निर्देश:** विधायक योगेश वर्मा ने अपनी कार्यशैली के अनुरूप इस प्रस्ताव पर तुरंत संज्ञान लिया और संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों एवं अभियंताओं से वार्ता कर भगवान श्री चित्रगुप्त द्वार के निर्माण हेतु आवश्यक निर्देश जारी किए। उन्होंने आश्वस्त किया कि यह भव्य और दिव्य द्वार शीघ्र ही तैयार होकर होली मिलन कार्यक्रम से पहले कायस्थ समाज को समर्पित किया जाएगा।

## बीडीओ बनते ही छात्रा का खिल उठा चेहरा



**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।** ब्लॉक परिसर मितौली में मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित महिला सशक्तीकरण कार्यक्रम के तहत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी व जिला समन्वयक बालिका शिक्षा रेनू श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में व खंड शिक्षा अधिकारी मितौली भगवान राव के कुशल नेतृत्व में कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय कस्ता की छात्रा रीतू को एक दिन का खंड विकास अधिकारी मितौली बनाया गया। महिलाओं में बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति विशेष अभियान के तहत ब्लाक नोडल बालिका शिक्षा सलीम अहमद की अगवाई में छात्रा को ब्लॉक परिसर में ले जाकर कार्यक्रम को संचालित कराया गया। खंड विकास अधिकारी मितौली अमित सिंह परिहार ने बालिका को कार्यभार ग्रहण कराया बालिका का स्वागत किया। खण्ड विकास अधिकारी की कुर्सी पर बैठकर रीतू ने सर्वप्रथम मौजूद स्टाफ का परिचय प्राप्त किया व उनको उनकी जिम्मेदारीयों को ईमानदारी पूर्वक निर्वाहन करने हेतु प्रेरित किया व इसके पश्चात विकास खंड के कार्यों का संचालन भी किया। विकास खंड से आए फरियादियों की समस्याएं सुनी। कार्यालय पहुंचने पर खण्ड विकास अधिकारी अमित सिंह परिहार ने शिक्षकों व छात्रा का स्वागत किया। कुर्सी पर बैठी छात्रा बड़ी प्रसन्न व आत्मविश्वास से भरी हुई नज़र आई द्य खण्ड विकास अधिकारी अमित सिंह परिहार ने छात्रा को पढ़ लिखकर शीर्ष पद पर सुशोभित होने की शुभकामनाएं दी।

## सराहनीय है अयोध्या प्रीमियर लीग का क्रिकेट की नई पौध को निखारने का प्रयास: सैय्यद सलीम

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़।**



खेल जगत में क्रिकेट के प्रति पूर्ण रूप से निःस्वार्थ समर्पित अयोध्या प्रीमियर लीग नई पौध के लिए किसी पाठशाला से कम नहीं है। इस पाठशाला के आंगन से गुजरे न जाने कितने खिलाड़ी आज जिले व प्रदेश का नाम रौशन कर रहे हैं। जिले में एक बार फिर अयोध्या प्रीमियर लीग के तत्वावधान में क्रिकेट की नई पौध के कोहिनूरों को निखारने का प्रयास किया जा रहा है,जो न केवल सराहनीय है बल्कि इस प्रयास के लिए अयोध्या प्रीमियर लीग के सभी पदाधिकारी बधाई के पात्र हैं।गुरुवार को यह बातें शहर के एक होटल में आयोजित स्व. राकेश चंद्र कपूर उर्फ पल्लू भइया मेमोरियल अयोध्या प्रीमियर लीग सीजन-10 की ट्रॉफी के अनावरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रतियोगिता के प्रायोजक अयोध्या मार्बल के मलिक सैय्यद सलीम ने कही। प्रतियोगिता की रूपरेखा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए अयोध्या प्रीमियर लीग के फाउंडर सैय्यद सुभानी ने बताया कि डॉ भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित होने वाली इस नौ दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 10 फरवरी से प्रारंभ होगा जो 18 फरवरी तक चलेगा। इस प्रतियोगिता में कुल बारह टीमें प्रतिभाग करेंगी जिसमें छह टीमें स्थानीय है तथा छह टीमें बाहर की है।उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल 19 मैच खेले जाएंगे।बेस्ट बैटर व बॉलर को 21 हजार, विनर को 61 हजार,रनर को 41 हजार तथा मैन ऑफ द सीरीज पाने वाले खिलाड़ी को 5,100 रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा।समारोह को संबोधित करते हुए क्रिकेट के खेल में अंपायर के रूप में अपनी अलग पहचान बना चुके अपने समय के नामचीन खिलाड़ी सैय्यद आसिफ ने अयोध्या प्रीमियर लीग की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल के दौरान खिलाड़ियों के बीच प्रतिस्पर्धा आवश्यक है क्योंकि प्रतिस्पर्धा खिलाड़ियों कि आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करती है। प्रतियोगिता के आयोजन सचिव सुप्रीत कपूर ने कहा कि खेल, खिलाड़ियों में सद्भाव का विकास करता है। संरक्षक रोहित अग्रवाल ने पूर्व की भांति आयोजन को पूर्ण सहयोग व समर्थन देने की बात कही। आयोजन अध्यक्ष दीपेंद्र श्रीवास्तव ने प्रतियोगिता की तमाम तैयारियों के बारे में जानकारी दी।समारोह को दीपू मिश्रा सहित कई अन्य लोगों ने भी संबोधित करते हुए अयोध्या प्रीमियर लीग की उपलब्धियों के साथ आयोजन की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। इस मौके पर मुख्य रूप से विवेक साहू, अमित श्रीवास्तव, गगन जायसवाल, अंकुश गुप्ता व स्वप्निल रस्तोगी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# राही पर्यटक आवास को पीपीपी मॉडल पर देने का हुआ एग्रीमेंट

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह की उपस्थिति में आज उनके आवास पर पर्यटन विभाग के एक राही पर्यटक आवास गृह खुर्जा बुलन्दशहर, को पीपीपी मोड पर संचालित करने के लिए एग्रीमेंट किया गया। 09 और सम्पत्तियों के लिए भी शीघ्र समझौता किया जायेगा, जबकि 11 सम्पत्तियां पूर्व में ही पीपीपी मोड पर दी जा चुकी है। इन समझौतों से सकारात्मक परिणाम आयेगा।

एग्रीमेंट के पश्चात जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यटन के प्रति बढ़ते आकर्षण के कारण यूपी पर्यटन के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने जा रहा है। इसको देखते हुए पुराने एवं जीर्णशीर्ण राही पर्यटक आवासों को पीपीपी मोड पर हस्तान्तरित कर संचालित करने के लिए दिया जा रहा है। अपनी गौरवशाली संस्कृति, ऐतिहासिक एवं पौराणिक महत्व एवं धार्मिक विरासतों तथा समृद्ध प्राकृतिक वन संपदा के चलते पर्यटन के क्षेत्र में निवेश आकर्षित हो रहा है, जिससे रोजगार के अवसर तथा प्रदेश की अर्थव्यवस्था में भी योगदान सम्भव हो रहा है। पहले चरण में कैबिनेट से स्वीकृत 11 राही पर्यटक आवास गृहों को पीपीपी मोड पर दिया जा चुका है। द्वितीय चरण में स्वीकृत चार राही पर्यटक आवास गृहों की स्वीकृति मिली थी, जिसमें राही पर्यटक आवास गृह खुर्जा, बुलंदशहर का आज श्री कृष्णा कांट्रैक्टर्स के



घाटे में चल रहे आवासों को जनपयोगी बनाकर पर्यटकों खातिर उच्चस्तरीय सुविधायें विकसित की जायेगी : जयवीर सिंह

साथ एग्रीमेंट हुआ है। शेष तीन राही पर्यटक आवास गृह भदोही, राही पर्यटक आवास गृह मुंशीगंज अमेठी तथा राही पर्यटक आवास गृह देवा शरीफ बाराबंकी का शीघ्र एग्रीमेंट होगा। तृतीय चरण में राही पर्यटक आवास गृह सुमेर सिंह किला इटावा राही पर्यटक आवास गृह कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर राही पर्यटक आवास गृह शिकोहाबाद फिरोजाबाद विन्ध्याचल मीरजापुर झील महल रेस्टोरेंट मऊ व गोपीगंज भदोही को पीपीपी पर देने के लिए बुधवार को कैबिनेट ने स्वीकृति दी है। शीघ्र इनका एग्रीमेंट किया जाएगा। कैबिनेट ने राही पर्यटक आवास गृह बस्ती और वृंदावन की निविदा आमंत्रित करने पर अपनी मुहर लगा दी है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्राचीन धरोहर भवनों एडाप्टिव रियूज के अंतर्गत 13 इकाइयों को पीपीपी पर देने के लिए कैबिनेट ने स्वीकृति दी है। इसमें बालबेहट फोर्ट ललितपुर, टहरौली फोर्ट झांसी, सीताराम महल कोटवन किला मथुरा, रघुनाथ राव महल झांसी, वजीरगंज की बारादरी गोंडा, आलमबाग भवन लखनऊ, सेनापति महल कुलपहाड़ महोबा, कोठी गुलिस्तान-ए-इरम दर्शन विलास लखनऊ, टिकैत राय बारादरी कानपुर नगर, मस्तानी महल महोबा, भूरागढ़ फोर्ट बांदा, रनगढ़ फोर्ट बांदा और लेक पैलेस तालकोठी चरखारी महोबा शामिल है। देश में पर्यटन उद्योग का परिदृश्य निरंतर बदल रहा है। इकाईयों के निर्माण एवं संचालन में प्रशिक्षित विशेषज्ञ संस्थाओं की आवश्यकता है, जिनका निर्माण एवं संचालन विशेषज्ञ संस्थाओं निजी निवेशकों द्वारा कराया जाना पर्यटन के दृष्टिकोण से लाभकारी एवं लोकप्रिय होगा। इससे पर्यटन उद्योग से जुड़े हुए व्यवसायियों एवं सेवा प्रदाताओं का आर्थिक उन्नयन होगा।

## पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग आठ को महाकुम्भ में करेगा महा बैठक

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश का पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग आठ फरवरी को महाकुंभ में बैठक करेगा जिसमें प्रदेश में पशुधन, डेयरी उद्योग और गोशालाओं के विकास पर बड़े निर्णय लिए जाएंगे।

अधिकृत सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि सरकार का लक्ष्य पशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करना, गोमूत्र के व्यावसायिक उपयोग को बढ़ावा देना और दुग्ध उत्पादन को दोगुना करना है। 8 फरवरी को महाकुम्भ नगर में होने वाली बैठक में डेयरी पॉलिसी 2022 में बदलाव, पशु अस्पतालों की 24 घंटे उपलब्धता और दुग्ध संघों को मजबूत करने जैसे मुद्दों पर चर्चा की संभावना है। इस बैठक के बाद कैबिनेट में इन प्रस्तावों को अंतिम मंजूरी के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। सरकार के इन प्रयासों से न केवल पशुधन क्षेत्र का विकास होगा, बल्कि डेयरी उद्योग को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त होगा।

योगी सरकार पशु स्वास्थ्य सेवाओं को उन्नत करने के लिए प्रदेश के सभी जिलों में पशु अस्पतालों को 24 घंटे संचालित करने की योजना बना रही है। बैठक में इस पर मुहर लगने की भी संभावना है। फिलहाल, पशु एंबुलेंस सेवा सुबह से शाम तक ही उपलब्ध है, लेकिन अब सरकार इसे रात्रिकालीन सेवा के साथ 24 घंटे सक्रिय रखने पर काम कर रही है।



### लखनऊ महानगर कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी का जन्मदिन

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी का जन्म दिवस लखनऊ महानगर कार्यकर्ताओं द्वारा धूमधाम से मनाया गया। प्रातः सुजानपुरा आलमबाग स्थित कार्यालय पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओ और पदाधिकारीयों ने पहुंचकर महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी को पुष्प गुच्छ और अंग वस्त्र भेंट कर उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु होने की कामना की। जन्मदिन के अवसर पर 51 किलो बूंदी के लड्डू का केक भी काटा गया। अपराह्न महानगर अध्यक्ष केसरबाग स्थित कार्यालय पहुंचे जहां बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया। विभिन्न सामाजिक और व्यापारिक संस्थाओं व संगठनोंके प्रतिनिधियों ने अपने लोकप्रिय नेता को जन्मदिन के अवसर पर पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंट किए। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, वरिष्ठ नेता नीरज सिंह, एमएलसी मुकेश शर्मा, विधायक डॉक्टर नीरज बोरा, ओपी श्रीवास्तव, योगेश शुक्ला, राजेश्वर सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, अंजनी श्रीवास्तव रजनीश गुप्ता सहित वरिष्ठ पदाधिकारी ने भी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अवध क्षेत्र के सह मीडिया प्रभारी दीपक तिवारी पार्षद प्रतिनिधि ने महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी और कहा कि महानगर अध्यक्ष के संरक्षण में भारतीय जनता पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का काम करेंगे।

## बिजली कर्मियों का प्रदेश व्यापी विरोध प्रदर्शन जारी

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।




प्रदेश के समस्त जिलों एवं परियोजना मुख्यालयों पर बिजली कर्मियों का विरोध प्रदर्शन आज भी जारी रहा। संघर्ष समिति ने पॉवर कारपोरेशन प्रबन्धन पर ऊर्जा निगमों में औद्योगिक अशान्ति का वातावरण बनाने का आरोप लगाते हुए मांग की है कि हटाये गये समस्त संविदा कर्मियों को तत्काल नौकरी में वापस लिया जाये और हटाये जाने का आदेश निरस्त किया जाये। पदाधिकारियों ने कहा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के पहले संविदा कर्मियों को हटाकर भय का वातावरण बनाया जा रहा है जो ऊर्जा निगमों की स्वस्थ्य कार्य प्रणाली पर विपरती प्रभाव डाल रहा है।

उन्होंने कहा कि निजीकरण के बाद दिल्ली में एक साल के अन्दर-अन्दर लगभग 50 प्रतिशत कर्मचारियों को वीआरएस लेने के लिए मजबूर कर दिया गया था। इसी प्रकार 1 फरवरी को चंडीगढ़ विद्युत विभाग का निजीकरण करने के पहले 200 से अधिक बिजली कर्मियों को वीआरएस लेने के लिए बाध्य किया गया। यह संख्या कुल बिजली कर्मियों की संख्या का लगभग आधा है। संघर्ष समिति ने कहा कि उप्र में भी इसी तर्ज पर निजीकरण के पहले संविदा कर्मियों को बड़े पैमाने पर हटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नियमित कर्मचारियों को भलीभांति पता है कि निजीकरण के पहले बड़े पैमाने पर नियमित कर्मचारियों को भी हटाया जायेगा अथवा उन्हें वीआरएस लेने के लिए मजबूर किया जायेगा। संघर्ष समिति ने कहा कि अकेले पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम में लगभग 50 हजार संविदा कर्मियों और 26 हजार नियमित कर्मचारियों पर छंटनी की तलवार लटकी हुई है। संघर्ष समिति ने कहा कि बिजली कर्मी किसी भी कीमत पर निजीकरण स्वीकार नहीं करेंगे। निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मी निर्णायक संघर्ष के लिए तैयार है। विरोध प्रदर्शन का कार्यक्रम आज भी जारी रहेगा।

## मिल्कीपुर में उपचुनाव नहीं हुआ निष्पक्ष : अखिलेश यादव

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



उत्तर प्रदेश के मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर अब आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रशासन पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि मिल्कीपुर में उपचुनाव निष्पक्ष नहीं हुआ है।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए कहा, अगर चुनाव आयोग सख्त कार्रवाई करता तो मिल्कीपुर में निष्पक्ष चुनाव हुआ होता। ये चुनाव निष्पक्ष नहीं हुआ है, इसलिए मैंने कहा है कि वह (भाजपा) बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का दिया हुआ वोटिंग का अधिकार छीनना चाहते हैं।

सभी ने देखा है कि भाजपा के लोगों ने वोट के अधिकार को भी छीन लिया है। उन्होंने प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि अयोध्या के एसएसपी राजकरन नय्यर, मिल्कीपुर के एसडीएम राजीव रतन सिंह, सीओ मिल्कीपुर श्रेयस त्रिपाठी, इनायतनगर थाना के एसओ देवेंद्र पांडेय, थाना कुमारगंज के अमरजीत सिंह, थाना खंडासा के संदीप सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक पवन तिवारी पर काफी दबाव है। इतनी सी बात है कि दबाव बहुत है और कोई भी सच नहीं बोल सकता है।

बता दें कि मिल्कीपुर विधानसभा की जनता ने उपचुनाव में अपना 2022 का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। यहां के मतदाताओं ने साल 2022 में हुए अब तक के सर्वाधिक 60.23 फीसदी मतदान को पीछे छोड़ते हुए उपचुनाव में 65.35 फीसदी मतदान किया है। इससे पहले समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मिलकर मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में धांधली को लेकर ज्ञापन सौंपा था। उन्होंने आरोप लगाया कि मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के पोलिंग एजेंटों को मतदान कक्ष से बाहर निकाला गया, पुलिस अधिकारियों द्वारा मतदाताओं की आईडी चेक की गई और दर्जनों पोलिंग स्टेशनों पर भाजपा द्वारा फर्जी वोटिंग कराया गया। आरोप ये भी है कि भाजपा नेताओं द्वारा चार पहिया वाहनों के काफिले के साथ निर्वाचन क्षेत्र में घूम-घूम कर चुनाव को प्रभावित किया गया है।

## खबरें एक नजर में

### अजय राय ने अयोध्या पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात कर परिजनों को दी सांत्वना



**लखनऊ।** अयोध्या जनपद में दलित युवती की हुई जघन्य हत्या के मामले में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने गुरुवार को अयोध्या पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की एवं शोक संवेदना व्यक्त करते हुए पीड़ित परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि घटना बहुत ही दुखद है, इसकी जितनी भी निंदा की जाए वह बहुत कम है। इस दु:खद घटना से हम सभी लोग दुखी हैं और दुख की इस घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ हैं और न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होने कहा कि आरोपियों को फांसी की सजा मिलनी चाहिए। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के साथ प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष आलोक प्रसाद, जिला कांग्रेस कमेटी अयोध्या के अध्यक्ष अखिलेश यादव, राजेंद्र सिंह, महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल, महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष रेनू राय, मोहम्मद आमिर, कृष्ण वर्मा के अलावा कई पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### ई-लॉटरी द्वारा होगा शराब की दुकानों का लाइसेंस

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने 2025-26 की आबकारी नीति को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बुधवार देर शाम यहां मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय को मंजूरी प्रदान की गयी। लोक भवन में गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने बताया कि इस नीति के तहत शराब की दुकानों का लाइसेंस अब ई-लॉटरी द्वारा दिया जाएगा और इस बार पुराने लाइसेंस का रिन्यूवल नहीं किया जाएगा। हालांकि, 2026-27 में लाइसेंस रिन्यूवल का विकल्प दिया जाएगा। इसके अलावा, सरकार ने 55 हजार करोड़ रुपये का राजस्व जुटाने का लक्ष्य तय किया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष से 4000 करोड़ रुपये अधिक है। उन्होने बताया कि नई नीति में यह भी प्रावधान किया गया है कि कोई भी व्यक्ति, फर्म या कंपनी दो से अधिक लाइसेंस नहीं ले सकेंगी। इसके अलावा, अब से विदेशी मदिरा 60 और 90 मिलीलीटर के पैक में भी उपलब्ध होगी, जो पहले नहीं थी। इसके अलावा मंत्रिमंडल ने यूपी 112 के निर्बाध संचालन के लिए कैबिनेट ने 469 पुराने वाहनों की जगह 469 नए वाहनों का अनुमोदन प्रस्ताव मंजूर कर लिया। इसके लिए 43 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि खर्च की जाएगी। इसमें चार पहिया वाहनों के साथ-साथ दो पहिया वाहनों की भी खरीद की जाएगी।

### दारुलशफा में नगर निगम और पुलिस ने सालों पुराने अवैध कब्जे को किया ध्वस्त

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के दारुलशफा परिसर में अवैध अतिक्रमण के खिलाफबड़ी कार्रवाई शुरू हो गई है। राज्य संपत्ति विभाग की टीम पुलिस और नगर निगम के साथ मिलकर सालों से चल रहे अवैध निर्माण को ध्वस्त कर रही है। विधायक आवास परिसर में सड़क किनारे बनी 17 अस्थायी दुकानों और मकानों पर बुलडोजर चलाया गया। कार्यवाही के दौरान हजरतगंज पुलिस फोर्स और नगर निगम की टीम तैनात रही। राज्य संपत्ति अधिकारी के आदेश पर की जा रही इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि ये दुकानें और निर्माण लंबे समय से अवैध रूप से संचालित हो रहे थे। प्रशासन का कहना है कि अतिक्रमण हटाने की यह प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी और सार्वजनिक परिसरों में अवैध कब्जों को सख्ती से हटाया जाएगा।

## रेलवे सुरक्षा बल ने दर्शायी अनुकरणीय-उल्लेखनीय कार्यशैली

यात्रियों के जानमाल की सुरक्षा के साथ कर रहे यात्रियों की सहायता

समृद्धि न्यूज, समृद्धि न्यूज।

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल द्वारा महाकुंभ के अंतर्गत की जाने वाली तैयारियों के क्रम में यात्रियों की जानमाल की सुरक्षा के विषय में अपनी सशक्त भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं।

मंडल रेलवे सुरक्षा बल विभाग के 1523 कर्मचारी प्रयाग जंक्शन, फाफामऊ जंक्शन एवं प्रयागराज संगम स्टेशनों पर कार्य कर रहे हैं। मंडल रेल प्रबंधक एस.एम.शर्मा के कुशल दिशा-निर्देशन एवं वरिष्ठ मंडल सुरक्षा अधिकारी देवांश शुक्ला ने नेतृत्व में इन स्टेशनों पर निरंतर 24 घंटे कार्य करते हुए ये कर्मचारी रेलयात्रियों एवं आने जाने वाले पर्यटकों की जानमाल की सुरक्षा पूरी प्रतिबद्धता और अनुशासन से कर रहे हैं। इन स्टेशनों पर यात्रियों के सामान एवं संदिग्धों की धर पकड़ के लिए 3 डॉग स्क्वायड और उनके 6 हैंडलर भी कार्य कर रहे हैं, ताकि किसी भी अप्रिय घटना पर अंकुश लगाया जा सके और संदिग्ध व्यक्तियों और अनाधिकृत सामान की पहचान की जा सके।



अपनी अनुकरणीय कार्य शैली के चलते जहां एक ओर रेलवे सुरक्षा बल के ये कर्मचारी यात्री सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण कार्य को बखूबी कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर अपनी ड्यूटी के दौरान वह भीड़ प्रबंधन एवं यात्री सहायता का कार्य भी अत्यंत कुशलता से करते हैं। उल्लेखनीय है कि कार्य के दौरान रेलवे सुरक्षा बल के इन कर्मियों द्वारा प्रयाग जं. एवं फाफामऊ जं. स्टेशन पर अपने परिवार से बिछुड़े 08 व्यक्तियों को पुनः इनके परिजनों से मिलवाने का अत्यंत सुंदर कार्य किया गया। महाकुंभ के तहत यात्रियों के पलट प्रवाह को देखते हुए अयोध्या एवं वाराणसी पर स्थित मंडल के स्टेशनों पर भी 556 रेलवे सुरक्षा बल के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिनके द्वारा यात्री सुरक्षा एवं सुविधा, भीड़ तथा यात्री प्रबंधन के कार्यों को भली भांति संपन्न किया जा रहा है।



### गणतंत्र दिवस शिविर से लौटे एनसीसी कैडेटों को राज्यपाल ने किया सम्मानित

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** गणतंत्र दिवस परेड-2025 एनसीसी दल के दिल्ली से लौटने पर प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में एनसीसी कैडेटों का स्वर्ण और रजत पदक और एनसीसी इंटर ग्रुप बैनर द्वारा सम्मानित किया। बताते चलें नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस शिविर-2025 में उत्तर प्रदेश के 127 एनसीसी कैडेटों ने भाग लिया था। एनसीसी निदेशालय उत्तर प्रदेश की 14 बालिका तथा 11 बालक कैडेटों ने नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस परेड के लिए चुने गये। इस दौरान 'गार्ड ऑफ ऑनर' के लिए कुल 08 एनसीसी कैडेटों का चयन किया गया था। जिसमें सीनियर डिविजन एवं सीनियर विंग के पॉच-पॉच बालक कैडेट शामिल थे।



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** थाना बाजारखाला पर नियुक्त उ0नि0 जय कृष्ण द्विवेदी द्वारा विवेचनाओं में एसआईडी जनरेट करने में पश्चिमी जोन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। थाना बाजारखाला पुलिस द्वारा विवेचना निस्तारण अभियान के दौरान विवेचना निस्तारण प्रतिशत में द्वितीय स्थान प्राप्त किया गया। थाना बाजारखाला पुलिस द्वारा विवेचना निस्तारण अभियान के दौरान विवेचना निस्तारण मे पश्चिमी जोन में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## मोती लाल नेहरू को पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि की अर्पित

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रातः प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय की अध्यक्षता में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व.मोती लाल नेहरू की पुण्यतिथि मनायी गयी।

इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने स्व.मोतीलाल नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्व.मोतीलाल नेहरू अपने समय के प्रसिद्ध वकील थे। देश की आजादी के साथ ही आजीवन गरीब एवं कमजोर लोगों की मदद करते रहे।



कांग्रेस पार्टी के दो बार राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे और पार्टी संगठन को मजबूती देने के साथ ही देश और समाज को समृद्ध बनाने में अहम भूमिका निभाई।

### सीमांत गांधी की जयंती मनाई

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी खान अब्दुल गफ्फार खान'सरहदी गाँधी' की जयन्ती आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय की अध्यक्षता में मनायी गयी। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री राय ने स्व.खान के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि चूंकि स्व.खान का जन्म भारत के सरहद ब्लूचिस्तान में हुआ था। इसलिए वह सरहदी गांधी (सीमांत गांधी) के नाम से भारतीय राजनीति में जाने जाते हैं। देश की आजादी के आन्दोलन के लिए दिये गये उनके अप्रतिम योगदान को कभी भी बुलाया नहीं जा सकता। इस मौके पर पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला, पूर्व विधायक अमरेंद्र चन्द पाण्डेय, मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष हिन्दवी, संजय दीक्षित, संजय सिंह, विजय बहादुर, दयानन्द तिवारी, शफक खान, केडी शुक्ला, आलोक सिंह रैकवार, मो.हनीफ उर्फ कज्जन, अब्दुल्ला शेर खान आदि कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## पंजाब एंड सिंध बैंक के टेंडर प्रक्रिया में भ्रष्टाचार, पारदर्शिता पर उठे सवाल

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

पंजाब एंड सिंध बैंक के लखनऊ अलीगंज ज़ोनल ऑफिस में टेंडर प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता के अनुसार, बैंक के ज़ोनल मैनेजर सतबीर सिंह द्वारा टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता को दरकिनार कर भ्रष्ट आचरण अपनाया गया, जिससे न केवल बैंक को आर्थिक नुकसान हुआ बल्कि सरकार की जीरो टॉलरेंस फॉर करप्शन नीति की अवहेलना भी हुई।

पंजाब एण्ड सिंध बैंक
(भारत सरकार का उपक्रम)
Punjab & Sind Bank
(A Govt. of India Undertaking)

शिकायतकर्ता ने बताया कि उन्होंने बैंक के लिए अपनी दो प्रॉपर्टी (एक स्वयं के नाम और दूसरी अपने पिता के नाम) टेंडर प्रक्रिया में सम्मिलित की थीं। प्रारंभ में ज़ोनल मैनेजर ने सूचित किया कि केवल दो बिड प्राप्त हुई हैं, लेकिन बिड ओपनिंग के दिन 9 दिसंबर 2024 को यह बताया गया कि कुल पाँच बिड आई हैं।

**रिश्वत की माँग और टेंडर रद्द:-** शिकायतकर्ता के अनुसार, 27 दिसंबर 2024 को ज़ोनल मैनेजर अपनी टीम के साथ उनकी दोनों प्रॉपर्टी और अन्य टेंडर की गई जगहों का निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के बाद उन्होंने शिकायतकर्ता की एक प्रॉपर्टी को फाइनल करने की बात कही, लेकिन इसके लिए छह महीने का एडवांस किराया देने को कहा गया।

शिकायतकर्ता ने जब यह स्वीकार किया, तो ज़ोनल मैनेजर ने कथित रूप से रिश्वत की माँग की। रिश्वत देने से इनकार करने पर टेंडर को रद्द कर दिया गया और एक नया टेंडर निकाला गया, जिसमें मेन मार्केट ऑफ फर्रुखाबाद सिटी की नई शर्त जोड़ दी गई, ताकि शिकायतकर्ता की प्रॉपर्टी अयोग्य हो जाए।

### बैंक और सरकार की नीति को झटका

शिकायतकर्ता ने बताया कि उनकी प्रॉपर्टी फर्रुखाबाद हाईवे के निकट स्थित है, जहाँ एशिया की सबसे बड़ी आलू मंडी, कई कार शोरूम, ट्रांसपोर्ट नगर, चार मेडिकल कॉलेज, दो लॉ कॉलेज, छह पेट्रोल पंप और आठ कोल्ड स्टोरेज हैं। ऐसे स्थान पर बैंक की शाखा स्थापित करना बेहद लाभकारी होता, लेकिन ज़ोनल मैनेजर के कथित भ्रष्टाचार के कारण बैंक को संभावित व्यावसायिक लाभ से वंचित कर दिया गया।

### जांच और कार्रवाई की मांग

शिकायतकर्ता ने पंजाब एंड सिंध बैंक के प्रबंध निदेशक से मामले की निष्पक्ष जाँच कराने और दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की माँग की है। उन्होंने टेंडर प्रक्रिया को पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए आवश्यक सुधार करने की अपील की है।

बैंक प्रशासन की ओर से अभी तक इस मामले में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, यदि आरोप सत्य पाए जाते हैं, तो यह सरकार की भ्रष्टाचार विरोधी नीति के खिलाफ एक गंभीर चुनौती साबित हो सकता है।

## विद्युत विभाग ने शुरू किया पेड़ों की छंटाई का कार्य

बीकेटी खण्ड के जीपीआरए उपकेन्द्र के अंतर्गत में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए हो रहा काम, पोल भी हुए साफ

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विद्युत विभाग द्वारा महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। बी0के0टी0 खण्ड के जी0पी0आर0ए0 क्षेत्र में विद्युत लाइनों के नीचे लगे पेड़ों की कटाई और छटाई का कार्य शुरू किया गया।

यह कार्य अधिशासी अभियंता पंकज गुप्ता के निर्देश पर किया जा रहा है, ताकि विद्युत सप्लाई में कोई विघ्न न आये। ट्रांसफार्मरों की भी हुई चेकिंग। अधिशासी अभियंता पंकज गुप्ता ने उपकेंद्र के अधिकारियों और कर्मचारियों को विद्युत लाइनों का नियमित निरीक्षण करने के साथ ही किसी भी छोटी-बड़ी समस्या को दूर करने के निर्देश दिए हैं।



### लाइनों की सुरक्षा सुनिश्चित करना जरूरी

अवर अभियंता विशाल ने बताया कि हमारी टीम लगातार विद्युत लाइनों की जांच कर रही है और जहां भी छोटी-मोटी कमियां हैं, उन्हें दूर किया जा रहा है। पेड़ों की छटाई के साथ-साथ लाइनों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा रही है।

उन्होंने यह भी कहा कि बिजली आपूर्ति में कोई व्यवधान न हो, इसके लिए सभी संबंधित कर्मचारियों को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन तत्परता से करना होगा।

विद्युत उपकेंद्र जी0पी0आर0ए0 के कर्मचारियों द्वारा इस स्थित ट्रांसफार्मर की चेकिंग भी की जा रही है, ताकि किसी भी तकनीकी खामी को तुरंत दूर किया जा सके।

# जिलाधिकारी ने पश्चिमी वार्ड में साफ-सफाई का निरीक्षण कर दिये निर्देश





**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने प्रशासन और आम जनता के बीच संवाद को सुदृढ़ बनाने और समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए ÷नागरिक संगम÷ कार्यक्रम की शुरुआत की। बृहस्पतिवार को नगर पंचायत परसपुर ब्लॉक परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में काफी संख्या में नागरिकों ने हिस्सा लिया और अपनी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं।

**प्रमुख शिकायतों का निस्तारण और स्थलीय निरीक्षण:** नगर पंचायत परसपुर ब्लॉक परिसर में नागरिक संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने की। इस कार्यक्रम में नगर क्षेत्र के भारी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और अपनी अपनी समस्याओं को जिलाधिकारी से अवगत कराया। कोई राशनकार्ड की मांग तो कोई आवास की मांग के साथ-साथ कहीं पेंशन, बिजली की मांग जिलाधिकारी के समक्ष रखी गई। कार्यक्रम के उपरांत जिलाधिकारी ने वार्ड चमरटोलिया, मुरावन टोला पश्चिमी में मौके का निरीक्षण भी किया और तत्काल प्रभाव से वार्ड की समस्याओं को दूर किए जाने के निर्देश नगर पंचायत परसपुर को दिए। नागरिक संगम कार्यक्रम के दौरान सबसे अधिक प्रार्थना पत्र प्रधानमंत्री आवास की मांग को लेकर दिए गए, तथा कुछ प्रार्थना पत्र पेंशन विभाग से संबंधित दिये गए। नागरिक संगम कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाये।

### सफल कार्यक्रम के लिए जिलाधिकारी की पहल

नागरिक संगम के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ गंभीरता से लें और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। इस जनसंवाद कार्यक्रम में जिलाधिकारी के साथ अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत परसपुर अनुराग शुक्ल, डीएसओ, डीपीओ, कार्यक्रम, डीपीओ प्रोवेशन, जिला पिछड़ा वर्ग अधिकारी, अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। उनकी सक्रियता और समन्वय से यह कार्यक्रम सफल रहा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा की यह पहल प्रशासनिक पारदर्शिता और जनहित के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। उनकी त्वरित कार्रवाई और निर्णय लेने की क्षमता ने गोंडा में प्रशासनिक व्यवस्था को नई दिशा दी है।

### समस्याओं का मौके पर समाधान

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने व्यक्तिगत रूप से नागरिकों की शिकायतें सुनीं और कई मामलों का समाधान मौके पर ही सुनिश्चित किया। उनका यह कदम गोंडा में प्रशासन को जनता के करीब लाने और प्रशासनिक कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाने का प्रयास है। जिलाधिकारी ने कहा, सभी समस्याओं का समाधान समयबद्ध और प्रभावी तरीके से करना प्रशासन की प्राथमिकता है। स्वच्छता और जनसुविधाओं को बनाए रखना हमारा कर्तव्य है।



## श्रमिक बेटियों को वितरित किया ड्रेस-जूता

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** समाजशास्त्र विभाग की ओर से संचालित बालिका विहान आवासीय विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं को गुरुवार को ड्रेस और जूता मोजा वितरित किया। ड्रेस पाकर छात्राएं काफी खुश हुईं। लखनऊ विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग की ओर से शहर में विहान आवासीय बालिका विद्यालय में ड्रेस और अन्य सामान भेजा गया है। गुरुवार को सहायक श्रम आयुक्त सिद्धार्थ मोदयानी ने छात्राओं को ड्रेस वितरित किया। उन्होंने कहा कि छात्राएं पढ़ कर आगे बढ़े। जिससे परिवार का नाम रोशन हो सके। वार्डन प्रिया प्रसाद ने बताया कि प्रत्येक छात्रा को ड्रेस, जूता और मोजा वितरित किया गया है। इस दौरान धर्मेंद्र वर्मा, श्रद्धा रैकवार, निधि मिश्रा, प्रियंका श्रीवास्तव और भू रत्न प्रभा समेत अन्य मौजूद रहे।

## आतिशबाजी संग हुआ वार्षिकोत्सव का समापन...

**गोन्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

दद्दुआ बाजार स्थित श्री श्याम मंदिर का वार्षिकोत्सव तीन दिवसीय कार्यक्रम के तीसरे दिन सायंकाल की बेला पर बाहर से आयें हुए आमंत्रित भजन कलाकारों द्वारा बाबा श्याम का गुणगान हुआ।भजन की शुरुआत स्थानीय भजन गायक गोकुल चंद्र शर्मा,पुनीत बंसल, और परमानन्द शर्मा ने किया। उसके बाद बाबा श्याम की लाडली भजन गायिका मानसी अग्रवाल ने गाया - भूला नहीं हूं बाबा,कृपा से पहले क्या था , कृपा के बाद क्या हैं ...कदे कदे तो बाबा तेरी ...आई सिंह पे सवार मैय्या ओढ़े चुनरी ...आदि भजनों का गुणगान किया। उसके बाद रूद्रपुर के भजन गायक रितेश मनोचा ने गाया - मेरी दुनिया ही बदल दी तूने, कि क्या जरा सा मैंने तेरा नाम लिया,ऐसा क्या काम किया हमने तेरा , जो मेरा हाथ तूने थाम लिया ...



बाबा कृपा लुटाने लगा है, हमको खाटू बुलाने लगा है ... मेरे शीश के दानी का सारे जग मे डंका बाजें आदि भजनों की प्रस्तुति दी फिर उसके बाद खलीलाबाद के सुप्रसिद्ध भजन गायक सरदार हरमहेन्द्र सिंह रोमी ने गाया- मंदिर प्रांगण में बाबा खाटू श्याम और दादीजी का दरबार इतना मनमोहक सजा हुआ था कि भक्त दरबार को निहारते रहे। भक्तों ने पंक्ति में लगकर बाबा - दादी का दर्शन कर आर्शीवाद लिया। कीर्तन में बलरामपुर, इटियाथोक, अयोध्या धाम,पयागपुर, बहराइच, करनैलगंज, आदि आसपास के कई जगहों से श्याम प्रेमी शामिल हुए। आये हुए भजन गायकों को कमेटी के सदस्यों ने दुप्पटा पहनाकर स्वागत और सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन पुनीत बंसल ने किया। मंदिर वार्षिक उत्सव के समापन पर आतिशबाजी हुई । सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेश भावसिंहका, विमलेश सिंघल,सुशील पचेरिया, अनिल मित्तल,अरिहंत जैन, उत्कर्ष सिंघल ,पुनीत बंसल, आशीष भावसिंहका,विशाल बंसल, गोविंद जालूका, राजेश बंसल,शलभ गर्ग , अजय अग्रवाल, बलरामपुर से अनूप अग्रवाल एवं श्री श्याम मंदिर महिला मंडल की अध्यक्ष सरोज अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल,नीतू गर्ग , पूनम मित्तल , प्रेमलता सिंघल , रोली पचेरिया, रेनू बंसल,प्रिया भावसिंहका, विभा अग्रवाल, अंशू पचेरिया,भावना सोमानी,सहित अन्य लोग मौजूद रहीं।

## शास्त्री डिग्री कालेज में हुई विवेकानंद क्लब की बैठक

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

स्वामी विवेकानंद जयंती से प्रारंभ युवा पखवाड़ा के अंतर्गत श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज गोंडा में हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को समाहित करते हुए घोषित विवेकानंद क्लब की स्थापना को आज मूर्त रूप प्रदान कर दिया गया ।विवेकानंद क्लब के संयोजक व नैक समन्वयक प्रो.जितेंद्र सिंह ने बताया कि महाविद्यालय में शैक्षिक ,सांस्कृतिक , खेलकूद, स्वच्छता , सामाजिक कार्यों को इस क्लब के सदस्य विद्यार्थियों द्वारा गति प्रदान की जाएगी। आज की बैठक में क्लब के कुशल संचालन हेतु विवेकानंद क्लब संविधान का ड्राफ्ट सभी छात्र/छात्राओ की सहमति से तैयार किया गया। महाविद्यालय प्रबंधन



द्वारा ड्राफ्ट अनुमोदित होने के पश्चात , महाविद्यालय की समस्त शैक्षणिक गतिविधियों में विवेकानंद क्लब द्वारा पारित प्रस्तावों को समाहित करते हुए कार्य किए जाएंगे ।

प्रो सिंह ने बताया कि सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से पदाधिकारियों के चयन की नियमावली को पारित किया। क्लब के सदस्यों ने प्रबंधन के अनुमोदन की प्रत्याशा में सर्वसम्मति से 11 सदस्यीय कार्यवाहक कार्यकारिणी का गठन किया। इस कार्यकारिणी में सत्येंद्र चौधरी एमए त्रतीय सेमेस्टर ,साक्षी तिवारी एम ए प्रथम सेमेस्टर , श्वेता गुप्ता बी एस सी कृषि सप्तम सेमेस्टर , इशिता मिश्र बी कॉम पंचम सेमेस्टर , सौम्या सिंह व मधु सिंह बी ए पंचम सेमेस्टर ,प्रिया शुक्ला बी ए त्रतीय सेमेस्टर , अनुष्का विशेन व वंदना भारती बी एस सी तृतीय सेमेस्टर , अर्पिता व दृष्टि श्रीवास्तव बीए प्रथम सेमेस्टर को क्लब की सामान्य सभा द्वारा अनुमोदित किया गया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो बिनोद प्रताप सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार भारतीय ज्ञान परंपरा (आई के एस) के कार्यों को नवगठित विवेकानंद क्लब द्वारा संचालित किया जाएगा जिससे विद्यार्थियों का व्यक्तित्व विकास , आध्यात्मिक विकास व मानसिक विकास होगा ।ड्राफ्ट के अनुसार महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो रवींद्र कुमार क्लब के सरंक्षक , वरिष्ठतम प्रोफेसर प्रो बी पी सिंह सह संरक्षक , नैक समन्वयक प्रो जितेंद्र सिंह क्लब के समन्वयक व आई क्यू ए सी प्रभारी प्रो राम समुझ सिंह सह समन्वयक होंगे। क्लब के पदाधिकारियों ( अध्यक्ष , उपाध्यक्ष , सचिव , सह सचिव व कार्यकारिणी सदस्यों ) का चयन सामान्य सभा द्वारा किया जाएगा। क्लब की गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु देवांश त्रिपाठी कार्यालय सचिव व रोहित सिंह को सह कार्यालय सचिव का कार्यभार प्रदान किया गया ।इस अवसर पर क्लब के सदस्यों द्वारा खेल गतिविधियों, विभिन्न प्रतियोगताओं में विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि के सुझाव दिए गए , जिनमे सूचनाओं को वेबसाइट के साथ साथ क्लास रूम ,नोटिस बोर्ड पर लगाने के सुझाव प्राप्त हुए।

क्लब के संविधान ड्राफ्ट गठन के समय राजनीति विभाग के असिस्टेंट प्रो बैजनाथ पाल , शिक्षा शास्त्र के असिस्टेंट प्रो मनीष मोदनवाल , शारीरिक शिक्षा विभाग प्रभारी डॉ अरुण वर्मा , कार्यालय सचिव देवांश त्रिपाठी , कार्यालय सह सचिव रोहित सिंह , राम भरोश सहित क्लब की सामान्य सभा के 44 प्रतिभाशाली छात्र/ छात्राए मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय कुष्ठ रोग जागरूकता अभियान के तहत किया जागरूक

**बहराइच। समृद्धि न्यूज़।** राष्ट्रीय कुष्ठ रोग जागरूकता अभियान के तहत गुरूवार को स्थानीय कंचन कान्वेंट स्कूल मे गोष्ठी का आयोजन हुआ।उपस्थित छात्र-छात्राओं को कुष्ठ रोग के बारे में बताते हुए कार्यक्रम अधिकारी (कुष्ठ रोग)विनय श्रीवास्तव ने कहा कि कुष्ठ रोग एक कम संक्रामक रोग है।

जो माइक्रो बैक्टीरियम लेप्री द्वारा फैलता है। कुष्ठ रोग की पहचान सुन्नपन,खुजली का न होना,पसीना न आना,नाक बैठ जाना,चलते-चलते जूते-चप्पल का उतरना आदि से की जा सकती है। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग का इलाज सरकारी अस्पतालों में निश्शुल्क होता है। सीनियर पर्यवेक्षक केवी त्रिपाठी ने कहा कि कुष्ठ रोगी के साथ उठने, बैठने तथा उसको छूने से यह बीमारी नहीं होती है। कुष्ठ रोग अभिशाप नहीं है।

## आईकेएस कार्यों को विवेकानंद क्लब करेगा संचालित : प्रभारी प्राचार्य



**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

स्वामी विवेकानंद जयंती से प्रारंभ युवा पखवाड़ा के अंतर्गत श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज गोंडा में हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को समाहित करते हुए घोषित विवेकानंद क्लब की स्थापना को आज मूर्त रूप प्रदान कर दिया गया। प्रो सिंह ने बताया कि सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से पदाधिकारियों के चयन की नियमावली को पारित किया। क्लब के सदस्यों ने प्रबंधन के अनुमोदन की प्रत्याशा में सर्वसम्मति से 11 सदस्यीय कार्यवाहक कार्यकारिणी का गठन किया। इस कार्यकारिणी में सत्येंद्र चौधरी एम ए त्रतीय सेमेस्टर ,साक्षी तिवारी एमए प्रथम सेमेस्टर , श्वेता गुप्ता बीएससी कृषि सप्तम सेमेस्टर , इशिता मिश्र बी कॉम पंचम सेमेस्टर , सौम्या सिंह व मधु सिंह बीए पंचम सेमेस्टर ,प्रिया शुक्ला बीए त्रतीय सेमेस्टर , अनुष्का विशेन व वंदना भारती बीएससी तृतीय सेमेस्टर , अर्पिता व दृष्टि श्रीवास्तव बीए प्रथम सेमेस्टर को क्लब की सामान्य सभा द्वारा अनुमोदित किया गया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो बिनोद प्रताप सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार भारतीय ज्ञान परंपरा (आईके एस) के कार्यों को नवगठित विवेकानंद क्लब द्वारा संचालित किया जाएगा।

इस अवसर पर क्लब के सदस्यों द्वारा खेल गतिविधियों, विभिन्न प्रतियोगताओं में विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि के सुझाव दिए गए , जिनमे सूचनाओं को वेबसाइट के साथ साथ क्लास रूम ,नोटिस बोर्ड पर लगाने के सुझाव प्राप्त हुए। क्लब के संविधान ड्राफ्ट गठन के समय राजनीति विभाग के असिस्टेंट प्रो बैजनाथ पाल , शिक्षा शास्त्र के असिस्टेंट प्रो मनीष मोदनवाल , शारीरिक शिक्षा विभाग प्रभारी डॉ अरुण वर्मा , कार्यालय सचिव देवांश त्रिपाठी , कार्यालय सह सचिव रोहित सिंह , राम भरोश सहित क्लब की सामान्य सभा के 44 प्रतिभाशाली छात्र/ छात्राए मौजूद रहे।

## सीमावर्ती गांव में एनएमओ लगायेगा स्वास्थ्य कैंप

### प्रदेश के 14 मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ चिकित्सक, प्रोफेसर करेंगे मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

गुरु गोरखनाथ पंचम स्वास्थ्य सेवा यात्रा के अंतर्गत नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन जिला बहराइच द्वारा एक विशाल स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प का आयोजन 9 फरवरी दिन रविवार गेंद घर मैदान में आयोजित किया गया है। यह जानकारी नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन बहराइच की अध्यक्ष डॉक्टर सारिका साहू ने प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा के अंतर्गत 7 फरवरी एवं 8 फरवरी को भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में लगे हुए दूर-दराज के गांवों में स्वास्थ्य परीक्षण, जन जागरूकता एवं विभिन्न दुर्लभ रोगों की पहचान कर उसके इलाज किया जाएगा। सीमावर्ती क्षेत्र में लगने वाले




मेडिकल कैंप में प्रदेश के 15 मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ चिकित्सक, प्रोफेसर मरीजो के स्वास्थ्य का परीक्षण करेंगे। इन मेडिकल कैंप में स्थानीय चिकित्सक भी प्रतिभाग करेंगे। मेडिकल कैंपों की समुचित व्यवस्था नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन जनपद बहराइच के डॉक्टर करेंगे। उन्होंने बताया कि मेडिकल कैंप का उद्घाटन मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ के द्वारा 6 फरवरी को ऑनलाइन माध्यम से किया गया है। उन्होंने बताया कि 7 फरवरी एवं 8 फरवरी को सीमावर्ती क्षेत्र मिहींपुरवा तथा रुपईडीहा क्षेत्र के 40 गांव में स्वास्थ्य कैंप लगाकर विभिन्न प्रकार के रोगों की जांच, दवा वितरण के माध्यम से होगा। जिसमें 15 मेडिकल कॉलेज के 200 से अधिक विशेषज्ञ चिकित्सक, प्रोफेसर, इंटर्नशिप मेडिकल छात्र शामिल है।सीमावर्ती तथा गेंद घर मैदान में लगने वाले मेगा स्वास्थ्य शिविर में स्थानीय डॉक्टर भी शामिल होंगे। इस स्वास्थ्य यात्रा का समापन बहराइच शहर में गेंद घर मैदान में एक विशाल स्वास्थ्य मेले के आयोजन के साथ होगा।

इस स्वास्थ्य मेले में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, दवा वितरण, मोतियाबिंद ऑपरेशन, चश्मा वितरण, ब्रेस्ट कैंसर स्कैनिंग, ब्लड प्रेशर एवं शुगर की निशुल्क जांच ,दांत एवं मुख्य रोगों की जांच तथा छोटे बच्चों में होने वाली विभिन्न प्रकार की बीमारियों की जांच होगी। इस स्वास्थ्य मेले में नेशनल मेडकोज आर्गेनाइजेशन ने 15000 से अधिक रोगियों के स्वास्थ्य परीक्षण का लक्ष्य रखा है । स्वास्थ्य मेले में 50 प्रतिष्ठित स्थानीय डॉक्टरों के साथ-साथ केजीएमयू ,आरएमएल तथा पी जी आई जैसे संस्थानों के 200 से अधिक प्रोफेसर, डॉक्टर्स भी शामिल होंगे।

## अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर डीएम को सौंपा ज्ञापन

- विवादित जमीन पर निर्माण और अधिवक्ता से अभद्रता का विरोध

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



जिले में न्यायिक प्रक्रिया की अवहेलना और एक अधिवक्ता के साथ हुई अभद्रता के विरोध में वकीलों ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन किया। मामला मेवाती पुरा क्षेत्र की एक विवादित जमीन से जुड़ा है, जिस पर उच्च न्यायालय का स्थगन आदेश होने के बावजूद अवैध निर्माण किया जा रहा था। जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व महामंत्री राजेश शुक्ला जब इस अवैध निर्माण की शिकायत करने सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय पहुंचे तो वहां पर प्रिंस नामक व्यक्ति और उसके साथियों ने उनके साथ अभद्रता की और हाथापाई की। लोगों के एकत्र होने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। इस घटना से नाराज अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी मोनिका रानी से मुलाकात कर अवैध निर्माण को ध्वस्त करने की मांग की। साथ ही नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय में तैनात एक कर्मचारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए उसे हटाने की भी मांग रखी। जिलाधिकारी ने वकीलों की मांग को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## नगर पालिका परिषद बहराइच की अध्यक्ष ने किया समारोह का शुभारंभ

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बहराइच में प्राचार्या प्रो.डॉ. प्रिया मुखर्जी की अध्यक्षता में कंप्यूटर एवं नृत्य प्रशिक्षण कक्षाओं के संचालन का उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष सुधा टेकड़ीवाल के द्वारा किया गया।अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि नृत्य हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। प्राचार्या ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान दौर में उन्हें खुद को मात्र किताबी ज्ञान तक ही सीमित नहीं रखना है बल्कि तकनीकी से भी खुद को अपडेट रखते हुए तथा इस तनाव के दौर में खुद को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखना आवश्यक है।उनकी इन्हीं जरूरतों को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय में कंप्यूटर और नृत्य प्रशिक्षण कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। इस अवसर पर टेक सत्यम संस्थान, बहराइच के निदेशक सत्यम ,नृत्य प्रशिक्षक पंकज कुमार तथा महाविद्यालय के समस्त सम्मानित प्रवक्तागण उपस्थित रहे।

## गांव में घुसे तेंदुए ने चार पर किया हमला, तीन रेफर

- तेंदुए के हमले से गांव में मचा हाहाकार, निरंतर हो रहे हमले से ग्रामीण परेशान

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



जंगल से सटे ग्राम पंचायत कारीकोट के मजरा बरगदहा गांव में गुरुवार सुबह एक तेंदुआ पहुंच गया। तेंदुआ ने चार लोगों पर हमला कर घायल कर दिया। इनमें तीन घायलों की हालत गंभीर होने पर पीएचसी से सीएचसी रेफर कर दिया गया है। हमले को लेकर ग्रामीणों में दहशत है। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के निशानगाड़ा रेंज के भट्ठा बरगदहा गांव में गुरुवार सुबह एक तेंदुआ पहुंच गया। तेंदुआ ने सुबह नित्य क्रिया के लिए खेत की तरफ जा रहे रमाकांत पर अचानक हमला कर दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके पश्चात तेंदुआ बगल के घर के अंदर मौजूद संदीप के ऊपर भी हमला कर दिया। जिसमें संदीप भी घायल हो गया। फिर तेंदुआ शत्रुघ्न के घर के अंदर घुस गया और घर से निकलते समय पुलिया के पास शंकर दयाल पर हमला कर दिया। शंकर दयाल को तेंदुआ ने पटक कर हमला किया। इससे हड़कंप मच गया। मानव वन्यजीव संघर्ष की स्थिति उत्पन्न हो गई। मौके पर पहुंचे वनकर्मियों के द्वारा घायल लोगों को इलाज के लिए पीएचसी लाया गया। यहां से सीएचसी रेफर कर दिया गया है। डीएफओ बी शिव शंकर ने बताया कि तेंदुआ के हमले में लोग घायल हुए हैं। वन कर्मियों ने मौके पर पहुंच कर जांच की है। कांबिंग के निर्देश दिए गए हैं।

## जंगली हाथी ने तबाह किया 20 से ज्यादा कच्चे मकान

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



जिले के कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के भरतापुर गांव मे एक जंगली हाथी ने भारी तबाही मचाई। 3 फरवरी की देर रात को जंगल से निकाल कर आए एक टस्कर हाथी ने 20 से अधिक कच्चे और फूस के मकानों को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना में मदन, संजय, प्रमोद, विनोद और मनोहर समेत कई ग्रामीणों के घरों में रखा अनाज और घरेलू सामान पूरी तरह से नष्ट हो गया। ट्रांस गेरूआ क्षेत्र में नदी के पर स्थित इस दूरस्थ गांव में हुई इस घटना की जानकारी मिलते ही एसएसबी ने तत्काल कार्रवाई की। कतर्नियाघाट में तैनात एसएसबी कमांडर उप निरीक्षक प्रवीण कुमार के नेतृत्व में जवान प्रभावित गांव पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवारों को राशन और अन्य आवश्यक घरेलू सामान वितरित किए जिससे उन्हें भोजन की समस्या का सामना न करना पड़े।

- एसएसबी जवान पीड़ित परिवारों तक पहुंचे, दिया जरूरी सामान

### आए दिन होती है घटनाएं

यह घटना स्थानीय वन विभाग के लिए चिंता का विषय है। क्योंकि मानव वन्यजीव संघर्ष की ऐसी घटनाएं क्षेत्र में आए दिन सामने आ रही है। स्थानीय प्रशासन और वन विभाग को ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

## अब नालों किया जा रहा है अतिक्रमण, जिम्मेदार बेखबर

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

जनपद में हल्के से बारिश होने पर रोड,गली, मोहल्ले बन जाते हैं तालाब। जल भराव होने पर लोग कहते हैं की विकास बिलबिला कर निकल पड़ा है।लोगों का कहना सही है शहर के विकास में सबसे बड़ा बाधा है नालों नालियों पर कब्जा।बताते चलें नालों का हाल 1-स्थान है सरदार पेट्रोल पंप के पास था नाला जिसको अतिक्रमण कर पाटने का कार्य किया गया।2-जिला महिला अस्पताल के पास नाला लुप्त होने के कगार पर है।3-स्थान है रेलवे स्टेशन रोड पर जिला विद्यालय निरीक्षक आफिस के पास था नाला जिसको अतिक्रमण कर खड़ी हो गई दुकान नाला गायब हो गया।अब शहर के जिम्मेदारों पर सवाल यह खड़ा हो रहा? है कि जब यहां अतिक्रमण हो रहा था तो क्यों कुम्भकरणी नींद सो रहे थे और अब जब शहर में जगह जगह जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है तो लोगो के सवाल पर जवाब देने से कतराते क्यों है।क्या जिम्मेदार विभागों को कोई लाभ मिला है जो कार्यवाही करने से कतराते हैं और शहर के लाखों लोगों को जलभराव जैसी समस्या से जूझने के लिए छोड़ दिया जाता हैं।

इस बार शहर के निवासियों को पूर्व के बरशातो में हुए जल भराव की परेशानी को याद रख नगर पालिका अध्यक्ष को चुनना होगा जो विभागीय कार्यवाही कर अवैध तरीकों से नालों पर हुए अतिक्रमण हटाने के साथ ही साफ सफाई नियत करें जिससे शहर स्वाच्छ और सुन्दर दिखे।

## समाजसेवी सुनील सिंह ने किया प्रतियोगिता का उद्घाटन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

इंदिरा गांधी स्टेडियम में गुरुवार को द्वितीय इशरत महमूद खान क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी व सांसद प्रतिनिधि कैसरगंज सुनील सिंह ने फीता काटकर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में महेश सिंह मन्नू व बजरंग बहादुर मौजूद रहे ।मुख्य अतिथि ने दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी खेल भावना से मैच खेले व अच्छे खेल का प्रदर्शन करें सभी खिलाड़ियों को अनुशासन में रहकर खेलना चाहिए और अपने व अपने परिवार का नाम रोशन करना चाहिए सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं कि आप सभी आगे बढ़कर अपना और अपने जिले का नाम रोशन करें।उद्घाटन मुकाबला एस एम बशीर क्लब व शिवाजय क्रिकेट क्लब रुपैडीहा के मध्य खेला गया। एसएम बसीर के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया । निर्धारित 30 ओवरों में टीम ने 6 विकेट के नुकसान पर 177 रन बनाए। जिसमें मुकेश ने 52



और उत्कर्ष ने 33 रनों का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी शिवाजय क्रिकेट क्लब 30 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 168 रन ही बना पाई और मुकाबला 9 रनों से हार गई ।टीम की तरफ से राज मोदवाल ने सर्वाधिक 70 रनों का योगदान दिया। मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर मुकेश को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। निर्णायक के रूप में अकील अहमद व देवाशीष राय मौजूद रहे। आंखों देखा हाल आदिल जमीर ने सुनाया स्कोरर की भूमिका त्रिपुरेश मिश्रा ने निभाई। मैच के दौरान सुनील राय ,कुशमेंद्र सिंह राणा ,दिवाकर सिंह ,राकेश पासवान, विनोद कुमार, शौर्य प्रताप सिंह,नारायन मानी त्रिपाठी,आशुतोष कैराती,तुषार सोनी,कृष्णा सिंह , भोला सहित सैकड़ो क्रिकेट दर्शक मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनाः 152 जोड़ों का विवाह संपन्न








**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायबरेली में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस भव्य आयोजन का शुभारंभ सदर विधायक अदिति सिंह, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इससे पूर्व जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी द्वारा अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया।

वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सभी जोड़ों ने निभाई रस्मे इसके पश्चात पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सभी जोड़ों को सात फेरे दिलाए और विवाह की पूरी रस्में निभाई। इस सामूहिक विवाह समारोह में जिले के विभिन्न विकास खण्डों के 152 जोड़ों ने भाग लिया, जिसमें विकास खण्ड राही 35, दीनशाहगौरा 12, अमावां 23, रोहनिया 10, डलमऊ 28, ऊंचाहार 29, जगतपुर 09 एवं नगर पालिका परिषद रायबरेली 06 जोड़े सम्मिलित रहे।

**डीएम-एसपी ने नव वैवाहिक जोड़े को दिया आशीर्वादः** सामूहिक विवाह के दौरान विधायक, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी ने नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और सभी नव दंपतियों को नए वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी तथा प्रत्येक जोड़ो को वस्त्र, आभूषण (चांदी की पायल, बिछिया) स्टील डिनर सेट, प्रेशर कुकर, वैनिटी किट, दीवार घड़ी, ट्रॉली बैग उपहार स्वरूप प्रदान किए गए।

**मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत निर्धन परिवारों को आर्थिक बोझ से मुक्ति मिलती है - अदिति सिंहः** इस अवसर पर सदर विधायक अदिति सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत निर्धन परिवारों की बेटियों का विवाह सामूहिक रूप से कराया जाता है, जिससे उन्हें आर्थिक बोझ से मुक्ति मिलती है यह योजना निर्धन परिवारों के लिए बहुत बड़ी सहायता है इस योजना के संचालन के लिए मैं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ जी को धन्यवाद देती हूं तथा नव विवाहित जोड़ो को शुभकामनायें देती हूँ।

# जान से मारने की धमकी दे रहे दबंग, पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



घटना बाबत जानकारी करवाई की जाएगी, पीड़ित को न्याय दिलाया जाएगा अगर पुलिस की लापरवाही मिलती है तो कार्रवाई तय है।
-डॉ यशवीर सिंह
पुलिस अधीक्षक रायबरेली

नियम कानून की दुहाई देने वाली गुरुबक्सगंज पुलिस कभी मामूली-सी घटनाओं को बड़ा दिखाकर लोगों को जेल भेज देती है तो कभी प्राण लेने की कोशिश करने वालों पर इतना मेहरबान होती है कि घर और गांव में खुले आम घूम रहे आरोपियों को ढूंढ नहीं पाती है सबसे बड़ी विडंबना तो तब होती जब स्वयं आरोपियों को ढूंढ कर पकड़ने की जिम्मेदारी पुलिस पीड़ित को देकर यह कह कर फरमान सुना देती है कि जैसे ही आरोपित दिखाई दे मुझे सूचना देना लेकिन फोन मिलाने पर अभी आता हूं कभी फोन न उठाना इससे जाहिर होता है कि विवेचक और स्थानीय पुलिस सिर्फ मुकदमा दर्ज करने तक सीमित है ऐसी स्थिति मे यह कहा जा सकता है कि कार्यवाही करने के बजाय स्थानीय पुलिस जिले के तेज तर्रार पुलिस मुखिया की फजीहत कराने की बीड़ा उठा लिया हो। मामला गुरबक्श गंज थाना क्षेत्र के कोरियर गांव का है जहा आधा दर्जन बेखौफ दबंगों ने एक परिवार पर कातिलाना हमला कर दिया था घटना 31 दिसंबर 2024 की है। एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में उपरोक्त गांव निवासी राकेश कुमार पुत्र स्वर्गीय बाबूलाल ने बताया कि पुरानी रंजिश के चलते परिवार के अरविंद कुमार वीरेंद्र शुभम शिवम शिवप्रसाद रमेश कुमार आदि एक राय होकर लाठी डंडा कुल्हाड़ी बेलचा व फरसा से पत्नी मीना कुमारी व बेटे विपिन कुमार पर जानलेवा हमला कर दिया बीच बचाव करने के दौरान मेरे भी सर में गंभीर चोट आई है। हमलावरों की मार से पत्नी के सर में चोट आने से वह कोमा में चली गई थी जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर किया गया था बेटे विपिन कुमार के दोनों पैर तोड़ दिए गए थे। लिखित तहरीर पर मुकदमा तो दर्ज हुआ लेकिन हमलावरों को पुलिस बचा रही है। हमलावर धमकी दे रहे हैं कि अभी तो कम पिटाई की है पुलिस से सांठगांठ कर पूरे परिवार को मिटा देंगे। दबंगों से भयभीत पीड़ित परिवार ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई। थाना अध्यक्ष प्रमोद सिंह का कहना है कि दर्ज मुकदमे में धाराओं की बढ़ोतरी करते हुए एक युवक को जेल भेजा गया है शेष लोगों को पुलिस ढूंढ रही है।

## खबरें एक नजर में



### संजय इलेवंस बाराबंकी ने एचएमसीएल महराजगंज को हराकर ट्रॉफी पर किया कब्जा

**महराजगंज,रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** स्वामी हरिदास क्रिकेट ग्राउंड बबुरिहा महराजगंज में गुरुवार को हिंदू मुस्लिम क्रिकेट एकता लीग सीजन फर्स्ट का रोमांचक फाइनल खेला गया। इस मैच में संजय इलेवंस बाराबंकी ने एचएमसीएल महराजगंज को हराकर खिताब अपने नाम किया। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का संजय इलेवंस का फैसला सटीक रहा। टीम ने एचएमसीएल महराजगंज को 20 ओवर में 146 रनों पर रोक दिया। महराजगंज की ओर से कैलिश ने सर्वाधिक 62 रनों की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करते हुए संजय इलेवंस ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया और महज 14 ओवर में 147 रन बनाकर मैच जीत लिया। संजय इलेवंस के ओपनर शैलेंद्र ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई, जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए रिंशू सिंह को एलईडी टीवी के साथ मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार दिया गया। विजेता टीम को 51,000 रुपये का नकद पुरस्कार मिला, जबकि उपविजेता टीम को 25,000 रुपये की राशि प्रदान की गई। फाइनल मैच में हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे। टूर्नामेंट के सफल आयोजन में दिनेश केदार मौर्या, पूर्व प्रधान बल्ला आलम, सुनील मौर्य, अकरम खान, मोहनलाल, उमेश सिंह और संतोष मौर्य सहित कमेटी के सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### मारपीट में घायल हुआ व्यक्ति जिला अस्पताल रेफर

**महराजगंज, रायबरेली।** मार-पीट मे घायल व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज द्वारा जिला अस्पताल रेफर किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार लवलेश पुत्र राम लखन उम्र 40 वर्ष निवासी थरि महराजगंज के सर में चोट उल्टी के साथ खून आ रहा था डॉक्टरों ने बताया कि मारपीट का मामला था इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया ।वहीं जब इस विषय में कोतवाली पुलिस से जानकारी की गई तो पुलिस ने बताया कि हमारे पास कोई तहरीर और जानकारी नहीं आई है।

### प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्री न बनने की वजह से लगता है अराजकतत्व और बेसहारा पशुओं का जमावड़ा



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** एक तरफ जहां प्राथमिक विद्यालय एवं सरकारी विद्यालय को योगी और मोदी सरकार मिलकर कायाकल्प कर रही है और बाउंड्री वॉल हो या फिर जर्जर बिल्डिंग हो उसको सही किया जा रहा है या नया बनवाया जा रहा है ।लेकिन विकासखंड क्षेत्र के पूरे अचली प्राथमिक विद्यालय का हाल बेहाल है बाउंड्री वाल न बनने के कारण यहां के बच्चों को अध्यापकों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। बाउंड्री वाल न होने के कारण अराजक तत्वों का बोलबाला रहता है साथ-साथ जो भी बेसहारा पशु है वह भी आकर स्कूल परिसर में ही बैठते हैं जिससे स्कूल में गंदगी फैल जाती है और बच्चों सहित अध्यापकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। प्रधानाध्यापक पूरे अचली पंकज सिंह ने बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखा गया है बाउंड्री वाल के लिए लेकिन अभी तक बाउंड्री वाल नहीं बनी है बाउंड्री वाल न बनने के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है अगर बाउंड्री बन जाए तो हम अध्यापकों और बच्चों के लिए बहुत ही अच्छा हो जाए और हमारा विद्यालय भी अच्छा दिखाई पड़े। वहीं जब विद्यालय के बच्चों से उनकी पढ़ाई लिखाई के बारे में पूछा गया तो बच्चों ने पहाड़ा गिनती एबीसीडी सहित तमाम प्रकार की जानकारियां दी जब बच्चों को इतनी अच्छी शिक्षा दी जा रही है तो बाउंड्री वाल बहुत ही जरूरी है ऐसा ग्रामीणों का भी कहना है लेकिन विभागीय लापरवाही कहें या फिर शासन के निर्देशो का पालन नहीं हो रहा। वही इस विषय में जब खंड शिक्षा अधिकारी राममिलन यादव से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उनका फोन बंद मिला।

### अपार आईडी बनवाने को लेकर रुचि नहीं ले रहे विद्यालय

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** छात्रों के शैक्षिक रिकार्ड डिजिटल सुरक्षित किए जाने को लेकर कराई जा रही अपार आईडी में मान्यता प्राप्त विद्यालय रुचि नहीं ले रहे हैं ज्यादातर विद्यालयों की खराब प्रगति पर नोटिस भी जारी की गई है वहीं परिषदीय विद्यालय भी इनमें कम पीछे नहीं है डलमऊ के 83 मान्यता प्राप्त विद्यालयों में से एक दर्जन विद्यालय ऐसे हैं जिन्होंने अभी अपार आईडी (ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री) जनरेट करने का काम अभी तक नहीं शुरू किया है। वहीं एक दर्जन ऐसे विद्यालय हैं जिन्होंने अभी दहाई का आंकड़ा भी नहीं छुआ है। 82 मान्यता प्राप्त विद्यालयों में पंजीकृत 20000 से अधिक छात्र-छात्राओं में से अभी तक 6000 छात्रों के ही अपार आईडी जेनरेट की जा सकी है मानव जीवन सुधार संस्कृत महाविद्यालय डलमऊ, जगजीवन राम जूनियर हाई स्कूल टोंक, मां हंस वाहिनी शिशु मंदिर भरसना, गौरव पब्लिक स्कूल, श्री राधा कृष्ण संस्कृत महाविद्यालय आदर्श ऋषि आश्रम विद्यालय मदरसा दारुल उलूम इस्लामिया वालेमऊ श्रीमती लक्ष्मीना देवी बाल विद्या मंदिर पंडित गया प्रसाद शुक्ला जूनियर हाईस्कूल बैराहना बलीपुर मां कमला शिक्षा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आदर्श शिक्षा निकेतन मधुकरपुर बीबी सिंह पब्लिक स्कूल कुटिया चौराहा राजीव गांधी स्मारक पर पब्लिक स्कूल कुटिया चौराहा तथा प्राथमिक विद्यालय सुरसना ऐसे विद्यालय हैं जिन्होंने अभी तक अपार आईडी जेनरेट का काम नहीं शुरू किया है निदेशालय स्तर से छात्रों की अपार आईडी जेनरेट करने के लिए लगातार निर्देश जारी किए जा रहे हैं बावजूद इसके विद्यालय इस पर रूचि नहीं ले रहे हैं खंड शिक्षा अधिकारी नंदलाल रजक ने बताया कि विद्यालयों को अपार आईडी जेनरेट करने के लिए लगातार निर्देशित किया जा रहा है जो भी विद्यालय इसमें रुचि नहीं ले रहे हैं उनको नोटिस जारी किया गया है। **खंड शिक्षा अधिकारी नंदलाल रजक ने कहा**-इन सभी विद्यालयों की आज के समीक्षा बैठक में बार-बार निर्देश जारी करने की बावजूद अब तक कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है अतः दो दिनों में सत प्रतिशत कार्य पूर्ण करते हुए अपना स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने हेतु कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है।

# सब्जी विक्रेता को कार ने मारी टक्कर, गंभीर रूप से घायल

**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

सब्जी व्यवसायी को अनियंत्रित कार ने टक्कर मार दी, हादसे में व्यावसायी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया। बृहस्पतिवार दोपहर 3:00 बजे बछरावां मौरावा मार्ग पर स्थित छोटकवा खेड़ा में जहां साप्ताहिक बाजार लगती है। अधेड़ सब्जी विक्रेता शिवनंदन पुत्र राम बहादुर उम्र लगभग 50 वर्ष निवासी ग्राम लालपुर मजरे संदाना जनपद उन्नाव जो बाजार में सब्जी बेचने के लिए आया हुआ था। तभी मौरावा की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में अधेड़ गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। कार टक्कर मारने के बाद मौके से फरार हो गई। स्थानीय लोगों के द्वारा कार का नंबर नोट कर लिया गया है। घायल अधेड़ को मौजूद लोगों के द्वारा एंबुलेंस की सहायता से बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया। जहां अधेड़ का प्राथमिक उपचार किया गया है। मौजूद चिकित्सक डॉक्टर प्रभात मिश्रा ने अधेड़ के पैर में गंभीर चोट होने के चलते उसे जिला अस्पताल रायबरेली के लिए रेफर कर दिया गया है।

# ग्रामीणों ने दिखाया दम, पशु तस्कर बेदम

▶ ग्रामीणों ने दौड़ाया तो डीसीएम छोड़कर फरार हुए पशु तस्कर



**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

पशु तस्करी का एक सनसनी खेज मामला सामने आया है। जहां संरक्षित पशुओं को डीसीएम में लादा जा रहा था।ग्रामीणों ने तस्करों को दौड़ाया तो अंधेरे का फायदा उठाते हुए डीसीएम छोडकर मौके से फरार हो गए।यह कोई पहला मामला नहीं है इससे पहले भी इस तरह के मामले सामने आ चुके हैं।सलोंन कोतवाली क्षेत्र के कोडरी गांव स्थित निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे के पास का है।जहां बीती रात पशु तस्करों द्वारा एक डीसीएम में गौवंशों को लादा जा रहा था।लाइट देखकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो तस्करों ने चाकू दिखाकर डराने का प्रयास किया।तभी आक्रोशित ग्रामीणों ने शोर मचाया तो भारी संख्या में लोग इकट्ठा होने लगे।यह देखकर तस्कर डीसीएम छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गए।गुस्साएं ग्रामीणों ने डीसीएम में तोड़फोड़ कर पुलिस को सूचना दिया।पशु तस्कर जौनपुर के रहने वाले बताए जा रहे है।ग्रामीणों का कहना है सूचना के एक घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने डीसीएम को कब्जे में लेते हुए पशुओं को गौशाला भिजवाया दिया।क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया डीसीएम को कब्जे में लेकर सात गौवंशों को गौशाला भेज दिया गया।अज्ञात के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई जा रही हैं।

# मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनांतर्गत सोलर पम्पसेट स्थापना हेतु आवेदन कर योजना का ले लाभः सीडीओ

▶ सोलर पम्पसेट के चयन व आवंटन की व्यवस्था प्रथम आवक व प्रथम पावक के आधार पर ही की जायेगीः अर्पित उपाध्याय

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय ने बताया है कि मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत पूर्व निर्मित मध्यम गहरे/गहरे नलकूपों पर 7.5 एचपी सोलर पम्पसेट स्थापना हेतु जनपद रायरबेली को 10 का अनुमोदन शासन स्तर से प्राप्त हुआ है। जिसमें प्रति इकाई सोलर पम्पसेट स्थापना की कुल लागत 444094.00 रूपये एवं प्रति इकाई विभाग द्वारा लाभार्थी को दिया जाने वाला अनुदान 266456.00 रूपये व प्रति इकाई लाभार्थी द्वारा विभाग में जमा किया गया कृषक अंश 177638.00 रूपये है। उन्होंने बताया है कि इस योजना के अन्तर्गत वही कृषक पात्र होगें जिन्होंने विभाग द्वारा पूर्व में निर्मित मध्यम नलकूप व गहरे नलकूप का लाभ लिया है। सोलर पम्पसेट के चयन व आवंटन की व्यवस्था प्रथम आवक व प्रथम पावक के आधार पर ही की जायेगी, जिसे कार्यालय सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई विकास भवन तृतीय तल कमरा संख्या 311 में सम्पर्क कर विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये निर्धारित प्रारूप पर आवेदन करते हुए इस योजना का लाभ लिया जा सकता है।

# पूर्व कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष की सड़क हादसे में मौत, कस्बे में शोक की लहर

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वापस घर आते समय एक अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुए पूर्व कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राकेश जयसवाल की इलाज के दौरान मौत हो गई।मौत की सूचना परिवरीजनों एवं कस्बे वासियों को लगी तो शोक की लहर दौड़ गई।

डलमऊ कस्बे के शंकर नगर मोहल्ला निवासी एवं पूर्व कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राकेश जयसवाल पुत्र शिव शंकर जायसवाल उम्र लगभग 63 वर्ष बुधवार देर रात लगभग 9:00 बजे वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रायपुर टप्पा हवेली गए हुए थे वहां से बाइक पर होकर वापस घर जा रहे थे जैसे ही वह रायबरेली रोड स्थित गंग नहर पुल पर पहुंचे तभी एक अज्ञात तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह उछलकर नहर के अंदर चले गए जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई। उधर से गुजर रहे लोगों ने उन्हें नहर से बाहर निकाला और इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ पहुंचाया।हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद एम्स रायबरेली के लिए रेफर कर दिया जहां पर देर रात इलाज के दौरान गंभीर रूप से घायल राकेश जयसवाल की मौत हो गई। मौत की सूचना पारिवारिकजनों एवं घर वालों को मिली तो कोहराम मच गया।वहीं कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई। पत्नी अनीता जायसवाल एवं परिजनों का का रो-रो कर बुरा हाल है।बताते चले कि मृतक राकेश जयसवाल डलमऊ क्षेत्र के जाने-माने राजनीतिक नेता एवं व्यापारी थे वह सामाजिक, सार्वजनिक एवं राजनीतिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे।लोगों के बीच वह काफी लोकप्रिय थे।उनकी असामयिक मृत्यु से क्षेत्र वासियों को झकझोर कर रख दिया है। क्षेत्रवासियों ने उनकी मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

**नगर पंचायत कार्यालय में शोक सभा का हुआ आयोजन-** पूर्व कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राकेश जायसवाल के आकस्मिक मौत पर नगर पंचायत कार्यालय डलमऊ में नगर पंचायत अध्यक्ष पंडित बृजेश दत्त गौड़ की अध्यक्षता में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जहां पर उपस्थित सभी लोगों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और 2 मिनट का मौन धारण कर आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। नगर पंचायत अध्यक्ष पंडित बृजेश दत्त गौड़ ने बताया कि राकेश जयसवाल बहुत नेक दिल हंसमुख इंसान थे उन्होंने सामाजिक एवं सार्वजनिक कार्य से अपनी अलग पहचान बनाई थी।उनके निधन से अपूरणीय क्षति हुई है।

## बार एसो. चुनाव अब 14 फरवरी को होगा

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।** बार एसोसिएशन उतरौला के आगामी चुनाव को लेकर एक महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। अब यह चुनाव 13 फरवरी के बजाय 14 फरवरी को संपन्न होगा। बार एसोसिएशन चुनाव आयुक्त अनीसुल हसन रिजवी ने जानकारी देते हुए बताया कि अपरिहार्य कारणों से मतदान की तिथि को एक दिन आगे बढ़ाकर 14 फरवरी कर दिया गया है। हालांकि, मतदान का समय पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही रहेगा। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, 14 फरवरी को ही मतगणना और नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह भी पूर्व निर्धारित समय पर संपन्न होगा। इस बदलाव को लेकर बार एसोसिएशन के सदस्यों को सूचित कर दिया गया है, और चुनाव प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# नहरों में पानी नहीं, किसान गेहूं व सरसों की फसल सिचाई करने के लिए परेशान

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



पानी नही होने किसानों की गेहूं व सरसों की फसल सिचाई के लिए परेशानी। विकास क्षेत्र रेहरा बाजार मे स्थिति रामनगर रजवाहा के रामपुर अरना, भिरवा, तेदुआभानपुर व अचलपुर घाट मे पानी न छोड़े जाने से किसानों को फसलों की सिंचाई की चिंता सताने लगी है। मौसम बदलने के कारण गेहूं, गन्ना और सब्जी की फसलों की सिंचाई समय समय पर करने की तैयारी किसान कर रहे हैं। किसान राधेश्याम श्रीवास्तव ने बताया कि सरयू नहर से निकली इस नहर में अब तक पानी नहीं छोड़ा गया है। अलाउद्दीनपुर गांव के पास सिलट भी जमा है। अनिल तिवारी, शेषमणि तिवारी, कल्लू, राजन, पंकज, रोहित, रामबरन, उदयभान, श्यामलाल, कोचई, बेचन व राधेश्याम जायसवाल अन्य लोगो ने बताया कि है। हमारी गेहूं व सरसों की फ़सले सिचाई के अभाव मे बर्बाद हो रही है। बारिश का भी भरोसा नही है और नहर मे पानी नहीं आ रहा है। किसानो का आरोप है कि सरकार द्वारा सिचाई विभाग द्वारा माइनर की खुदाई कर दी गई, लेकिन लाभ यदा कदा ही मिलता है माइनर में पानी नहीं आने से भारी नुकसान होगा।

# हमारे आंगन-हमारे बच्चे कार्यक्रम गोष्ठी का आयोजन किया गया

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



दिनांक 06.2.2025 को हमारे आँगन हमारे बच्चे कार्य क्रम के तहत उच्च प्राथमिक विद्यालय रेहरा बाजार बलरामपुर में आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री, नोडल शिक्षक, खण्ड शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार वर्मा एवं संदीप कुमार गुप्ता एवं महमूदुल हक एसआर बलरामपुर के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षा क्षेत्र रेहरा बाजार के सभी एआरपी चंद्रधर पाठक, नीरज पाण्डेय, कमाल अहमद, राजेंद्र कुमार वर्मा, राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक ओ पी सिंह, श्रीराम एवं सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापकों के साथ आँगन वाणी कार्य कत्री ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में प्रत्येक न्याय पंचायत के 5 बच्चों को कुल 50 बच्चों को पुरस्कृत किया गया 7चर्चा में निपुण भारत मिशन पर मदन मुरारी राष्ट्रीय शिक्षा नीत पर संजीव यादव, स्टेशनरी व लर्निंग कार्नर पर देव सागर दुवे आदि ने अपना अपना विचार प्रस्तुत किए इसके अतिरिक्त प्रतिमा पाण्डेय सुपर वाइजर,नीलम वर्मा सुपर वाइजर,प्रतिमा सिंह आंगनवाड़ी ,संजीव कुमार यादव नोडल संकुल शिक्षक एवं स्वेता रावत सहायक अध्यापिका प्राथमिक विद्यालय अचलपुर द्वितीय आदि को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जगमोहन, जय प्रकाश सैनी, उमेश कुमार, हरी प्रसाद, प्रेम नाथ, खान मोहम्मद नीतू यादव, मंजू मौर्या आदि उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने किया तहसील बलरामपुर सदर में प्राथमिक विद्यालय सहिबरा का निरीक्षण




**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।** परिषदीय विद्यालयों में बेहतर शैक्षिक व्यवस्था एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित किए जाने को डीएम श्री पवन अग्रवाल द्वारा तहसील बलरामपुर में प्राथमिक विद्यालय प्राथमिक विद्यालय सहिबरा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित मिले। इस दौरान उन्होंने बच्चों से सामान्य ज्ञान एवं गणित के प्रश्न पूछकर शैक्षिक गुणवत्ता परखी , सभी छात्रों द्वारा पूछे गए प्रश्न का सही जवाब दिए गए। उन्होंने नामांकन के सापेक्ष विद्यालय में छात्रों की उपस्थिति सुनिश्चित किए जाने जाने साहित आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# डीएम ने किया घुघुलपुर में निर्माणधीन परियोजना राजकीय बालिका डिग्री कॉलेज एवं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज का स्थलीय निरीक्षण





**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद में निर्माणाधीन परियोजनाओं को तीव्र गति देते हुए समय से पूर्ण किए जाने हेतु डीएम श्री पवन अग्रवाल द्वारा बलरामपुर सदर के ग्राम घुघुलपुर में निर्माणधीन राजकीय बालिका डिग्री कॉलेज एवं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज का स्थल निरीक्षण किया गया। राजकीय बालिका डिग्री कॉलेज के निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की गुणवत्ता का जायजा लिया तथा समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित विभाग को भवन हैंडोवर किए जाने की प्रक्रिया में तेजी लाए जाने एवं साइड डेवलपमेंट का निर्देश दिया। इस दौरान अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड, डीईएसटीओ व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# दो आर्थिक महाशक्तियों के ट्रेडवार का असर

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कुर्सी संभालते ही संरक्षणवाद एवं टैरिफवार की एक बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। अमेरिका ने एकतरफा कार्यवाही करते हुए चीन,कनाडा और मेक्सिको के खिलाफ नए टैरिफ लगाए हैं। इससे अपना भारत भी अछूत नहीं है। फिलहाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही अमेरिका का दौरा करने वाले हैं, जिसमें मोदी का कुछ न कुछ असर दिखना स्वाभाविक हो सकता है। बहरहाल ट्रंप के तेवर विश्व व्यापार में असंतुलन पैदा कर सकते हैं। वह अवैध प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई भी शुरू कर चुके हैं। प्रतिक्रिया में चीन ने भी मंगलवार को अमेरिका के खिलाफ कई उत्पादों पर जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा कर दी। उसने भी अमेरिका सर्च इंजन ÷गूगल÷ की जांच सहित अन्य व्यापार संबंधित उपायों की भी घोषणा की है। चीन कोयला एवं तरलीकृत प्राकृतिक गैस उत्पादों पर 15 प्रतिशत शुल्क व कच्चे तेल, कृषि मशीनरी और बड़ी कारों पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाएगा। चीनी प्रतिक्रिया के बाद विश्व में अमेरिका और चीन के बीच ट्रेडवार के दरवाजे फिर से खुलने की संभावना बढ़ गई है। अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ट ट्रंप के पहले कार्यकाल में भी अमेरिका और चीन के बीच ट्रेडवॉर चरम पर था। इसलिए विश्व के व्यापार को सफर करना पड़ा था और जो वायेडन के राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिका और चीन के बीच ट्रेडवार की स्थिति सामान्य हो पाई थी और विश्व में भी तनाव कम हुआ था, किंतु अब ट्रंप ने अपनी दूसरी पारी संभालते ही ट्रेडवार फिर से शुरू कर दिया है। जबकि यह ट्रंप को भी पता है कि उनकी एक तरफ़ा शुल्क वृद्धि विश्व व्यापार संगठन के नियमों के विरुद्ध है और घोर उल्लंघन भी। टैरिफवार से समस्याओं के हल करने में कोई मदद नहीं मिलेगी, बल्कि यह चीन और अमेरिका के बीच सामान्य आर्थिक व व्यापारिक सहयोग को नुकसान पहुंचाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का चीन पर लगाया गया 10 प्रतिशत शुल्क मंगलवार को लागू हो गया। इसके बाद चीन ने भी जवाबी शुल्क लगा दिए। जिसको लेकर ट्रंप अगले कुछ दिनों में एक तरफ चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बात करने की योजना बना रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ वह मैक्सिको, कनाडा और चीन से आयात होने वाली वस्तुओं पर शुल्क लगाने संबंधी आदेश पर शनिवार को हस्ताक्षर भी कर दिए हैं। हालांकि अमल पर एक माह के लिए रोक लगा दी गई है। वहीं चीन ने भी अमेरिका सर्च इंजन गूगल को भी अपनी जांच पर ले लिया है। चीन के स्टेट एडमिनिस्ट्रेशन फॉर मार्केट रेगुलेशन ने गूगल पर विश्वास विरोधी कानून के उल्लंघन के संदेह में जांच शुरू कर दी है। जबकि यह सबको पता है कि ट्रेडवार से किसी भी देश का फायदा नहीं होता है, बल्कि विश्व के अनेक देश इसमें पिसते हैं। ऐसे में दो आर्थिक महाशक्तियों अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड वॉर विश्व व्यापार नियम को प्रभावित करेगा और उत्पादों की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोतरी करेगा। इससे व्यापार में अनेक विकासशील व विकसित देशों के ऊपर बहुत बुरा असर पड़ेगा।

# अमेरिका अपने नियम कानून से चलेगा, भारत को भी घुसपैठियों से ऐसे ही निपटना होगा



संजय सक्सेना

संसद से सड़क तक विपक्ष ने अपना गोल पोस्ट फिर से बदल लिया है। कल तक महाकुंभ में भगदड़ हादसे पर जमीन-आसमान एक किये विपक्षी नेताओं की जमात अब अमेरिका में अवैध तरीके से रह रहे भारतीयों को वहां से भारत भेजे जाने पर सियासत तलाशने लगा है। संसद के बजट सत्र में महाकुंभ हादसे को पीछे ढकेल कर विपक्ष अब लगातार अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे भारतीय नागरिकों के निर्वासन को मुद्दा बनाने लगे हैं।संसद के बाहर हो-हल्ला तो बाहर धरना दिया जा रहा है। लोकसभा में विपक्षी सांसद हंगामा करते हुए इस मुद्दे पर चर्चा की मांग कर रहे हैं। हंगामे की वजह से सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से नहीं चल पा रही है। विपक्ष के तमाम सांसद संसद भवन परिसर में प्रदर्शन कर रहे हैं। लोकसभा के साथ-साथ राज्यसभा में भी इस मुद्दे पर हंगामा देखने को मिल रहा है। विपक्ष के सांसदों ने प्रश्नकाल के दौरान भारतीयों के डिपोर्ट का मुद्दा उठाया। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई कहते हैं कि अमेरिका सरकार के इस रवैये से बेहद दुखी हूं। भारत और अमेरिका के बीच संबंध अच्छे हैं लेकिन उन्होंने जिस तरीके से 100 से ज्यादा भारतीयों को मिलिट्री प्लेन से भेजा है, वो पूरी तरह से अमानवीय है। विदेश मंत्रालय और प्रधानमंत्री को इस पर अपनी बात रखनी चाहिए। विपक्ष ट्रम्प और मोदी के रिश्तों को लेकर भी तंज कस रहे है। लगता नहीं है कि यह सियासत जल्दी थम जायेगी। क्योंकि अभी अमेरिका में अवैध तरीके से रह रहे करीब 150 और भारतीयों को भी अमेरिका से निकाला जाना है। वैसे यह भी नहीं भूलना चाहिए कि अमेरिका में वैध तरीके से रह रहे करीब सात लाख भारतीय बिना भेदभाव के वहां अपना जीवनयापन कर रहे हैं। एक तरफ सिसासतदारों का एक धड़ा अमेरिका के रवैये की आलोचना करके मोदी सरकार को घेर रहा है तो वहीं कुछ बुद्धिजीवी पूछ रहे हैं भारत सरकार, अमेरिका से सबक लेकर कब यहां यह रहे गैर भारतीयों को देश से निकालेगी। एक मोटे अनुमान के अनुसार भारत में करीब पांच करोड़ लोग अवैध रूप से रह रहे हैं,जिनके खिलाफ कार्रवाई करना तो दूर तुष्टिकरण की सियासत के चलते कुछ राजनैतिक दलों के आकाओं द्वारा इन्हें उन्हें पाला पोसा जा रहा है। उनके आधार और पैन कार्ड बनवाये जा रहे हैं। वोटर लिस्ट में नाम शामिल कराया जा रहा है। जबकि यह घुसपैठिये कई आपराधिक वारदातों में लिप्त मिल जाते हैं।

विपक्ष को इस लिये सियासत चमकाने का मौका मिल गया क्योंकि अमेरिका से डिपोर्ट किए गए सभी भारतीयों के हाथों में हथकड़ी और पैरों में बेड़ियां डालकर अमेरिकी एयरक्राफ्ट में भारत लाया गया था। हालांकि अमेरिका सरकार की ओर से इस तरह क्यों किया गया, यह बड़ा सवाल है। भारत सरकार की ओर से इस पूरे प्रकरण पर राज्यसभा में प्रतिक्रिया देते हुए विदेश मंत्री जयशंकर प्रसाद ने संसद में कहा कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। साल दर साल यह होता रहा है। इस तरह (यानी हाथ में हथकड़ी और पैरों में बेड़िया) डिपोटेशन करने का तरीका नया नहीं है। अमेरिका ने अपने नियमों के अनुसार कार्रवाई की। खैर, सियासत के बीच एयरक्राफ्ट से उतरने के बाद सभी भारतीयों को कस्टम व इमीग्रेशन चेकिंग के लिए भेज दिया गया। उक्त विभागों की ओर से सभी के दस्तावेजों और बैकग्राउंड की चेकिंग की जा रही है, ताकि पता चल सके कि जो भी अवैध तरीके से रह रहे थे, उनके खिलाफ भारत के किसी भी राज्य या शहर में कोई आपराधिक केस दर्ज है या नहीं। अगर किसी के खिलाफ इस तरह का कोई रिकार्ड पाया जाता है तो उसे तुरंत हिरासत में ले लिया जाएगा और कानून के मुताबिक बनती कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल जांच चल रही है। अमेरिका से भारत लाए गए 104 भारतीयों में गुजरात 33, हरियाणा के 34, पंजाब के 30, महाराष्ट्र के तीन, उत्तर-प्रदेश-चंडीगढ़ के 2-2 लोग शामिल हैं। इनमें आठ से दस साल के कुछ बच्चे भी शामिल हैं। वहीं, अमेरिका सरकार की ओर से कुल 205 लोगों की लिस्ट जारी की गई थी। बाकी के लोग कब आएंगे, फिलहाल इस पर कुछ भी स्पष्ट नहीं है। बहराल, अमेरिका से भारत लौट रहे अवैध प्रवासियों की पहली फ्लाइट चर्चा में जरूर है, इस पर सियासत भी खूब हो रही है, लेकिन इस वापसी के पीछे भारत को एक और बड़ा फायदा होने वाला है। पंजाब पुलिस ने लगभग 100 कुख्यात अपराधियों की पूरी हिस्ट्री तैयार कर ली है, जिनमें से 20 के अमेरिका में छिपे होने की आशंका है। अब यह संभावना बढ़ गई है कि अमेरिका से अपराधियों के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया भी तेज हो सकती है।



भारत सरकार की ओर से इस पूरे प्रकरण पर राज्यसभा में प्रतिक्रिया देते हुए विदेश मंत्री जयशंकर प्रसाद ने संसद में कहा कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। साल दर साल यह होता रहा है। इस तरह (यानी हाथ में हथकड़ी और पैरों में बेड़िया) डिपोटेशन करने का तरीका नया नहीं है। अमेरिका ने अपने नियमों के अनुसार कार्रवाई की। खैर, सियासत के बीच एयरक्राफ्ट से उतरने के बाद सभी भारतीयों को कस्टम व इमीग्रेशन चेकिंग के लिए भेज दिया गया। उक्त विभागों की ओर से सभी के दस्तावेजों और बैकग्राउंड की चेकिंग की जा रही है, ताकि पता चल सके कि जो भी अवैध तरीके से रह रहे थे, उनके खिलाफ भारत के किसी भी राज्य या शहर में कोई आपराधिक केस दर्ज है या नहीं। अगर किसी के खिलाफ इस तरह का कोई रिकार्ड पाया जाता है तो उसे तुरंत हिरासत में ले लिया जाएगा और कानून के मुताबिक बनती कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल जांच चल रही है।अमेरिका से भारत लाए गए 104 भारतीयों में गुजरात 33, हरियाणा के 34, पंजाब के 30, महाराष्ट्र के तीन, उतर-प्रदेश-चंडीगढ़ के 2-2 लोग शामिल हैं। इनमें आठ से दस साल के कुछ बच्चे भी शामिल हैं। वहीं, अमेरिका सरकार की ओर से कुल 205 लोगों की लिस्ट जारी की गई थी। बाकी के लोग कब आएंगे, फिलहाल इस पर कुछ भी स्पष्ट नहीं है।बहराल, अमेरिका से भारत लौट रहे अवैध प्रवासियों की पहली फ्लाइट चर्चा में जरूर है,इस पर सियासत भी खूब हो रही है, लेकिन इस वापसी के पीछे भारत को एक और बड़ा फायदा होने वाला है। पंजाब पुलिस ने लगभग 100 कुख्यात अपराधियों की पूरी हिस्ट्री तैयार कर ली है, जिनमें से 20 के अमेरिका में छिपे होने की आशंका है। अब यह संभावना बढ़ गई है कि अमेरिका से अपराधियों के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया भी तेज हो सकती है।

बता दें अमेरिका में भारत के कई मोस्ट वांटेड अपराधी छिपे हुए हैं। इनमें सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के आरोपी अनमोल बिश्नोई (गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का भाई), पुलिस प्रतिष्ठानों पर ग्रेनेड हमलों में शामिल हैप्पी पासिया, ड्रग तस्कर सरवन भोला, और गोपी नवांशहरिया जैसे नाम शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, सिख्स फॉर जस्टिस (एसएफजे) के प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू भी पंजाब में हिंसा फैलाने और अवैध प्रवास को बढ़ावा देने में शामिल हैं, ऐसे में उसके तैयार किए गए गुर्गे भी इस वापसी में शामिल हो सकते हैं। इस लिहाज से अमेरिका द्वारा अवैध प्रवासियों को वापस भेजने की शुरुआत इस दिशा में भी मददगार साबित हो सकती है।अमेरिका से डिपोर्ट किए गए भारतीयों को लेकर विमान सी-17 बुधवार को अमृतसर के श्री गुरु रामदास इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। विमान ठीक 2 बजकर 15 मिनट पर अमृतसर एयरपोर्ट पर एविएशन क्लब की तरफ लैंड करवाया गया। इसमें 104 भारतीय सवार थे। सभी को हथकड़ी लगाकर अमेरिका सेना की देखरेख में भेजा गया है।इस विमान ने मंगलवार को अमेरिका के टेक्सास के सैन एंटोनियो से उड़ान भरी थी, जोकि करीब 35 घंटे की उड़ान भरकर अमृतसर पहुंचा। वहीं, विमान पहुंचने से ठीक पहले भारत सरकार के विभिन्न विभागों के अधिकार भी एयरपोर्ट पर पहुंच गए। इनमें मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर, गृह विभाग, भारतीय सेना सहित कई अन्य विभागों के अधिकारी शामिल हैं।

उधर, 05 फरवरी को अमेरिकी विमान के अमृतसर पहुंचने के बाद एविएशन क्लब में ही अमेरिका से आए अधिकारियों और भारत सरकार के विभिन्न विभागों के अधिकारियों की मीटिंग की गई। हालांकि मीटिंग किन मुद्दों पर रही, इस पर अभी किसी भी अधिकारी की ओर से पुष्टि नहीं की गई, लेकिन सूत्रों के मुताबिक अमेरिकी अधिकारियों ने भारत के अधिकारियों के समक्ष अवैध तौर पर आने वाले लोगों के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया है। साथ ही भविष्य में इस पर रोक लगाने के लिए कहा है। इसके अलावा जो एजेंट लोगों को अवैध तरीके से विदेश भेजने का काम कर रहा है। उन पर भी कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

विचार

# प्रयागराज महाकुंभ में वाटर एटीएम की सफलता के मायने

*मुकुंद*

प्रयागराज महाकुंभ में वाटर एटीएम के प्रयोग ने ऐसे धार्मिक आयोजनों में इसकी सार्थकता पर चार चांद लगा दिए हैं। उम्मीद है कि देश में होने वाले ऐसे आयोजनों में वाटर एटीएम की व्यवस्था की जाएगी। भारत सरकार के पत्र एवं सूचना कार्यालय (पीआईबी) की विज्ञप्ति में वाटर एटीएम के प्रयागराज महाकुंभ-2025 में मिल रही लोकप्रियता पर चर्चा की गई है। इसमें कहा गया है कि महाकुंभ में देश-विदेश से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए प्रशासन ने वाटर एटीएम के माध्यम से स्वच्छ और शुद्ध पेयजल की व्यापक व्यवस्था की गई है। महाकुंभ मेला क्षेत्र में 233 वाटर एटीएम स्थापित किए गए हैं। यह सभी 24 घंटे बिना किसी बाधा के संचालित हो रहे हैं। इनसे प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु शुद्ध आरओ (रिवर्स ऑस्मोसिस) जल प्राप्त कर रहे हैं। मेला प्रशासन के अनुसार, 21 जनवरी से एक फरवरी तक 40.85 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने इन वाटर एटीएम का लाभ उठाया।




महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए मेला प्रशासन ने वाटर एटीएम के माध्यम से निःशुल्क पेयजल वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित की है। पहले यह सुविधा एक रुपये प्रति लीटर के शुल्क पर उपलब्ध थी। तब श्रद्धालु या तो सिक्का डालकर या यूपीआई स्कैन के माध्यम से भुगतान कर आरओ जल प्राप्त कर सकते थे। अब यह सेवा पूरी तरह निःशुल्क है। इसके मकसद यह है कि श्रद्धालुओं को स्वच्छ जल प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। यही नहीं प्रत्येक वाटर एटीएम पर एक ऑपरेटर तैनात किया गया है। वह श्रद्धालुओं के अनुरोध पर बटन दबाते ही शुद्ध जल उपलब्ध कराता है। इससे यह सुनिश्चित किया जाता है कि श्रद्धालुओं को जल प्राप्त करने में कोई समस्या न हो और पेयजल की आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी रहे।

महाकुंभ में स्थापित वाटर एटीएम आधुनिक तकनीक से लैस है। इन मशीनों में सेंसर-आधारित निगरानी प्रणाली लगी हुई है, जो किसी भी तकनीकी खामी का तुरंत पता लगाती है। यदि किसी वाटर एटीएम में कोई तकनीकी समस्या आती है, तो इसे जल निगम के तकनीशियन तुरंत ठीक कर देते हैं।

महाकुंभ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की विशाल संख्या को देखते हुए प्रत्येक वाटर एटीएम से प्रतिदिन 12 से 15 हजार लीटर आरओ जल की आपूर्ति की जा रही है। सभी वाटर एटीएम में सिम-आधारित तकनीक का प्रयोग किया गया है। इस वजह से यह प्रशासन के केंद्रीय नेटवर्क से जुड़े रहते हैं। इस तकनीक के जरिये कुल जल खपत, जलस्तर प्रबंधन, जल की गुणवत्ता और वितरण की मात्रा पर निरंतर निगरानी रखी जाती है। हर बार जब कोई श्रद्धालु वाटर एटीएम का उपयोग करता है तो एक लीटर शुद्ध जल निकलता है, जिसे वह मशीन में लगी टोंटी के नीचे रखी बोतल में भर सकता है। पिछले महाकुंभ आयोजनों में देखा गया था कि संगम और अन्य घाटों के आसपास प्लास्टिक की बोतलों और अन्य कचरे की समस्या गंभीर रूप से बढ़ जाती थी। इस बार प्रशासन ने न केवल स्वच्छ जलापूर्ति की व्यवस्था की है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया है। महाकुंभ मेला प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया है कि वाटर एटीएम पूरे आयोजन के दौरान बिना किसी बाधा के कार्य करते रहें। इसके अलावा प्रयागराज प्रशासन आगे भी इसी तरह की पहल करने पर विचार कर रहा है। इसका सबसे बड़ा लाभ श्रद्धालुओं को तो मिल ही रहा है, इससे प्रशासन को पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक कचरे में कमी लाने की दिशा में भी सफलता मिल रही है। यह प्रयोग श्रद्धालुओं के लिए अधिक सुविधाजनक, सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल बन गया है। यह प्रयोग ऐतिहासिक और अन्य राज्यों के लिए अनुकरणीय है।

वाटर एटीएम का विचार नया नहीं है। सुरक्षित पेयजल की चुनौती को देखते हुए सरकार ने वैकल्पिक समाधान के रूप में वाटर एटीएम और जल शुद्धिकरण यंत्र जैसे छोटे जल उद्यमों को मान्यता देनी शुरू की है। सेफ वॉटर नेटवर्क के अनुसार, देश में सामुदायिक जलशोधन संयंत्रों की संख्या वर्ष 2014 में 12,000 थी। यह 2018 में बढ़कर लगभग 50,000 हो चुकी है। वर्तमान में यह संख्या और ज्यादा होगी। सरकार 2030 तक हर घर जल के अंतर्गत तेजी से काम कर रही है। देश के लाखों लोगो को शुद्ध पानी उपलब्ध कराने के लिए वाटर एटीएम की शुरुआत 2008 में पीरामल फाउंडेशन के सेल्स हेड धर्मवीर सिंह ने की थी। उन्होंने इसके लिए सर्वजल अभियान शुरू किया था। यह वाटर एटीएम वाटर बूथ भी कहलाते हैं। जैसे की मिल्क बूथ होते हैं जो दूध उपलब्ध कराते है और ये वाटर बूथ पानी उपलब्ध कराते है। ये वाटर बूथ दिखने में एटीएम की तरह होते है, इसलिए इन्हें वाटर एटीएम भी कहा जाता है।

साहित्य

India नहीं भारत बोलो



## इस नवयुग के ही थे महावीर...!

**संजय एम तराणेकर**

*वह इस नवयुग के ही थे महावीर,*
*सत्य, अहिंसा व कल्याण के तीर।*
*जन्म और परिवार कर्नाटक राज्य,*
*बेलगांव में सदलगा गांव चिकोड़ी।*
*दस-2 छियालीस में शरद पूर्णिमा,*
*शिशुरूप में एक चांद का अवतरण।*
*वह इस नवयुग के ही थे महावीर,*
*सत्य, अहिंसा व कल्याण के तीर।*
*संत शिरोमणि पूज्य समाधिस्थ संत,*
*आचार्य विद्या सागरजी भक्ति ग्रंथ।*
*सभी भक्तों को राह दिखाते गुरुदेव,*
*सभी उनकी शरण में देखते एकमेव।*
*वह इस नवयुग के ही थे महावीर,*
*सत्य, अहिंसा व कल्याण के तीर।*
*गुरुदेव के ज्ञान एवं चिंतन प्रभाव,*
*नई शिक्षा नीति मार्गदर्शक में भाव।*
*उन्हें ना केवल दूजा स्थान मिला,*
*निर्देशों का अक्षरश यू पालन किया।*
*वह इस नवयुग के ही थे महावीर,*
*सत्य, अहिंसा व कल्याण के तीर।*
*गुरुजी विराट व्यक्तित्व का प्रभाव,*
*प्रधानमंत्रीजी संबोधन में श्रद्धा भाव।*
*जीवनगाथा, गुणवर्णन होता असंभव,*
*व्यक्तित्व,तप,संयम व त्याग हैं संभव।*
*वह इस नवयुग के ही थे महावीर,*
*सत्य, अहिंसा व कल्याण के तीर।*
*हम सब है तुच्छ क्या कहे गुरुदेव,*
*अनासक्त महायोगी,अपराजेय साधक,*
*संत शिरोमणि हो पूज्य है युगदृष्टा!*
*प्रखर तपस्वी, महा-मनीषी, निस्पृही।*
*(संदर्भ : आचार्यश्री विद्या सागरजी महाराज)*



# राशिफल

**मेषः-** काफी दिनों से अवरोधित कोई हल होने के आसार बनेंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है। शिक्षा प्रतियोगिता की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा।

**वृषभः-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यवहार कुशल बने। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें।

**मिथुनः-** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कार्य में जाया न करें। नई दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**कर्कः-** नये व्यावसायिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**सिंहः-** नई घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही कतई न करें।

**कन्याः-** जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। संबंधियों के सहयोग से कठिनाइयां दूर होंगी।

**तुलाः-** भविष्य को लेकर मन नकारात्मक आशंकाओं से प्रभावी रहेगा। प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा।

**वृश्चिकः-** रोजगार संबंधी कुछ नई योजनाओं पर मन केंद्रित होगा। किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**धनुः-** अपनी बातूनी कला का लाभ उठाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ का योग है।

**मकरः-** बीती बातों को सोचने के बजाय वर्तमान में जीने की चेष्ठा करें। जरूरत से ज्यादा बोलना व्यक्तित्व पर कुप्रभावी होगा। अतः इसे सुधारें।

**कुंभः-** सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया अपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी।

**मीनः-** मस्त-मौला मन व्यर्थ के कार्य में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कार्य में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।

# मोहन के जापान दौरे से मप्र के औद्योगिक विकास को मिली नई दिशा

*हर्षवर्धन पाण्डे*

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की जापान यात्रा ने न केवल जापान की औद्योगिक प्रगति और विकास को करीब से समझने का अवसर प्रदान किया बल्कि वहां के लोगों की जीवनशैली, संस्कृति, तकनीकी विकास को भी करीब से देखा। जापान सरकार और प्रवासी भारतीयों द्वारा डॉ. यादव का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। जापान में उनकी यात्रा का उद्देश्य मध्य प्रदेश और जापान के सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंधों को मजबूत करना रहा। जब वह टोक्यो पहुंचे तो उनका वहां स्थानीय प्रशासन द्वारा स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जापान दौरे के पहले दिन टोक्यो में विभिन्न महत्वपूर्ण बैठकों और कार्यक्रमों में शामिल हुए। टोक्यो में जापान के निवेशकों और औद्योगिक संस्थानों के प्रमुखों के साथ मध्य प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों के बढ़ावा देने वाले क्षेत्रों और संभावनाओं के विषयों पर चर्चा की। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव फ्रेंड्स ऑफ एमपी-जापान टीम के साथ भेंट करने के साथ ही टोयोटा मोटर कॉरपोरेशन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ औद्योगिक और निवेश सहयोग के विषय पर बैठक की जिसके बाद टोक्यो स्थित भारतीय दूतावास में सेलिब्रेटिंग इंडिया-जापान रिलेशनशिप : फोकस मध्यप्रदेश रोड-शो में भी सहभागिता की ।

जापान के तकनीकी विकास से डॉ. मोहन यादव को काफी प्रभावित किया। उन्होंने देखा कि कैसे जापान अपने अत्याधुनिक तकनीकी अविष्कारों और इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से दुनिया भर में एक महत्वपूर्ण स्थान बना चुका है। वहाँ की रेल प्रणाली ने उन्हें खासा प्रभावित किया। उन्होंने बुलेट ट्रेन की सवारी की और महसूस किया कि कैसे यह तकनीकी दृष्टि से दुनिया के सबसे तेज और सुरक्षित परिवहन साधनों में से एक है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जापान एक्सटर्नल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन के साथ टोक्यो के मिनाटो-कू में विस्तृत चर्चा की जिसमें जापानी कंपनियों के मध्य प्रदेश में निवेश को लेकर संभावनाओं और सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श हुआ। जेट्रो ने मध्यप्रदेश सरकार के साथ बड़े निवेश पर चर्चा की। डॉ. मोहन यादव ने जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी को मध्यप्रदेश में हाइड्रो प्रोजेक्ट में निवेश करने के लिये आमंत्रित किया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिकित्सा उपकरणों का उत्पादन करने वाली कंपनी एएनडीडी मेडिकल के निदेशक डाइकी अराई ने मध्य प्रदेश में निर्माण इकाई स्थापित करने की मंशा जाहिर की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टोक्यो में एएनडी मेडिकल कम्पनी के निदेशक डाइकी अराई से मुलाकात कर मध्य प्रदेश में चिकित्सा उपकरण निर्माण के अवसरों पर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन के अत्याधुनिक मेडिकल डिवाइस पार्क में निवेश के लिये आमंत्रित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश सरकार औद्योगिक इकाइयों को रियायती दरों पर भूमि उपलब्ध करा रही है। उन्होंने इस पार्क को भारत के तेजी से विकसित हो रहे हेल्थ केयर और मेडिकल डिवाइस सेक्टर का एक महत्वपूर्ण केन्द्र बताया। उज्जैन में बन रहे मेडिकल डिवाइस और मुख्य रूप से मेडिकल सेक्टर के लिए भी जापान के उद्योगपतियों से निवेश की बात कही है। सीएम डॉ. यादव के प्रयासों से मध्य प्रदेश में मेडिकल और फार्मास्यूटिकल मैन्युफैक्चरिंग का नया हब बनने जा रहा है जिसके लिए जापान से निवेशकों के बड़े प्रस्ताव भी मिले हैं। उन्होंने सिस्मेक्स की अत्याधुनिक मेडिकल डिवाइस निर्माण तकनीक का अवलोकन किया और मध्यप्रदेश में सिस्मेक्स को आमंत्रित किया। एएंडडी मेडिकल ने मध्य प्रदेश में अपनी निर्माण इकाई स्थापित करने में विशेष रूचि दिखाते हुए इसे वर्ष के अंत तक इसे शुरू करने की बात कही है। जापान की एएंडडी मेडिकल कम्पनी वैश्विक स्तर पर चिकित्सा उपकरण और स्वास्थ्य



निगरानी उत्पादों का उत्पादन करती है। डॉ. मोहन यादव ने कोबे और ओसाका में स्थित हेल्थ केयर और डॉयग्नोस्टिक कम्पनी साइसमेक्स प्रमुख औद्योगिक कम्पनियों के उद्योगपतियों के साथ बैठक की और हेल्थ केयर, ऊर्जा और मैन्युफेक्चरिंग क्षेत्रों में निवेश एवं साझेदारी पर भी चर्चा की। उन्होंने जापानी कार निर्माता कंपनी टोयोटा मोटर कॉरपोरेशन के वरिष्ठ अधिकारियों से भी मुलाकात कर उनसे मध्य प्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की।पैनासोनिक एनर्जी कंपनी लिमिटेड, डॉयग्नोस्टिक कंपनी साइसमेक्स सहित कई औद्योगिक कंपनियों ने बैटरी निर्माण और प्रदेश में ऊर्जा भंडारण के क्षेत्र में गहरी रूचि दिखाई और मध्य प्रदेश में भरपूर निवेश का भरोसा दिलाया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने जापान दौरे में प्रवासी भारतीयों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आपने जो नींव तैयार की है उसका फायदा भारत की आने वाली पीढ़ियों को मिलेगा। जापान की यात्रा डॉ.मोहन यादव के लिए एक अद्वितीय अनुभव है। जापान में डॉ. यादव की सादगी लोगों के दिल में उतर गई। डॉ. यादव ने अपने सोशल मीडिया में एक ऐसा वीडियो शेयर किया जो खूब वायरल हो रहा है। इस वीडियो में उनके सहज, सरल और आकर्षक व्यक्तित्व की विलक्षण छाप देखने को मिल रही है। लोग जापानी अंदाज और भाषा में उन्हें विदाई दे रहे हैं। इम्पीरियल होटल से चेक-आउट करते समय होटल के सदस्यों ने बड़ी देरतक खड़े होकर उनके लिए तालियां बजाईं और तस्वीरें खिंचवाईं। लोग तब तक होटल के मुख्य द्वारा पर खड़े रहे, जब तक डॉ. यादव कार में नहीं बैठे। मध्य प्रदेश वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन 24-25 फरवरी 2025 को भोपाल में आयोजित होगा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। इस दो दिवसीय शिखर सम्मेलन में 30 से अधिक देशों के 15,000 से अधिक निवेशकों के शामिल होने की उम्मीद है। यह सम्मेलन उद्योगपतियों के लिए आकर्षण का एक प्रमुख केंद्र होगा। इस बार की समिट में जापान कंट्री पार्टनर होगा जिससे दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग को मजबूती मिलेगी। जापानी निवेशकों के अलावा अन्य देशों के भी निवेशक इस समिट में भाग लेंगे। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 मध्य प्रदेश के आर्थिक विकास के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर साबित होगी। इस आयोजन से नए उद्योगों की स्थापना, रोजगार के अवसरों में वृद्धि और राज्य की औद्योगिक छवि को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की उम्मीद है। कहा जा सकता है कि डॉ. मोहन यादव का जापान दौरा एमपी में जापानी कंपनियों के बीच निवेश को बढ़ावा देने में कारगर साबित हुआ है। उन्होंने अपनी चार दिन की जापान यात्रा में न केवल जापान के प्रमुख उद्योगपतियों से मुलाकात की और निवेश और व्यापार के नए अवसरों को तराशा बल्कि जापानी समाज और संस्कृति को समझने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया। उन्होंने वहां की तकनीकी प्रगति, कला, संस्कृति और व्यापारिक दृष्टिकोण को अपनी यात्रा के अनुभवों में समाहित किया। यह यात्रा मध्य प्रदेश और जापान के बीच संबंधों को प्रगाढ़ करने में भी सहायक साबित हुई है।

*(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
मुख्य कार्यालय (*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887
**स्थानीय संपादक आर.बी. सिंह, संपादकीय कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9305748833, 9451244788**

# प्रसव के बाद 24 घंटे तक प्रसूताओं को अस्पताल में रोके: जिलाधिकारी

महोबा, समृद्धि न्यूज़।




जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई, जिसमें स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा हुई बैठक में स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों पल्स पोलियो कार्यक्रम, जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम संस्थागत प्रसव समीक्षा मातृ मृत्यु, शिशु मृत्यु समीक्षा, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, पी.एम. एस. एम. दिवसों में क्यूआर कोड के माध्यम से अल्ट्रासाउंड, टीकाकरण परिवार कल्याण, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, संचारी रोग अभियान आदि कार्यक्रमों की समीक्षा की गई डीएम मृदुल चौधरी ने जनपद के सभी एम.ओ.आई.सी. को जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत संस्थागत प्रसव को बढ़ाने एवं एफआरयू की क्रियाशीलता तथा लाभार्थियों को प्रसव उपरांत 24 घंटे तक रोकने सहित गुणवत्ता पूर्ण भोजन प्रदान करने के लिए निर्देशित किया इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आशाराम, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ पवन अग्रवाल सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## सिरफिरे नें फांसी लगाकर जान दी

**मौदहा हमीरपुर।** क्षेत्र के टिकरी हार में एक सिरफिरे युवक ने बबूल के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली पुलिस ने मृतक के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम गुसियारी निवासी सुनील कुमार (30) पुत्र टीपू केवट बुधवार की शाम से घर से गायब था। गुरुवार की सुबह उसका शव टिकरी हार में एक बबूल के पेड़ पर फांसी पर लटकता देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। यह खबर फैलते ही घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। इसकी जानकारी होते ही उसके परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच मृतक के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## दबंगों ने की मारपीट, पुलिस में रिपोर्ट दर्ज

**राठ(हमीरपुर)।** दबंगो ने लोगो को जमकर मारापीट जिससे गंभीर चोटे आयी है पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करा दी गयी है। जनपद जालौन के करमचंद्रपुर निवासी हृदेश सिंह भदौरिया पुत्र गोविन्द सिंह भदौरिया ने बताया कि वह ट्रक लेकर खदान संख्या 18 झिटकरी इछौरा से मौरंग लादकर जालौन के लिए जा रहा था। जैसे ही झबरा चौराहा चंडौत के पास पहुंचे तभी एक व्यक्ति मैजिक गाड़ी से देर रात ट्रक के सामने लगा दिया और गाडी में से तीन व्यक्ति बाहर आए। तीनों ने गाली गलौज देते हुऐ उसे ट्रक से नीचे उतार लिया और कहने लगे कि कैसी गाड़ी चलाते हो। इतना कहने पर वह गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उसे मारपीट करने लगे। ट्रक में उसका भाई प्रान्शु भी था। जो उतरकर नीचे आया और मुझे बचाने लगा तो तीनों ने उसे भी मारा पीटा। मारपीट से वह लहुलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। तीनों जान से मारने धमकी देते हुए भाग गए।

## रिटायर्डकर्मी की सड़क हादसे में मौत

**राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।** महोबा से लौट रहे सेवानिवृत्त सिंचाई विभाग के अमीन को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार अमीन की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कस्बे के मुगलपुरा बजरिया मोहल्ला निवासी आमिर ने बताया कि उसके पिता राठ कस्बे के नहर कोठी में सिंचाई विभाग में अमीन के पद पर सेवानिवृत्त हुए थे। गुरुवार की सुबह करीब आठ बजे उसके पिता बाइक से महोबा न्यायालय गए थे। वापस लौटते समय पनवाड़ी मार्ग स्थित एक पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक अपने पीछे दो पुत्र साबिर आमिर को छोड़ गया है। पति की मौत पर पत्नी शाहजहां का रो रोकर बुरा हाल है।

## चादरपोशी व लंगर में उमड़ा अकीदतमंदों का जनसैलाब

**मौदहा हमीरपुर।** कस्बे सहित क्षेत्र के प्रख्यात सूफी संत हजरत पीर सुर्खरु बाबा के तीन दिवसीय सालाना उर्स में अकीदतमंदों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। कस्बे के मोहल्ला हैदरिया स्थित पीरबाबा के तीन दिवसीय उर्स के दूसरे दिन गुरुवार को सुबह बाद नमाज़ फजिर मजार ए पाक पर कुरआन ख्वानी का आयोजन किया गया जबकि दोपहर में मजार पर भारी लंगर का आयोजन हुआ। जिसमें अकीदतमंदों का जनसैलाब उमड़ पड़ा इतना ही नहीं मोहल्ले में भी जगह जगह लंगर का आयोजन किया गया था। जबकि दोपहर बाद मोहल्ला बड़ा कसौड़ा के सफिया चौधरीए रसूल दरोगा जी के यहां से धूमधाम से चादर निकाली गई जो कव्वालियों के साथ मजार पर पहुंची। वहीं बाद नमाज़ असर हजरत हकीम उददीन निजामी (हक्की बाबा) के पैतृक मकान से कदीमी चादर निकाली गई जो मुख्य रास्ताओं से होकर मजार ए अकदस पर पहुंची। इस दौरान हजारों की संख्या में अकीदत मंद मौजूद रहे। जबकि बाद नमाज़ इशा मजार की खानकाह पर शानदार सूफियाना कव्वालियों की महफिल का आयोजन किया गया।

## वेतन न मिलने से नारेबाजी की एक्शियन ने दिया आश्वासन

**राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।** कस्बे के जलालपुर रोड पर स्थित विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता कार्यालय में विद्युत विभाग में तैनात संविदा/आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने दो माह से वेतन न आने के विरोध में जमकर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान एक्सईएन ने शाम तक वेतन आने का आश्वासन देकर कर्मचारियों को शांत कराया है। विद्युत विभाग के कर्मचारी राम प्रकाश सोनी, बबलू, ब्रजमोहन, फैजुल, बाबूलाल, विवेक शर्मा, बृजकिशोर, नसीम, नरेश, गंगाचरन, असफाक अहमद, अवधेश, रमेश सैनी, नौशे, आशीष, विवेक शर्मा, फारुख सहित अन्य कर्मचारियों ने बताया कि दो माह दिसंबर और जनवरी का वेतन अभी तक उनके बैंक खातों में नहीं आया है। जिससे उन लोगों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वह लोग भुखमरी की कगार पर भी पहुंच रहे हैं। बताया कि उनके बैंक खातों में वेतन न आने की वजह अकाउंटेंट की गलती बताई जा रही है। बताया कि उन्होंने विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता के कार्यालय के बाहर समय से वेतन न आने के विरोध में नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया है। वहीं इस मामले में विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता का कहना है कि गुरुवार की शाम तक सभी कर्मचारियों के खातों में वेतन की धनराशि डाल दी जाएगी।

## कमिश्नर की अध्यक्षता में गोल चौराहा से रामा देबी चौराहे तक एलिवेटेड कारीडोर की डीपीआर गठन हेतु बैठक



घाटमपुर समृद्ध न्यूज़।

आयुक्त , कानपुर मंडल श्री के. विजयेंद्र पाण्डीयन की अध्यक्षता में उद्योग निदेशालय, गोल चौराहा में गोल चौराहा से रामादेवी चौराहा तक लगभग 11 किमी हेतु एलीवेटेड कॉरीडोर की डीपीआर गठन हेतु बैठक हुई । बैठक में मार्ग के महत्व को देखते हुये इस बहुउद्देशीय परियोजना के संरेखण पर भी विस्तृत चर्चा हुई। मंडलायुक्त ने बताया कि उक्त मार्ग के बन जाने से नवनिर्मित चकेरी एयरपोर्ट एवं प्रयागराज की तरफ जाने वाले यातायात सुगम हो जायेगा। उक्त हेतु आयुक्त महोदय द्वारा मार्ग टाटमिल, रामादेवी इत्यादि चौराहो पर आम जनमानस की असुविधा के दृष्टिगत दिनांक 23. फरवरी, 2025 तक डीपीआर प्रेषण हेतु कन्सलटेन्ट मेसर्स हेक्सा प्राइवेट ज्वाइंट स्टॉक कंपनी, नई दिल्ली संयुक्त साथ में मेसर्स टेक्नोक्रेट्स एडवाइजरी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया। मंडलायुक्त ने यह भी बताया कि घंटाघर से भी इसकी कनेक्टिविटी दी जायेगी जिससे नयागंज, कलेक्टरगंज, परेड, लाटूश रोड, मेस्टन रोड इत्यादि क्षेत्रों से भी चकेरी एयरपोर्ट जाने का सम्पर्क दीर्घगामी हो जायेगा। बैठक में नीरज श्रीवास्तव, समन्वयक उच्च स्तरीय जिला विकास समिति एवं एके जयन्त अधिशाषी अभियन्ता, राष्ट्रीय मार्ग खण्ड, लोनिवि, कानपुर, परियोजना प्रबन्धक, सेतु निगम एवं सम्बन्धित विभागों के सहायक अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## एसई आगरा ने वर्कशाप का किया निरीक्षण, पौथिया में बनेगा ट्रासफार्मर वर्कशाप

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।



दक्षिणांचल विघुत वितरण निगम आगरा कार्यशाला के अधीक्षण अभियंता जेएस मिश्रा ने स्थानीय कार्यशाला में आकर जांच पड़ताल की। इसके बाद पौथिया गांव जाकर ट्रांसफार्मर मरम्मत कार्यशाला के लिए भूमि का मौका मुआयना किया। एसई ने कार्यशाला में जाकर कि ट्रांसफार्मरों की जा रही मरम्मत कार्य देखा नये ट्रांसफार्मर को लेकर कारीगरों से बातचीत की और वर्कशाप में स्थान कम होने को लेकर कहा कि बहुत जल्द समस्या का निदान कर दिया जाएगा। इस मौके पर बांदा ट्रांसफार्मर कार्यशाला के अधिशासी अभियंता रामवेद वर्मा व मंडल के सभी सहायक अभियंता मौजूद रहे। इसके बाद अधिशासी अभियंता ने कार्यालय में ट्रांसफार्मर संबंधी बैठक लेकर चर्चा की। कहा कि किसानों को किसी भी हालत में समस्या न आने पाए। वही आगामी गर्मियों के दिनों में हर नलकूप में ट्रांसफार्मर रखवाए जाएं ताकि किसी को पेयजल की समस्या से जूझना न पड़े। किसानों को ट्रांसफार्मर लेने के लिये वर्कशाप के चक्कर न लगाने पडे। छोटी सी जगह में इतने अधिक ट्रांसफार्मर बनाये जाने को लेकर एसई ने आश्चर्य जताया, आज कार्यशाला में जमकर सफाई व्यवस्था की गयी थी। इस मौके पर ट्रासफार्मर रिपेयरिंग कांट्रेक्टर अरशद खान भी मौजूद रहे।


रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

# महाकुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

**महाकुम्भ मेला–2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार हैः–

**दिनांक 07.02.2025 (शुक्रवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, चिलबिला, खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी, सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया, मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली, रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04601 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 03:50 | फाफामऊ जं. | 04:25 | शहीद कप्तान तुषार महाजन, जम्मू तवी, कठुआ, पठानकोट कैंट, जलंधर कैंट, लुधियाना जं., अम्बाला कैंट, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन। |
| 04407 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मुक्तेश्वर, हापुड एवं गाजियाबाद स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 04146 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टुण्डला जं., इटावा, गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 09404 | जंघई जं. | 08:30 | अहमदाबाद जं. | 18:00 | प्रयागराज जं,, फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा, टूंडला जं., आगरा फोर्ट, बयाना जं., गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर जं., कोटा जं., रामगंज मंडी, भवानी मंडी, नागदा जं., रतलाम जं., दाहोद, गोधरा जं., छायापुरी एवं आणंद जं. स्टेशन |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम, गोशाईगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 01662 | बनारस | 14:45 | रानी कमलापति (भोपाल) | 11:30 | चुनार जं., मिर्जापुर,, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., मझगवां, जैतवार, सतना, मैहर, झुकेही, कटनी, सिहोरा रोड, देवरी, जबलपुर, मदन महल, श्रीधाम, नरसिंहपुर, करेली, गाडरवारा, पिपरिया, सोहागपुर, इटारसी जं., नर्मदापुरम, बुदनी, ओबेदुल्ला गंज एवं मन्डीदीप स्टेशन |
| 09801 | सोगरिया | 08:15 | बनारस | 10:15 | अन्ता, बारां, अटरू, छबड़ा गुगोर, रुठियाई, गुना, अशोक नगर, मुंगावली, बीना मालखेड़ी, खुरई, नरयावली, सागर, गिरवर, गणेशगंज, पथरिया, दमोह, बांदकपुर, रीठी, कटनी, झुकेही, मैहर, सतना, जैतवार, मझगवां, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर एवं चुनार जं. स्टेशन |
| 01456 | मऊ जं. | 23:50 | पुणे जं. | 15:45 | आज़मगढ़, शाहगंज जं., वाराणसी जं., चुनार जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., बानापुरा, हरदा, खिरकिया, छनेरा, तलवड़िया, खंडवा, भुसावल जं., जलगाँव जं., मनमाड जं., बेलापुर, अहमदनगर एवं दौंड कॉर्ड लाइन स्टेशन |
| 03410 | प्रयागराज रामबाग | 19:15 | मालदा टाउन | 14:30 | बनारस, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेन्द्रनगर (ट), बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा जं., किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुलतानगंज, भागलपुर, कहलगाँव, साहिबगंज जं., बड़हरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. स्टेशन |
| 07084 | आज़मगढ़ | 19:45 | मचिलीपट्णम | 09:00 | शाहगंज जं., वाराणसी जं., मिर्ज़ापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., बैतूल, नागपुर जं., चंद्रपुर, बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, मंचिर्याल, रामगुंडम, वरंगल, खम्मम एवं विजयवाड़ा जं. स्टेशन |
| 08587 | गोरखपुर जं. | 17:45 | विशाखपट्टणम | 15:55 | देवरिया सदर, मऊ जं., जौनपुर जं., वाराणसी जं., चुनार, मिर्ज़ापुर, प्रयागराज छिवकी,,मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर जं., पेन्ड्रा रोड, बिलासपुर जं., चाँपा, रायगढ़, झारसुगुड़ा रोड, सम्बलपुर सिटी, रेढ़ाखोल, बोइण्डा, अनुगुल, ढेंकानाल, नराज मार्थापुर, भुवनेश्वर, खोरधा रोड जं., बालुगाँव, छत्रपुर, ब्रह्मपुर, पलासा, श्रीकाकुलम रोड एवं विजयनगरम जं. स्टेशन |
| 05004 | गोरखपुर जं. | 21:30 | झूँसी जं. | 06:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05003 | झूँसी जं. | 07:45 | गोरखपुर जं. | 16:25 | |
| 04814 | पाटलिपुत्र | 04:30 | भगत की कोठी | 13:45 | दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., मिर्जापुर, प्रयागराज जं., फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूंडला जं., अलीगढ जं., गाजियाबाद, दिल्ली जं., दिल्ली कैंट., गुड़गांव, रेवाडी, जं., महेंद्रगढ़, सतनाली, लोहारू, सादुलपुर जं., चूरू, रतनगढ़ जं., सुजानगढ़, लाडनूं, डीडवाना, छोटी खाटू, बड़ी खाटू, डेगाना जं., मेड़ता रोड जं., गोटन एवं जोधपुर जं. स्टेशन |
| 04493 | पटना जं. | 20:00 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 14:00 | दानापुर, आरा, बक्सर, पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं., गोविंदपुरी, टूंडला जं., अलीगढ़ जं. और गाजियाबाद स्टेशन |
| 05101 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औंरिड़हार जं., गाजीपुर सिटी, यूसुफपुर, चित बड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी, मढ़ौरा, मशरख जं., दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे जं., हथुआ, सीवान जं., मैरवा, भाटपार रानी, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, इंदारा जं. मऊ जंक्शन, दुल्लहपुर, जखनियां, औंड़िहार जंक्शन, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जंक्शन, बनारस, माधोसिंह और ज्ञानपुर स्टेशन |
| 05102 | झूँसी (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | |

**दिनांक 08.02.2025 (शनिवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, चिलबिला, खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी, सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया, मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली, रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04526 | बठिण्डा | 04:30 | फाफामऊ जं. | 23:55 | रामपुरा फूल, बरनाला, धुरी जं., पटियाला, राजपुरा जं., अंबाला कैंट जं., यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर जं., रूड़की, लक्सर जं., नजीबाबाद जं., मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ जं. एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04066 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफामऊ जं. | 14:15 | गाजियाबाद, हापुड, गढ़मक्तेश्वर, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ जं. एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04065 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | |
| 04661 | फाफामऊ जं. | 06:30 | अमृतसर | 04:15 | रायबरेली जं., लखनऊ जं., शाहजहाँपुर, बरेली, रामपुर, मोरादाबाद, अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मक्तेश्वर, हापुड, मेरठ सिटी, मुजफ्फरनगर, देवबंद, सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी, अंबाला कैंट जंक्शन, राजपुरा जं., सरहिंद जं., ढंडारी कलां, जालंधर सिटी और ब्यास स्टेशन |
| 04602 | फाफामऊ जं. | 19:30 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 22:00 | रायबरेली जं., लखनऊ जं., बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर जं., अंबाला कैंट जं., लुधियाना जं., जालंधर कैंट, पठानकोट कैंट, कठुआ, जम्मू तवी और शहीद कैप्टन तुषार महाजन स्टेशन |
| 04612 | फिरोजपुर कैंट | 13:25 | फाफामऊ जं. | 11:30 | फरीदकोट, कोट कपूरा, बठिंडा, धुरी जं., पटियाला, राजपुरा जं., अंबाला कैंट जं., सहारनपुर जं., रूड़की, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ जं. एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 08791 | दुर्ग | 13:50 | वाराणसी | 10:00 | रायपुर जं., भाटापारा, उसलापुर, पेन्ड्रा रोड, अनुपपुर जं., शहडोल, उमरिया, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर और चुनार स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा, टूंडला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | सुल्तानपुर, माँ देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं., देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम, गोशाईंगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं. जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 09802 | बनारस | 14:45 | सोगरिया | 15:45 | अन्ता, बारां, अटरू, छबड़ा गुगोर, रुठियाई, गुना, अशोक नगर, मुंगावली, बीना मालखेड़ी, खुरई, नरयावली, सागर, गिरवर, गणेशगंज, पथरिया, दमोह, बांदकपुर, रीठी, कटनी, झुकेही, मैहर, सतना, जैतवार, मझगवां, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर एवं चुनार जं. स्टेशन |
| 09371 | डॉ. अम्बेडकर नगर | 13:45 | बलिया | 19:15 | इंदौर जं., उज्जैन जं., शुजालपुर, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, गंज बासौदा, बीना, ललितपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, उरई, गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, चुनार जं., जौनपुर जं., औंड़िहार जं. और गाजीपुर सिटी स्टेशन |
| 03409 | मालदा टाउन | 20:45 | प्रयागराज रामबाग | 17:15 | न्यू फरक्का जं., बड़हरवा जं., साहिबगंज जं., कहलगाँव, भागलपुर, सुलतानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं., मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर, राजेंद्र नगर, पटना जंक्शन, दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन और बनारस स्टेशन |
| 07107 | तिरुपति | 20:55 | बनारस | 15:45 | गुडूर जं., नेल्लूर, ओंगोल, चीराला, तेनाली जं., विजयवाड़ा जं., एलुरु, ताडेपल्लिगुडेम, निडदवोल जं., राजमुंद्री, समालकोट जं., अन्नवरम, इलामंचिली, अनाकापल्ले, दुव्वाडा, पेंदुर्ती, कोट्टावलसा, विजयनगरम जं., बोब्बिली, पार्वतीपुरम, रायगढ़ा, मुनिगुड़ा, केसिंगा, टिटलागढ़, बलांगीर, बरगढ़ रोड, संबलपुर जं., झारसुगुड़ा जं., राउरकेला, हटिया, रांची, मुरी जं., बरका काना, तोरी, लातेहार, बरवाडीह जं., डाल्टनगंज, गढ़वा रोड जं., जपला, सोन नगर, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, चंदौली मझवार, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., काशी एवं वाराणसी स्टेशन। |
| 05003 | झूँसी जं. | 07:45 | गोरखपुर जं. | 16:25 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, औंड़िहार जं., मऊ जं., बेलथरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन |
| 05101 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औंरिड़हार जं., गाजीपुर सिटी, यूसुफपुर, चित बड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी, मढ़ौरा, मशरख जं., दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे जं., हथुआ, सीवान जं., मैरवा, भाटपार रानी, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, इंदारा जं. मऊ जंक्शन, दुल्लहपुर, जखनियां, औंड़िहार जंक्शन, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जंक्शन, बनारस, माधोसिंह और ज्ञानपुर स्टेशन |
| 05102 | झूँसी (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# डीपीएस के बच्चों ने दुबई के शैक्षणिक संस्थानों का किया भ्रमण

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



डीपीएस के बच्चों ने दुबई, अबूधाबी, शारजाह और अजमान के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों का भ्रमण किया और वहां पढ़ रहे बच्चों से मुलाकात कर विभिन्न शैक्षिक विषयों पर अपने स्वतंत्र विचार भी साझा किए। भ्रमण के उपरांत बच्चों ने दुबई (यूएई) के कई प्रसिद्ध पर्यटक स्थलों को भी देखा। सबसे पहले बच्चों ने दुबई के सबसे बड़े स्कूल इंडियन हाई स्कूल के प्रधानाचार्य, शिक्षकों और बच्चों से मुलाकात के साथ साथ कई महत्वपूर्ण विषयों पर टेबल टॉक की, स्कूल के बच्चों के साथ फ्रेंडली बास्केटबॉल मैच खेला और उनकी शिक्षा व्यवस्थाओ को समझा और डीपीएस इटावा की शिक्षा व्यवस्थाओ को बताया और अपने इनोवेटिव आइडियाज को शेयर किया । उसके बाद दूसरे दिन यूएई के अन्य अमीरात अजमान के डीपीएस का भ्रमण किया और वहां के प्रधानाचार्य, शिक्षकों और बच्चों से मुलाकात की। अगले क्रम में बच्चों ने दुबई में भारतीय उच्चायोग गये। डॉ राम शंकर ने भी सभी बच्चों का दुबई आगमन पर स्वागत करते हुए बच्चों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफल कैरियर बनाने के कई महत्वपूर्ण टिप्स दिए। इसी क्रम में बच्चों ने यूएई के सुप्रसिद्ध बिजनेसमैन, सुप्रसिद्ध फूड ब्रांड पूरनमल स्वीटस के सीईओ अभय अग्रवाल से भी मुलाकात। उन्होंने भी बच्चों के साथ अपने जुमेरा स्थित अपने प्रीमियम रेस्टॉरेंट वेदा बाई पूरनमल में लंच कर सभी को खूब प्रोत्साहित किया। तीसरे दिन सभी छात्र यूएई की राजधानी अबू धाबी गये जहाँ उन्होंने अभी हाल ही में यूएई के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा स्थापित कराये गये स्वामी नारायण मंदिर जाकर दर्शन किए। भ्रमण के अंत में दुबई में डेजर्ट सफारी, 2071 का फ्यूचर - फ्यूचर ऑफ़ म्यूजियम, विश्व का सबसे बड़ा फ्रेम- दुबई फ्रेम, विश्व के सबसे बड़े फाउंटेन- म्यूजिकल फाउंटेन, विश्व का सबसे बड़े मॉल-दुबई मॉल, विश्व की सबसे बड़ी इमारत - बुर्ज ख़लीफ़ा के साथ अन्य स्थलों का भ्रमण किया। डीपीएस इटावा के चेयरमैन डॉ विवेक यादव ने बताया कि इस भ्रमण के माध्यम से बच्चों ने दुबई के शानदार शैक्षिक वातावरण सहित, वर्ल्ड क्लास फ्यूचर स्कूल,डिजिटल स्मार्ट लाइब्रेरी और विभिन्न वर्ल्ड क्लास गेम्स एक्टिविटीज को भी नजदीकी से देखा और सीखा है।

## एक पशुपालक की छह भैंसे मरने से हड़कंप

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** क्षेत्र के ग्राम शेषपुर टुटरु में पशुपालक रामखेलावन यादव की छः भैंसों के मरने तथा चार बीमार होने की खबर से क्षेत्र के पशुपालकों में हड़कम्प मच गया। गुरुवार को खंण्ड विकास अधिकारी सिरौलीगौसपुर अदिती श्रीवास्तव, उपमुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ गयाप्रसाद,पशु चिकित्साधिकारी कोटवाधाम डॉ विकास सिंह अम्बुज तिवारी पशुधन प्रसार अधिकारी आदि शेषपुर टुटरु पंहुच कर मामले की जांच की तथा बीमार चारों भैंसों का उपचार किया।इस सम्बंध में उपमुख्य चिकित्साधिकारी डॉ गयाप्रसाद ने बताया है कि बीमार चारों भैंसों का कल से उपचार किया जा रहा है जिनके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण अभिषेक कुमार, मंशाराम,तथा पशु पालन विभाग के पैरावेट आदि मौजूद रहे।

# ट्रेनों के ठहराव पर भाकियू ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) राष्ट्रीयतावादी ने हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर रामचंद्र सिंह के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष विधि चंद यादव ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के नाम का ज्ञापन डीएम शशांक त्रिपाठी को दिया।

जिला अध्यक्ष विधि चंद यादव ने बताया कि हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के नहीं रुकने से क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। यात्रियों को लखनऊ या अमेठी जिले के निहालगढ़ रेलवे स्टेशन तक जाना पड़ता है, जो हैदरगढ़ से लगभग 60 किलोमीटर दूर है। इससे न केवल यात्रियों का अतिरिक्त समय बर्बाद होता है, बल्कि उन्हें आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे को लेकर पहले भी कई बार धरना-प्रदर्शन किया जा चुका है और ज्ञापन भी दिए जा चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है। जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया है कि वे दो दिन के भीतर डीआरएम से वार्ता कर इस समस्या का समाधान करेंगे। बैठक में पूर्वांचल प्रभारी केवल बहादुर सिंह, जिला प्रभारी आफ़ताब आलम, मीडिया प्रभारी अजय गौतम ब्लाक अध्यक्ष हैदरगढ़ सुमन सिंह, राजकुमार , सुमित , मोनिका , रामकला , अब्दुल बारी, सलमा खातून , सुमन यादव , ज्ञानेश्वरी ,सीताराम निषाद , नवीन चंद्र, सरजू देई,अशोक वर्मा समेत विभिन्न ब्लॉक और तहसील के अध्यक्ष, प्रभारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अवैध निर्माण पर वन विभाग और ग्राम प्रधान में हुआ टकराव



**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

हरख स्थित जीआईसी खेल मैदान में एक विवादास्पद निर्माण कार्य सामने आया है, जहां मेरठ की एक निजी कंपनी बिना उचित अनुमति के सीमेंट पिलर की ढलाई कर रही है। मामले में ग्राम प्रधान और वन विभाग के बीच विरोधाभासी बयान सामने आए हैं। ग्राम प्रधान चट्टान सिंह का दावा है कि कंपनी को वन विभाग से परमिट मिला हुआ है। हालांकि, वन विभाग के दरोगा ने इस दावे को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि विभाग ने केवल टेंडर जारी किया था, जिसे मेरठ की एक निजी कंपनी ने लिया था।दरोगा ने साफ कहा कि कंपनी मनमाने ढंग से खेल मैदान का उपयोग कर रही है और इस निर्माण कार्य से विभाग का कोई लेना-देना नहीं है।यह मामला सार्वजनिक खेल मैदान के दुरुपयोग का गंभीर उदाहरण है, जहां बिना उचित अनुमति और निगरानी के निर्माण कार्य चल रहा है।स्थानीय प्रशासन से इस अवैध निर्माण पर कार्रवाई की मांग उठ रही है।

# रिलायन्स इंडस्ट्रीज लि. के सौजन्य से सी.एस.आर. मद से जनपद को मिली तीन ट्रूनॉट मशीनें



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्तमान में जनपद में 07 दिसम्बर, 2024 से चलाये जा रहे 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान के सफल सम्पादन हेतु विंग कमांडर अभिषेक मतिमान, रिलायन्स इंण्डस्ट्रीज लिमिटेड के सौजन्य से सीएसआर मद से 03 ट्रूनॉट मशीनें जनपद-बाराबंकी को उपलब्ध करायी गयी है। जिसके लिये शशांक त्रिपाठी, जिलाधिकारी ने रिलायन्स इंण्डस्ट्रीज लिमिटेड का आभार व्यक्त किया। डॉ. अवधेश कुमार यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि इन आधुनिक मशीनो से टीबी की जाँचो का लाभ जनता को प्राप्त होगा। इससे 100 दिवसीय अभियान में नैट परीक्षण में तेजी आयेगी। डॉ. राजीव टंडन जिला क्षय रोग अधिकारी द्वारा बताया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, रामसनेहीघाट, जाटा बरौली व त्रिवेदीगंज, बाराबंकी पर ट्रूनॉट मशीन उपलब्ध नही थी जिसके कारण वहाँ की जॉचे अन्य ब्लाको से करायी जाती थी।

अब ये जॉचे उसी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में की जा सकेगी। अधीक्षक डॉ. कुलदीप मौर्या, डॉ. हरप्रीति एव डॉ. रमेश चन्द्रा को ट्रूनॉट मशीने आवंटित कर प्राप्त करा दी गयी है। इस अवसर पर आशुतोष उपायुक्त उद्योग, एवं जिला क्षय रोग केन्द्र व मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से श्रीमती शिप्रा सिंह, रितेश सिंह, कपिल कुमार, शिशिरकान्त, साबिर, डॉ. नासिर कमाल, अंकुर वर्मा व कमलेश वर्मा इत्यादि उपस्थित रहे।



# आंगनबाड़ी केंद्र पर प्रथम संस्था ने वितरित किया टीएलएम

**फतेहपुर, बाराबंकी।** विकास खण्ड स्थित प्राथमिक विद्यालय इसरौली मे प्रथम संस्था की पहल पर आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के लिए 20 प्रकार टीचिंग लर्निंग मैटेरियल (टीएलएम) किट का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत सीडीपीओ और बीईओ ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर रिबन फीता काट कर किया। वही प्रथम संस्था के प्रतिनिधि रजनीश यादव ने कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। साथ ही संस्था के सदस्य देवेन्द्र चाहर हिमांशु ने संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए बताया की टीएलएम किट से बच्चों के सीखने की क्षमता मे आत्याधिक वृद्धि होगी। कार्यक्रम में प्रथम संस्था के सदस्यों के आलावा आलोक मिश्रा,अनुज शुक्ला,आंगनबाड़ी कार्यकत्रियो और सहायिकाओ एवं बच्चो सहित अभिभावक उपस्थित रहे।

## धनुष यज्ञ मेले में अंतिम दिन निकाली गई शोभायात्रा

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** पांच दिवसीय धनुष यज्ञ मेला के अंतिम दिन राम दरबार की शोभायात्रा निकाली गई। गुरुवार को दोपहर 12 बजे से शुरू हुई शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हुए। गाजे बाजे के साथ पारिजात धाम बरौलिया से प्रारंभ हुई शोभायात्रा में रथ पर सवार भगवान राम, लक्ष्मण, माता सीता और हनुमान की भव्य झांकियां निकाली गईं। यात्रा गांव से होते हुए रामलीला मैदान तक पहुंची । जहां श्रद्धालुओं ने भक्तिमय नृत्य किया। शाम करीब 4 बजे भरत मिलाप का प्रसंग प्रस्तुत किया गया । जिसमें प्रभु श्रीराम की अयोध्या वापसी और भरत मिलाप के दृश्य ने सभी को भावविभोर कर दिया। रामलीला के कलाकारों द्वारा किए गए सजीव अभिनय ने दर्शकों के दिलों को छू लिया। भरत के साथ शत्रुघ्न, लक्ष्मण और माता सीता भी भावुक हो गए। राजगद्दी कार्यक्रम वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक क्षण को देखने के लिए परिसर में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस मौके पर राम लीला मेला समिति पारिजात धाम बरौलिया के अध्यक्ष चन्द्रेश कुमार वर्मा वर्मा खाद भंडार, इन्द्रेश वर्मा, ग्राम प्रधान जय प्रकाश वर्मा, चंदन वर्मा, रविकांत वर्मा, मोनू, लवकुश, गोबिंद प्रसाद, विशाल वर्मा, ओमप्रकाश, रामकिशोर, मो. जाकिर, एवं समस्त कमेटी सदस्य उपस्थित रहे।

# खबरें एक नजर में

## वामन अवतार की कथा सुन स्रोता हुए भावविभोर



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** भागवत कथा सुनने और भगवान को अपने मन में बसाने से व्यक्ति के जीवन में सुख और शांति का प्रादुर्भाव होता है। उक्त उदगार कथा व्यास पं. मुरली मनोहर शास्त्री ने मुख्य यजमान प्रेम नारायण मिश्र के सफीपुर गांव स्थित आवास पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा में व्यक्त किये। शास्त्री जी ने कथा में वामन अवतार की कथा सुनाकर सभी श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। कहां राजा बलि ने अपना सर्वस्व ईश्वर को दान कर दिया। इस अवसर पर मुख्य यजमान प्रेम नारायण मिश्रा, पं0 सिद्धनाथ त्रिपाठी, ओम प्रकाश अवस्थी, मनोज मिश्रा, जिद्दी बाबा, राजेश तिवारी, हिमांशु तिवारी, शीतला प्रसाद सोनी, कामता प्रसाद शुक्ला, हरिश्चंद्र शुक्ला सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में ग्राम पंचायत अधिकारी घायल



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** त्रिवेदीगंज विकासखंड में तैनात ग्राम विकास अधिकारी संयम मिश्रा सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। घटना उस समय हुई जब वे रोजाना की तरह अपने कार्यालय जा रहे थे।पीछे से आ रही एक चार पहिया वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की तत्काल सहायता से घायल अधिकारी को मोहनलालगंज नई जेल के पास स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार किया। जांच और उपचार के बाद हालत में सुधार होने के बाद डॉक्टरों ने उन्हें घर जाने की अनुमति दे दी।

## विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में जीजीआईसी फतेहगढ़ रहा प्रथम



छात्राओं को पुरस्कृत करते डीआईओएस व प्रधानाचार्य अनिल सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मेला रामनगरिया में माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से सांस्कृतिक पांडाल में विज्ञान क्विज का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के लगभग सभी इंटर कालेजों ने प्रतिभाग किया। जिसका संचालन पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कालेज कनकापुर के रसायन विज्ञान प्रवक्ता कुमार देवव्रत तिवारी एवं महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कालेज, फतेहगढ़ की नोडल शिक्षिका निर्मला सिंह ने किया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्रपाल सिंह एवं प्रधानाचार्य परिषद के जिलाध्यक्ष अनिल सिंह रहे। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कालेज फतेहगढ़, द्वितीय स्थान पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कालेज कनकापुर एवं तृतीय स्थान राजकीय इंटर कालेज फर्रुखाबाद छात्र/छात्राओं का रहा। इस अवसर पर जिला विज्ञान समन्वयक दीपिका राजपूत, अल्पना द्विवेदी एवं अनिल वर्मा के द्वारा पुरस्कार देकर विजेता छात्र/छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया।

# डकैती करने वाला बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

**फतेहपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

तहसील क्षेत्र अंतर्गत थाना बड्डूपुर पुलिस ने बुजुर्ग दंपति से डकैती करने वाले एक शातिर बदमाश को मुठभेड़ मे गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार बुधवार की रात करीब समय लगभग रात के साढ़े ग्यारह बजे बडडुपुर थाना क्षेत्र के स्थान बाबा कुटी नहर के पास बदमाश और पुलिस में मुठभेड़ हो गई।

जिसमे बदमाश के पैर मे गोली लग गई। घायल बदमाश की शिनाख्त धधरा निवासी 24 वर्षीय तफसीम के रुप में हुई। यही बदमाश बीती 26 जनवरी की रात बाबू हरनाथ सिंह सिसौदिया इंटर कालेज के पास नया पुरवा मजरे बड़ागांव में हुई डकैती में शामिल था।इस घटना मे वृद्ध अयोध्या प्रसाद और उनकी पत्नी को बंधक बनाकर उनसे 20 हजार नगद,सोने चांदी के जेवरात और दो मोबाइल फोन लूट लिए थे।पुलिस ने घायल बदमाश को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर में लाकर भर्ती कराया। जहां मौजूद चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार कर घायल को जिला अस्पताल बाराबंकी रेफर कर दिया बदमाश के पास से एक मोटरसाइकिल 315 बोर की एक तमंचा एक जिंदा कारतूस एवं कुछ जेवरात बरामद हुए। पुलिस क्षेत्राधिकारी जगत कनौजिया के अनुसार डकैती में शामिल अन्य बदमाशों की तलाश जारी है और जल्द ही उन्हे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।घटना मे कुल चार बदमाश शामिल थे जिसमें से एक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# डीएम ने दिये पटरियों से अतिक्रमण हटाने के निर्देश



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

▸ आलापुर, सहित कई स्थानों का किया निरीक्षण

जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने गुरुवार को शहर के कई प्रमुख स्थानों का निरीक्षण कर सड़क पटरियों पर दुकानदारों द्वारा किये गए अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने अलापुर में निरीक्षण के दौरान देखा कि तमाम ठेला दुकानदारों द्वारा सड़क की पटरी पर अतिक्रमण करते हुए अपनी दुकानें लगा रखी है।

जिससे रास्ते में जाम की समस्या बनी रहती है। इस पर जिलाधिकारी ने ईओ नगरपालिका नवाबगंज को निर्देशित करते हुए कहा कि चिन्हाकिंत किये गए स्थान पर मिट्टी पटाई कराकर दुकानें सिप्ट कराई जाए। इसके बाद जनेसमा रोड पर लगने वाली सब्जी की दुकानों अन्यत्र विस्थापित किये जाने हेतु नए स्थल के चिन्हाकन के लिये कमरियाबाग, देवा रोड पर ओवरब्रिज के नीचे व मालगोदाम रोड निकट साईं मंदिर के पास के स्थलों का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने ईओ नगरपालिका को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क पटरियों पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों पर जुर्माना लगाया जाए। इस मौके पर जॉइंट मजिस्ट्रेट आर जगत साईं, ईओ नगरपालिका नवाबगंज संजय शुक्ला, सीओ सिटी जगत कनौजिया सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।


## आवश्यक सूचना



मै मूर्ति पत्नी चिनकवा निवासी ग्राम महुवापुरवा गजरा हरदौली पो. बीबीपुर तहसील घाटमपुर कानपुर नगर की रहने वाली हूं। राजस्व अभिलेखों में भी मेरा नाम मूर्ती पत्नी चिनकवा अंकित है लेकिन त्रुटिवश मेरे आधार कार्ड संख्या 681094245166 में शिया दुलारी लिखा है जो गलत है। मुझे मूर्ती पत्नी चिनकवा के नाम से ही जाना पहचाना जाता है।

**श्रीमती मूर्ती पत्नी चिनकवा**

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम रामकेवल पुत्र श्री राम किशुन, ग्राम पंचायत सरायगोपी परगना सुबेहा तहसील हैदरगढ़ जिला बाराबंकी का निवासी हूँ। मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरे पिता का नाम रामकिशुन की जगह त्रुटिवश राम कृष्ण अंकित हो गया है। जबकि सही व शुद्ध नाम रामकिशुन है। अतः मुझे राम केवल पुत्र राम किशुन के नाम से ही जाना व पहचाना जाए और मेरे ड्राइविंग लाइसेंस पर अंकित पिता का नाम रामकिशुन पढ़ा जाए।

**राम केवल, पुत्र राम किशुन निवासी ग्राम सराय गोपी, परगना सुबेहा तहसील हैदरगढ़ बाराबंकी।**


## तहरीर देकर पीड़ित ने की मामले की शिकायत

**जालौन,उरई।** रंजिश के चलते भाइयों के साथ गाली, गलौज कर मारपीट किए जाने की शिकायत पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खटीकान निवासी अजमी कुरैशी ने पुलिस को बताया कि उनके मोहल्ले के ही साबिर उर्फबल्ले उससे रंजिश मानते हैं। रंजिश के चलते अक्सर विवाद करते रहते हैं। कई बार समझाने की कोशिश की लेकिन समझने को तैयार नहीं है। पीड़ित ने बताया कि वह घर के बाहर काम कर रहा था तभी साबिर अपने साथ जुबैर उर्फ डोकल, सारिक उर्फ नूरा व राशिद निवासीगण मोंहल्ला खटीकान को लेकर आए और उसके साथ गाली, गलौज करने लगे।

# आचार्य विद्यासागर महाराज का प्रथम समाधि समृति दिवस मनाया

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



समाधि स्मृति दिवस पर मौजूद जैन समाज की महिलायें

गुरुवार को 1008 महावीर दिगंबर जैन मंदिर जोगराज स्ट्रीट में श्रमण संस्कृति के महान संत आचार्य विद्यासागर महाराज की प्रथम समाधि स्मृति दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में समस्त जैन समाज की महिलाओं ने हिस्सा लिया। यह आयोजन जैन समाज के लिए विशेष महत्व रखता है। कार्यक्रम में आचार्य विद्यासागर महाराज के जीवन और उनके योगदान को याद किया गया।

संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर का छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ स्थित जैन तीर्थ स्थान चंद्रगिरी तीर्थ क्षेत्र में महासमाधि में प्रवेश करने से पहले सिर्फ शब्द कहा था सिर झुका और महासमाधि में लीन हो गए थे। आचार्य ज्ञान सागर के शिष्य आचार्य विद्यासागर ने 77 साल की उम्र में चंद्रगिरि तीर्थ में 3 दिन के उपवास के बाद अपना शरीर त्याग दिया था। 30 जून 1968 को राजस्थान के अजमेर में अपने गुरु आचार्य ज्ञान सागर महाराज से मुनि दीक्षा ली थी। आचार्य ज्ञान सागर महाराज ने उनकी कठोर तपस्या को देखते हुए उन्हें अपना आचार्य पद दिया था। 22 साल की उम्र में घर परिवार छोड़ उन्होंने दीक्षा ली थी। दीक्षा के पहले भी उनका नाम विद्याधर था। महिलाओं ने भक्तांबर स्तोत्र के 48 काव्यों को पढ़कर 48 दीप प्रज्वललित किए व आचार्य विद्यासागर के भजन गए। नीलम जैन ने आचार्य गुरुवर विद्या सागर को प्रणाम भजन गाकर सबको आचार्य विद्यासागर की याद दिलाई। कार्यक्रम गूंजा जैन, ममता जैन, नीलम जैन, वर्षा जैन, स्वीटी जैन, मंजू जैन, सुचित्रा जैन, अंजू जैन, मिनी जैन, पूनम जैन, आकांक्षा, राजकुमारी आदि जैन समाज की महिलाएं उपस्थित रही।

## परिजनों से नाराज युवक दो दिनों से लापता

**जालौन,उरई। घर** से नाराज होकर निकला युवक दो दिन से लापता है। पीड़ित पिता ने बेटे की गुमशुदगी की सूचना कोतवाली में दी। पुलिस युवक की तलाश कर रही है।कोतवाली क्षेत्र के जालौन निवासी वीरेंद्र श्रीवास ने पुलिस को बताया कि उनका 18 वर्षीय बेटा अमित बुधवार की सुबह घर में कुछ कहासुनी होने पर नाराज होकर घर से निकल गया था। घर से निकलने के बाद उन्होंने सोचा कि कुछ समय बाद जब बेटे का गुस्सा शांत होगा तो वह घर लौट आएगा। लेकिन काफी समय तक जब वह वापस नहीं लौटा तो उसकी तलाश शुरू की। सभी नाते रिश्तेदारों, परिचितों और उसके दोस्तों के यहां पूछतांछ करने के बाद भी बेटे का कहीं पता नहीं चला।

# पंचदसनामा जूना अखाड़ा व आह्वान अखाड़ा की ओर से निकाली गयी शोभायात्रा



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पंचदसनाम जूना अखाड़ा तथा आह्वान अखाड़ा की ओर से मेला रामनगरिया में शोभायात्रा निकाली गयी। जो गंगा के किनारे होते हुए पूरे मेले में घूमी। शोभायात्रा का समापन अखाड़े पर हुआ।

जानकारी के अनुसार गुरुवार को मिनी कुम्भ मेला श्रीरामनगरिया में पंचदसनाम जूना अखाड़ा व आह्वान अखाड़ा की ओर से धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में साधु संत, नागा व कल्पवासी आदि शामिल हुए। शोभायात्रा का जगह-जगह भक्तों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। पंचदसनाम जूना अखाड़ा के अध्यक्ष सत्यगिरि महाराज ने बताया कि सनातन संस्कृति को बढ़ावा देने तथा लोगों को सनातन के प्रति जागरुक करने के लिए शोभायात्रा निकाली गयी। जो पूरे मेले में घूमी। इस दौरान नागा संतों ने कई हैरतअंगेज करतब दिखाये। उनके करतब देखकर लोग हैरान रह गये। पंचदसनाम जूना अखाड़ा से शुरु हुई यात्रा पूरे मेले में घूमकर अखाड़े पर आकर समाप्त हो गयी। यात्रा के दौरान संतगण हर-हर गंगे, जय शिव शम्भू के उद्घोष कर रहे थे। संतों ने सभी के मंगल की कामना की। इस दौरान श्री महंत रामानंद गिरि, सत्यगिरि महाराज, दयापुरी, रामगिरि, रामऔतार गिरि, फूलश्री गिरि, विपनपुरी, मंशागिरि, ब्रह्मगिरि आदि संतगण मौजूद रहे।

# डीएम के निर्देश पर माफियाओं पर एफआईआर दर्ज कर भेजा जेल

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर खनन लोकेशन माफ़ियाओं व बिना प्रपत्र परिवहन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की गई।

संयुक्त टास्क फोर्स की टीम ने उप जिलाधिकारी कालपी, क्षेत्राधिकारी और खनन अधिकारी के नेतृत्व में माफिया के खिलाफ सख्त कदम उठाए। लोकेशन माफ़ियाओं व अवैध खनन और ओवरलोडिंग की सूचना प्राप्त हुई थी। टास्क फोर्स ने छापेमारी करते हुए लोकेशन माफ़ियाओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई। इसके साथ ही, ओवरलोडिंग और बिना आवश्यक प्रपत्र के 15 ट्रकों को मौके पर ही पकड़ कर सीज कर दिया गया। यह कार्रवाई खनन माफ़ियाओं के खिलाफ जिलाधिकारी के द्वारा दिए गए सख्त निर्देशों के तहत की गई। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विभागीय अधिकारियों को यह निर्देश भी दिया कि जनपद में लुकेशन माफ़ियाओं, अवैध खनन और ओवरलोड ट्रकों की गतिविधियों पर अंकुश हेतु इस प्रकार की कार्रवाई भविष्य में भी लगातार जारी रखी जाए ताकि अनैतिक अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके।

## यमुना पट्टी में मौरम खनन करते दो ट्रैक्टर-ट्राली पकड़े

**कालपी,जालौन।** यमुना पट्टी में मौरम के अवैध खनन का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने खनन के लिए जा रही दो ट्रेक्टर ट्राली को भी पकड़ा है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हीरापुर गांव के पास मौरम का अवैध खनन कोई नया नहीं है। लेकिन यह गांव 2015 में सुर्खियों मे उस समय आया था जब अवैध खनन की प्रतिस्पर्धा में गांव के युवक की गोली मारकर हत्या कर दी थी जिसके बाद से खुलेआम खनन बन्द हो गया था पर गाँव व क्षेत्र के दबंग मौका पाकर अपना काम करते रहते हैं लेकिन कुछ दिनों से यहां पर खनन होने की सूचना आ रही थी हालाकि प्रशासन इन सूचनाओं को झुठलाता रहता था लेकिन गत माह खनन की प्रतिस्पर्धा में गांव में मारपीट भी हुई थी और मामला पुलिस तक भी आया था।


## कार्यालय ग्रा0पं0 स्यानी विकास खण्ड नवाबगंज, फर्रुखाबाद।

पत्रांकः ग्रा0पं0/ 15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 06/02/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत स्यानी द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 07/02/2025 से 11/02/2025 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 11/02/2025 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | धनवेश के दरवाजे से विश्वनाथ के दरवाजे तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 8.61 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | फूल सिंह के घर से रामनरेश के मकान तक नाली निर्माण कार्य | 1.91 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | फूल सिंह के घर से रामनरेश के मकान तक इंटरलाकिंग कार्य निर्माण कार्य | 4.25 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 4- | नाहर सिंह के दरवाजे से सोने लाल के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कर्य | 2.50 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 5- | सामुदायिक शौचालय मरम्मत कार्य | 1.60 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तें**– निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (विमलेश)** **ग्रा0पं0 स्यानी, नवाबगंज** **सचिव ( सुनील कुमार)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत अलावलपुर विकास खण्ड मोहम्मदाबाद, फर्रु0

पत्रांकः ग्रा0पं0/मनरेगा योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 06/02/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत अलावलपुर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 07/02/2025 से 13/02/2025 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 13/02/2025 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | कम्पोजिट विद्यालय में किचन शेड निर्माण कार्य | 398885 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तें**– निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान ( सत्यप्रिय दिवाकर)** **ग्रा0पं0 अलावलपुर मोहम्मदाबाद** **सचिव ( रामवीर शाक्य)**

# डोर टू डोर जाकर कूड़ा उठायें सफाई कर्मचारी: चेयरमैन

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**

स्वच्छ भारत अभियान के तहत नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों की बैठक में चेयरमैन ने कहा डोर टू डोर जाकर कूड़ा उठाने का काम करें जिससे स्वच्छता मिशन अभियान को सफल बनाया जा सके। समधन नगर पंचायत कार्यालय परिसर में गुरुवार को स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत सफाई कर्मचारियों की एक बैठक आयोजित हुई जिसमें चेयरमैन आसमा बेगम ने कहा कि नगर के सभी सफाई कर्मचारी नगर के सभी मोहल्लों में बने घरों से निकलने वाला कूड़ा को डोर टू डोर उठाने का काम करें इससे जहां एक ओर कूड़ा के तत्काल उठ जाने से नगर साफ़ स्वच्छ लगेगा वहीं गन्दगी फैलने से भी निजात आम जनता को मिलेगी



अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने कहा कि सफाई कर्मचारी अपनी डियूटी के प्रति और सक्रियता लाने की जरूरत है जो सफाई कर्मचारी तमाम प्रयासों के बावजूद लापरवाही बरत रहे उनके खिलाफ जांच कराकर कठोर कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

जिला प्रोग्राम मैनेजर शिवम सिंह ने नगर की जनता से अपील करते हुऐ कहा कि वह अपने घरों से निकलने वाले कूड़ा करकट को एक जगह एकत्रित कर दें। जिससे समय पर हमारे कर्मचारी उसको उठाकर एक निर्धारित जगह पर पहुंचा सके उन्होंने आम जनता से स्वच्छ भारत मिशन अभियान को सफल बनाने में सहयोग करने को कहा है इस अवसर पर वरिष्ठ लिपिक अंकित कुमार दुबे, विवेक गुप्ता, दीपक श्रीवास्तव, आलोक शाक्य, हनीफ अली, बकार अहमद, रियाज खान, सफाई नायक सुनील कुमार, नरेश चंद्र आदि मौजूद रहे।

## पत्नी-पुत्र ने मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** किसी बात को लेकर समझाने गए पति से पत्नी व उसके पुत्र ने बेवजह गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर उसका बाया हाथ तोड़ दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला गांधी नगर निवासी कासिम पुत्र गयासुद्दीन ने कोतवाली में दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि वह 05 वर्ष बाद जेल से छूट कर अपने घर वापस आया था। अपनी पत्नी व बेटे को समझाने का प्रयास किया। लेकिन तभी पत्नी और बेटे ने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और उसका बाया हाथ भी तोड़ दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



टूर्नामेंट मैच में बल्लेबाजी करता खिलाड़ी

## जरारी क्रिकेट टीम ने सौरिख को हराया

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** नगर के दारासराय स्थित कालोनी के पास चल रहा गौरी क्रिकेट टूर्नामेंट का छठा लीग मैच गुरुवार को सौरिख व जरारी क्रिकेट टीम के बीच मैच कराया गया जिसमें सौरिख क्रिकेट टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 14 ओवरों में 101 रन बनाकर पूरी टीम आलाउट हो गई जीत के लिए 102 रनों का लक्ष्य रखा उसके बाद दूसरी पारी में जरारी क्रिकेट टीम ने अच्छी बल्लेबाजी की जिसमें 11 ओवरों में 6 विकेट खोकर 102 रन बनाकर जीत अपने नाम कर ली कमेटी ने जरारी टीम के खिलाड़ी मोहम्मद आजम को मैन ऑफ द मैच दिया गया सैकड़ों की संख्या में दर्शक मैच का आनंद लेने के साथ- साथ खिलाड़ियों को हौसला अफजाई करते रहे। इस अवसर पर मोहम्मद नफीस बम्बईया, अब्दुल्ला खान, मोहम्मद आरिफ उर्फ शीरू, मोहम्मद इमरान, खान,रुकसाद पहलवान, मोहम्मद खालिद, मोहम्मद आरिफ आदि मौजूद रहे।

## युवक को बेवजह मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** परिवार के लोगों ने बेवजह युवक से गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला सुभाष नगर निवासी गोविंद पुत्र ओम प्रकाश गुप्ता ने कोतवाली पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि मंगलवार की शाम करीब 07 बजे परिवार के दो लोगों ने बेवजह उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## खबरें एक नजर में

### किडजी स्कूल के बच्चों को दी गई सब्जी की जानकारी



**छिबरामऊ, कन्नौज।** किडजी स्कूल के बच्चों को सब्जी फॉर्म पर जाकर सब्जी के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। श्री आर एस लाल देवकी ग्लोबल स्कूल के अध्यापक अध्यापको के साथ छात्र-छात्राएं सब्जी फार्म पर गए और सब्जी कैसे उत्पन्न होती है इसकी जानकारी छात्राओं को दी गई शिक्षक शिक्षकों ने गुणवत्ता पूर्व जानकारी छात्र छात्राओं को दी।

### बाइक पटिया से टकराकर खड्ड में गिरी, युवक घायल

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** तेजगति से जा रहा बाइक सवार युवक अचानक सड़क पर बनी पटिया से टकराकर बुरी तरह घायल हो गया गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव जहांगीरपुर निवासी गौरव कुमार 18 वर्ष पुत्र सोवरन सिंह वर्मा बीता बुधवार रात को मलिकपुर से घर बाइक से आ रहा था गांव की सड़क पर कुछ लोगों ने एक पटिया बना दी है जिससे बाइक टकराकर खड्ड में जा गिरी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया आनन-फानन में परिजनों ने उसे पहले गुरसहायगंज एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां हालत गंभीर होने पर फर्रूखाबाद रिफर किया गया हालत गंभीर होने पर कानपुर रिफर किया गया है। घायल युवक के पिता ने एक लिखित शिकायती पत्र रामाश्रम चौकी प्रभारी हरीश कुमार को दिया गया उधर चौकी प्रभारी हरीश कुमार ने बताया कि घायल युवक के पिता की तहरीर पर गांव के एक व्यक्ति पर मुकदमा दर्ज किया गया।

### ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने जनता की सुनी समस्याएं

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत मलिकपुर प्रधान मुख्तरी बेगम के प्रतिनिधि शमीम उर्फ हबलू ने गांव में पहुंचकर ग्रामीणों की बराबर समस्याओं को सुनकर निस्तारण करने का काम कर रहे हैं। समधन क्षेत्र के ग्राम पंचायत मलिकपुर की प्रधान मुख्तरी बेगम के प्रतिनिधि शमीम उर्फ हबलू ने गुरुवार को गांव में पहुंचकर ग्रामीणों का हाल जाना और उनकी समस्याओं को सुनकर समय से निस्तारण करने का भरोसा दिलाया है इसी दौरान उन्होंने कहा कि हमारे ग्राम पंचायत के नागरिकों के बीच आने वाली हर छोटी बड़ी समस्या का हम हर संभव समाधान करने का बराबर प्रयास करते हैं और करते रहेंगे।

### 10 को होगा कनीशा कोल्ड स्टोरेज का उद्घाटन

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी क्षेत्र के किसान भाइयों को जानकर महान हर्ष होगा कि फर्रूखाबाद रोड़ मलिकपुर, समधन स्थित कनीशा कोल्ड स्टोरेज का शुभमूहूर्त आने वली 10 फरवरी सोमवार को शीतगृह का शुभारंभ होना सुनिश्चित हुआ है। कोल्ड स्टोरेज के मैनेजर मो0 आमिर लकी ने जानकारी देते हुए बताया कि कोल्ड स्टोरेज के शुभारंभ में क्षेत्रीय सभी किसान भाई सादर आमंत्रित हैं।

### घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** तेजगति से जा रहा बाइक सवार युवक अचानक सड़क पर बनी पटिया से टकराकर बुरी तरह घायल हो गया था इलाज के लिए ले जाते समय घायल युवक ने दम तोड़ दिया।।गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव जहांगीरपुर निवासी गौरव कुमार 18 वर्ष पुत्र सोवरन सिंह वर्मा बीता बुधवार रात को मलिकपुर से घर बाइक से आ रहा था गांव की सड़क पर कुछ लोगों ने एक पटिया बना दी है जिससे बाइक टकराकर खड्ड में जा गिरी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था आनन-फानन में परिजनों ने उसे पहले गुरसहायगंज एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां हालत गंभीर होने पर फर्रुखाबाद रिफर किया गया हालत में सुधार न होने से घायल युवक को कानपुर ले जाते समय रास्ते में उसने दम तोड़ दिया घायल युवक के पिता ने एक लिखित शिकायती पत्र रामाश्रम चौकी प्रभारी हरीश कुमार को दिया गया उधर चौकी प्रभारी हरीश कुमार ने बताया कि घायल युवक के पिता की तहरीर पर गांव के एक व्यक्ति पर मुकदमा दर्ज किया गया।

### कृषि यंत्र अनुदान के लिए ई-लाटरी का आयोजन 11 को

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** उप निदेशक कृषि प्रमोद सिरोही ने बताया है कि समस्त किसान वित्तीय वर्ष 2024-25 में सब मिशन आन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन, सब मिशन आन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फॉर इन सीटू मैनेजमेन्ट ऑफ क्राप रेज्डयू योजना के अन्तर्गत यथा कस्टम हायरिंग, कल्टीवेटर, कंबाइन, हाई टेक हब, रोटावेटर, हैरो, चैप कटर, पोटेटो डीगर, स्ट्रा रीपर एवं ड्रोन के कृषि विभाग के पोर्टल पर की गई बुकिंग के सापेक्ष जनपद स्तर पर विकास भवन स्थित हर्षवर्धन सभागार में 11 फरवरी को 11:00 बजे से ई- लाटरी संपन्न कराई जायेगी। कृषि यंत्र अनुदान हेतु बुकिंग करने वाले इच्छुक किसान भाईयो ई- लाटरी आयोजन में शामिल हो।

### दुकानदार व उसके पुत्र से की मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के लोगों ने दुकान में घुसकर युवक के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग है। नगर के मोहल्ला किदवई नगर निवासी रंजीत पुत्र रामेश्वर दयाल ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि बुधवार की शाम लगभग 05 बजे नगर के ही रविंद्र कुमार (गोप) पुत्र रामनाथ, नितिन व शेखर पुत्र रविंद्र कुमार व 07 अज्ञात व्यक्तियों ने उसकी दुकान में घुसकर गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया तथा बीच बचाव में आए उसके पुत्र से भी मारपीट की। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दिव्यांग सहित दो लोगों से की मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बेबजह लोगों ने दिव्यांग से गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला अशोक नगर निवासी साहिल पुत्र साबिर ने कोतवाली में दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि गुरुवार की शाम लगभग 06 बजे दूसरे मोहल्ले के दो लोगों ने उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। बीच बचाव में आए उसके साथी शनि पुत्र पप्पू से भी मारपीट की। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पुलिस से की युवती के लापता होने की शिकायत

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** घर से सहेली के पास मिलने जाने की बात कहकर गई युवती लापता हो गई। जिस पर परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की। लेकिन पता नहीं लग सका। पीड़ित पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर युवक पर संपर्क में होने की आशंका जताई है। नगर के मोहल्ला निवासी युवक ने बताया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री मंगलवार की शाम लगभग 04 बजे घर से सहेली से मिलने की बात कहकर गई थी। जो देर रात तक घर नहीं लौटी। जिस पर परिजनों ने उसकी आसपास क्षेत्र सहित रिश्तेदारी में खोजबीन की। लेकिन पता नहीं लग सका। पीड़ित पिता ने युवती के नई दिल्ली निवासी युवक के संपर्क में होने की आशंका जताई है। कोतवाली पुलिस ने युवती की तलाश शुरू कर दी है।

## पानी को बंद कराने की लगाई गुहार

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** खेत में आ रहे गांव के पानी को बंद कराने के लिए युवक ने ग्राम प्रधान से शिकायत की। लेकिन सुनवाई नहीं हुई। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम नदसिया निवासी अखिलेश पुत्र नन्हे वर्मा ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि ग्राम जलालपुर का पानी उसके खेत में आ रहा था। जिसकी शिकायत ग्राम प्रधान से की गई। तो उन्होने पानी बंद करा देने का आस्वासन दिया। लेकिन पानी बंद नहीं कराया गया। जिससे खेत में खड़ी बर्बाद हो रही है।

## कोर्ट ने एसडीएम की सरकारी गाड़ी कुर्क करने का दिया आदेश

**तिर्वा।** गैंगस्टर के मामले में जिला जेल में निरूद्ध नबाव सिंह यादव के तिर्वा स्थित चन्दन होटल को जिला प्रशासन ने सीज कर दिया था। इस मामले में सिविल जज सीनियर डिवीजन कोर्ट ने होटल की सील खोलने का आदेश जारी किया था। कोर्ट के आदेश के बावजूद भी होटल न खोले जाने को लेकर कोर्ट ने कार्रवाई करते हुए एसडीएम तिर्वा की सरकारी जीप को कुर्क करने का आदेश जारी किया है। कोर्ट के आदेश को लेकर गुरूवार को तहसील प्रशासन में हड़कम्प मचा रहा है। उधर इस प्रकरण में एसडीएम तिर्वा अशोक कुमार का कहना है कि उन्हे अभी तक कोर्ट के निर्णय की जानकारी नहीं है। न ही उनके पास कोर्ट का कोई आदेश पहुंचा है।

## सपा प्रदेश अध्यक्ष ने परिजनों को दिया मदद का भरोसा

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

पूर्वी बाईपास पर स्थित आरिफ मंसूरी के प्रतिष्ठान पर पहुंचे समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल जहां पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष कलीम खान भी मौजूद रहे।

इस दौरान अखिल भारतीय पाल महासभा द्वारा प्रदेश अध्यक्ष का रईस अहमद मंसूरी, रंजू सिंह, हरिश्चंद्र पाल जिला अध्यक्ष, अशोक पाल फौजी, जेपी पाल, राम महेश पाल, सतपाल सिंह, सुघर सिंह पाल, देशराज पाल, जितेंद्र पाल सहित कई लोगों ने फूलमाला पहनकर प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार से स्वागत किया जिसके बाद विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रसूलाबाद पहुंचे जहां पर गुरचरण की 17 वर्षीय पुत्री



प्रियंका जो की 25 अगस्त 2024 को गायब हो गई थी जिसके बाद प्रियंका की मां निर्मला देवी और पिता गुरचरण करीब 6 माह से बराबर मुख्यमंत्री से लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सहित कई नेताओं डीजीपी कार्यालय तक चक्कर लगा लगा चुके हैं उसके बावजूद अभी तक पुत्री का नहीं लगा कोई भी सुराग पाल समाज से मामला जुड़ा होने के कारण समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल भी पीड़ित के घर पहुंचे जहां पर उन्होंने पीड़ित परिजनों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

## किसान बाजार की 12 दुकानें - एक बैक्वेंट हॉल का हुआ आवंटन

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** किसान बाजार तिर्वा की 12 दुकानें एवं 1 बैक्वेंट हॉल हुआ आवंटित। दुकानों के आवंटन से किसान बाजार तिर्वा में आयेगी बहार। एक ही कैम्पस में अनेक प्रकार के प्रोडक्ट मिलेगें तथा बैंक्वेट हॉल में अनेक प्रकार के कार्यक्रम हो सकेगें। दुकानों/ बैक्वेंट हॉल के आवंटन होने से बाजार में चहल-पहल का अच्छा माहौल देखने को मिलेगा। इसके साथ ही लोगों को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होगें। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल के निर्देशानुसार किसान बाजार तिर्वा की 12 दुकानों एवं 1 बैंक्वेट हॉल का आवंटन खुली बोली के माध्यम से 09 करोड़ 33 लाख 40 हजार रू में कर दिया गया है। वहीं दुकान आवंटन से कृषि उत्पादन मण्डी समिति कन्नौज को दुकान आंवटन से कुल 64 लाख 25 हजार रूपये की आय प्राप्त हुई है।

## भक्तों ने मनाया श्रीराम के राज्याभिषेक का उत्सवः रत्नीश द्विवेदी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

श्री राम राज्याभिषेक के साथ श्री राम कथा का समापन हुआ। नौवें दिन श्री राम कथा में भगवान श्री राम के राज्याभिषेक की पावन कथा का श्रवण कराया गया। भगवान का तिलक कर पुष्प वर्षा की। जिसके बाद प्रभु श्री राम की भव्य आरती उतारी गई।

नगर के तिर्वा रोड पर श्रीजी महिला मंडल के द्वारा आयोजित श्री राम कथा के विराम दिवस पर मानस मंजरी रत्नीश द्विवेदी ने भक्तों को श्रीराम कथा का श्रवण कराया। बताया कि जब खरदूषण के वध होने की बात सूर्पनखा ने रावण को बताई। तो रावण जान गया कि भगवान का अवतार धरा धाम पर हो चुका है।



कथा का श्रवण करती महिलाएं व इनसेट में मानस मंजरी रत्नीश द्विवेदी।

तामस देह से अब भक्ति नहीं होगी। तो मुक्ति के लिए उसने भगवान राम से बैर लेने की युक्ति सोची। रावण को विभीषण से प्रेम था। इसीलिए सभा से उसे अपमानित करके निकाल दिया। ताकि वह लंका से दूर चला जाए और युद्ध मे मारा न जाए। वह जानता था कि लंका के सारे योद्धा मारे जाएंगे। लंका की सत्ता संभालने के लिए वह विभीषण को जिंदा रखना चाहता था। बताया कि भगवान राम ने रावण व उसके सारे योद्धा, परिजनों व दैत्य सेना को मारकर उनका उद्धार कर दिया। इसके बाद विभीषण को राज तिलक देकर सीता और लक्ष्मण, हनुमान, सुग्रीव, जामवंत, अंगद आदि के साथ

▸ श्री राम राज्याभिषेक के साथ हुआ कथा का समापन

अयोध्या आए। अयोध्या में खुशियां मनाई गई और प्रभु श्री राम का राज्याभिषेक हुआ। इस अवसर पर कथा पंडाल में भी उत्सव मनाया गया और पुष्प वर्षा हुई।

जिसके बाद श्रीजी महिला मंडल के द्वारा कथा व्यास मानस मंजरी रतनीश द्विवेदी का भी महिलाओं ने फूल माला व साल उड़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर कथा परीक्षित राजेश गुप्ता व उनकी पत्नी अनीता गुप्ता, सोनी यादव, तुलसी गुप्ता, सीमा आर्य,नैना वर्मा, सुशीला मिश्रा, निशा, पूजा, प्रदीप गुप्ता सत्येंद्र दुबे मनोज दुबे सहित तमाम भक्त मौजूद रहे।

## कथा वाचिका ने सुनाया राजा परीक्षित संवाद

▸ श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा के दूसरे दिन शुकदेव जन्म सहित अन्य प्रसंग सुनाया

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

खानपुर कसावा गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को वृंदावन से पधारीं कथा वाचिका पूज्या किशोरी रिद्धि देवी जी ने राजा परीक्षित संवाद, शुकदेव जन्म सहित अन्य प्रसंग सुनाया। कथावाचिका ने शुकदेव परीक्षित संवाद का वर्णन करते हुए कहा कि एक बार परीक्षित महाराज वन में चले गए। उनको प्यास लगी तो समीक ऋषि से पानी मांगा। ऋषि समाधि में थे, इसलिए



पानी नहीं पिला सके। परीक्षित ने सोचा कि साधु ने अपमान किया है। उन्होंने मरा हुआ सांप उठाया और समीक ऋषि के गले में डाल दिया। यह सूचना पास में खेल रहे बच्चों ने समीक ऋषि के पुत्र को दी। ऋषि के पुत्र ने शाप दिया कि आज से सातवें दिन तक्षक नामक सर्प आएगा और राजा को जलाकर भस्म कर देगा। समीक ऋषि को जब यह पता चला तो उन्होंने दिव्य दृष्टि से देखा कि यह तो महान धर्मात्मा राजा परीक्षित हैं और यह अपराध इन्होंने कलियुग के वशीभूत होकर किया है। समीक ऋषि ने जब यह सूचना जाकर परीक्षित महाराज को दी तो वह अपना राज्य अपने पुत्र जन्मेजय को सौंपकर गंगा नदी के तट पर पहुंचे।

वहां बड़े ऋषि, मुनि देवता आ पहुंचे और अंत में व्यास नंदन शुकदेव वहां पहुंचे। शुकदेव को देखकर सभी ने खड़े होकर उनका स्वागत किया। कथा सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। कथा के दौरान धार्मिक गीतों पर श्रद्धालु जम कर झूमें। कथा में दूसरे दिन बड़ी संख्या में महिला-पुरूष कथा सुनने पहुंचे। इस दौरान आयोजक अश्वनी पाठक, सहित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु कथा सुनने पहुंचे।

## रसूलपुर में किसान पंचायत आयोजित

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन किसान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन ठाकुर के कृषक कल्याण की भावना की अनुरूप कन्नौज के जिलाध्यक्ष राजा शुक्ला के द्वारा जनपद कन्नौज में समस्याओं से जूझ रहे किसानों की समस्याओं को देखते हुए आज छिबरामऊ तहसील अंतर्गत ग्राम रसूलपुर में किसान पंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के गांव के किसान मौजूद रहे। किसान पंचायत में किसानों ने बताया कि निजी खाद बीज की दुकानदार निर्धारित मूल्य से अधिक दाम पर खाद बीज दवा आदि की बिक्री कर रहे है जिन पर प्रशासन और शासन के द्वारा कोई लगाम नहीं




लगाई जा रही। सरकारी बीज वितरण केंद्र पर किसानों को मुफ्त बीज नहीं दिए जा रहे। फसलों में सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली नहीं दी जा रही है , अन्ना मवेशी फसलें बर्बाद कर रहे है। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि इन सभी समस्याओं का जल्द ही संबंधित विभागीय अधिकारियों से मिलकर निस्तारण कराया जाएगा। इसके साथ ही अधिक से अधिक किसानों को संगठन से जुड़ने का आग्रह किया जिससे संगठन को मजबूती मिले इस दौरान एक दर्जन से अधिक किसानों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की जिसमें जय सिंह शाक्य,संदीप कुमार,राम मिलन , बबलू, जोगेंद्र, दिनेश शाक्य,संजीव कुमार,कृष्णा शाक्य,रिंकू कुमार ,सतीश शाक्य,शिवपाल सिंह आदि को संगठन की अहम जिम्मेदारी दी गई।

## सरकार की बदइंजामी के चलते कुंभ में हुई भगदड़ : श्याम लाल पाल

▸ भदौरियनपुर्वा गांव में बिना नोटिस के ही गिरा दिया गरीब का घर

**तिर्वा,समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने प्रदेश की योगी सरकार पर आरोप जड़ते हुए कहा कि सरकार की बदइन्जामी के चलते ही कुंभ में भगदड़ हुई। जिससे बेकसूर लोगों की जाने चली गई।

उन्होंने कहा कि पिछड़ो और दलितों में प्रदेश सरकार भय का वातावरण बना रही है। तिर्वा क्षेत्र के भदौरियनपुर्वा गांव में उनके समाज के ही एक गरीब परिवार का घर बिना नोटिस दिए ही बुलडोजर से ढहा दिया गया। इस दौरान उस परिवार की चार



तिर्वा में प्रेस वार्ता करते सपा के प्रदेश अध्यक्ष

भेड़े भी दबकर मर गई। सपा के प्रदेश अध्यक्ष गुरूवार को कन्नौज जिले के दौरे पर थे। वह तिर्वा क्षेत्र के भदौरियनपुर्वा गांव में भी गए थे। यहां से लौटकर वापस लखनऊ जाते समय वह कुछ देर के लिए तिर्वा के बरिष्ठ सपा नेता शिवेन्द्र सिंह उर्फ कूक्कू चैहान के आवास पर भी रूके। यहां पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होने कहा कि मिल्कीपुर उपचुनाव में सरकार ने अपनी दबंगई दिखाते हुए सपा समर्थक लोगों को वोट डालने से रोका।

फिर भी उन्हे उम्मीद है कि यह सीट समाजवादी पार्टी जीतेगी। कुम्भ के सवाल पर कहा कि सरासर सरकार की नाकामी के चलते ही मौनी अमावस्या पर संगमत ट पर भगदड़ हुई। वहां आज भी लोग अपने गुमशुदा परिजनों की तलाश में भटक रहे हैं। सरकार अपनी नाकामी छिपाने के लिए मौतों के आंकडो पर भी पर्दा डाल रही है।

तिर्वा क्षेत्र के भदौरियनपुर्वा गांव में चार दिनों पहले तहसील प्रशासन ने एक गरीब पाल जाति के परिवार का घर गिरा दिया था। यह परिवार पिछले 50 बर्षों से अपना मकान बनाकर रह रहा था। बिना नोटिस दिए ही बुलडोजर चलाकर उसका घर गिरा दिया गया। जिसकी वह घोर निंदा कर रहे हैं। वार्ता के दौरान इं. अनिल पाल, दीपेन्द्र चैहान, राजू चैहान, अंशू पाल, अभिषेक ठाकुर, प्रांशू चैहान, सचिन चैहान, अरून सिंह बघेल, सुखेन्द्र यादव, गिरीश राजपूत सहित कई सपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## युवक को मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** दो युवकों ने लेनदेन को लेकर गाली गलौज की और युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला गांधी नगर निवासी नदीम पुत्र मजरूद्दीन ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि 05 फरवरी की दोपहर लगभग 02.45 बजे लेनदेन के विवाद में दो युवकों ने उसे रेलवे स्टेशन के पास घेर लिया और गाली गलौज की। मना करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## पिता-पुत्र को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** किसी बात को लेकर गांव के ही कुछ लोगों ने युवक के घर में घुसकर उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और बीच बचाव में आए उसके पुत्र से भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम तेरारब्बू निवासी अहिवरन पुत्र जयपाल जाटव ने कोतवाली में दिए गए शिकायती पत्र में कहां है कि बीते मंगलवार की दोपहर करीब 03 बजे गांव के ही तीन लोग बेवजह उसके घर में घुस आए और जाति सूचक गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया तथा बीच बचाव में आए उसके पुत्र राज से भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# लूट के दो अभियुक्त गिरफ्तार, 26 हजार रुपये बरामद

- तीन अभियुक्त अंधेरे का लाभ उठाकर हुए फरार, पुलिस कर रही तलाश
- बीती 1 फरवरी को राजेपुर में मुनीम को गोली मारकर की थी लूटपाट

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो अभियुक्तगणों को गिरफ्तार कर लिया। उनसे लूट के 26 हजार रुपये भी बरामद हुए हैं।

अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एसओजी/सर्विलांस थाना राजेपुर पुलिस टीम द्वारा मुठभेड़ के दौरान 02 नफर अभियुक्तगण शिवम यादव व सुमित यादव को गिरफ्तार किया गया तथा 03 नफर अभियुक्त रात्रि के अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गये। अभियुक्त सुमित यादव उपरोक्त के पैर में गोली लगने के कारण डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में पुलिसकर्मियों की निगरानी में इलाज चल रहा है। मौके से अभियुक्तगणों के कब्जे से मुकदमे से सम्बन्धित 26000/- रूपये बरामद किये गये। पुलिस मुठभेड में प्रयुक्त असलाह व कारतूस बरामद किये गये। पुलिस ने धारा 109/317(2) व 3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी। दिनांक 01.02.2025 को थाना राजेपुर क्षेत्र में पीड़ित लकी खान पुत्र इकबाल खान निवासी ग्राम कुतलूपुर



पुलिस हिरासत में अभियुक्तगण

थाना राजेपुर जनपद फतेहगढ़ के लिखित प्रा0पत्र के आधार पर सफेद स्विफ्ट डिजायर कार में सवार बदमाशों द्वारा पीड़ित के मुनीम रामऔतार को तमंचे से गोली मारकर घायल करना व पीड़ित की मोटर साइकिल नं0 यूपी76एके5184 के आगे कार लगाकर थैला छीन लेना जिसमें एक लाख सत्तर हजार रुपये नगद व दो गांठे जेवरात की जिसमें एक 20 हजार की व एक 25 हजार की छीनकर भागने के सम्बन्ध में मु0अ0स0 11/25 धारा-309(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। दिनांक 05-06.02.2025 की रात्रि संदिग्ध वाहन/व्यक्ति की चेंकिग के दौरान बिना नम्बर प्लेट की स्विफ्ट डिजायर कार को बैरियर पर रुकने का इशारा किया गया।

जिस पर कार सवार अभियुक्तगणों द्वारा बैरियर तोड़कर भागने का प्रयास किया।

पुलिस द्वारा 3 अदद गाड़ी स्विफ्ट डिजायर फोर व्हीलर रंग सफेद व 02 अदद पेन कार्ड, 02 अदद आधार कार्ड व 01 अदद ड्राइविंग लाइसेन्स, 02 अदद एटीएम कार्ड, 02 अदद मोबाइल फोन बरामद किये गये। जिसके आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-109/317(2) व 3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी।

# अग्निवीर भर्ती में जनपद के युवाओं ने दिखाया दमखम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सेना भर्ती कार्यालय (एआरओ) बरेली की अग्निवीर भर्ती रैली 29 जनवरी से फतेहगढ़ में चल रही है। भर्ती रैली 6 फरवरी तक चलेगी। रैली का आयोजन मुख्यालय भर्ती क्षेत्र लखनऊ के तत्वावधान में स्टेशन कमांडर फतेहगढ़ छावनी फतेहगढ़ नागरिक प्रशासन के सहयोग से किया जा सका है।

गुरुवार को भी रैली में कुल 1065 युवाओं ने भाग लिया।

एआरओ बरेली के क्षेत्र में आने वाले जनपद फर्रुखाबाद, लखीमपुर, संभल, हरदोई, पीलीभीत, सीतापुर, बरेली, बहराइच, बलरामपुर, बदायूं, शाहजहाँपुर, श्रावस्ती के जिन अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन सीईई पास



भर्ती प्रक्रिया की परीक्षा से गुजरते अभ्यर्थी

कर लिया है वे फतेहगढ़ में रैली में भाग ले सकते हैं। सुबह 3 बजे जनपद फर्रुखाबाद के अभ्यर्थियों को स्पोर्ट्स स्टेडियम में एकत्र किया गया। यहां से टोंकन देने के बाद सभी को सिखलाईट रेजीमेंट सेंटर के बैरियर से सैन्य क्षेत्र में दाखिल किया गया। अभ्यर्थियों को लंबाई मापने के उपरांत माध्यमिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों ने शैक्षिक प्रमाण पत्रों की पड़ताल की। प्रपत्रों की पड़ताल के उपरांत दौड़ के लिए युवकों को करियप्पा मैदान पर ले जाया गया। सैन्य भर्ती अधिकारी कि जानकारी के मुताबिक मंगलवार को 1275 अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र भेजा गया था। 1065 युवाओं ने भर्ती प्रक्रिया में भाग लिया। दौड़ में 434 युवा कामयाब रहे।

# टेंपो खड्ड में पलटने से डी फार्मा के छात्र की मौत

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेला देखकर टेम्पो से लौट रहा छात्र टेंपो खड्डु में पलटने से घायल हो गया। उसे गंभीर हालत में परिजन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहाँ उसे मृत घोषित कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला किदवई नगर निवासी 22 वर्षीय प्रमोद पाल पुत्र हिमांशु पाल अपने दोस्त चंद्रास पुत्र हिरदेश, मोहित पाल पुत्र अरविंद पाल तथा साहिल पुत्र शराफत निवासीगण किदवई नगर के साथ रात्रि करीब 8.30 बजे मेला रामनगरिया देखने गया था। मेला देखकर वह टेंपो से वापस लौट रहा था। उसी दौरान इटावा-बरेली हाईवे पर पिपरगाँव के निकट अज्ञात



रोते बिलखते मृतक के परिजन

वाहन के कट लगने से टेंपो सड़क किनारे गड्डु में जा गिरा। साथ गये दोस्तों ने उसे गंभीर हालत में खड्डु से निकाल कर आवास विकास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक अपने घर का इकलौता चिराग था। उसकी एक बहन 13 वर्षीय स्वभा है। मृतक डी फार्मा द्वितीय वर्ष का छात्र था। मृतक की माँ सुनीता देवी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मेला देखकर वापस आते समय प्रभात ढाबा में 200 मीटर दूरी पर अज्ञात वाहन के कट लगने से ऑटो सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरा। मित्रों ने खाई को निकाल कर आनन-फानन में बघार स्थित मेडिकल कॉलेज में ले गये। जहां डाक्टर ने रेफर कर दिया। परिजन ने बताया कि मृतक को वह आवास विकास तिराहे पर स्थिथ सिटी हॉस्पिटल ले गए वहां डॉक्टरों ने हिमांशु पाल को मृतक घोषित कर दिया।

साहिल, रोहित, चंद्रास को हल्की फुल्की चोटें आई। मृतक के परिजन ने पुलिस को सूचना नहीं दी। तथा न ही किसी प्रकार की कोई कानूनी कार्यवाही चाहते है। मृतक पिता प्रमोद पाल मोहम्मदाबाद चौराहे पर चाय का खोखा चलते हैं। मृतक अपने घर का अकेला पुत्र था एक 13 वर्षीय बहन स्वभा है। मृतक का ओम प्रकाश इंस्टिट्यूट से डी फार्मा सेकंड ईयर कर रहा था। मृतक की माता सुनीता देवी का रो-रोकर बुरा हाल है।

# दलित युवक की हत्या के मामले में दोष सिद्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज विशेष एससी/एसटी न्यायाधीश अभिनितिम उपाध्याय ने दलित युवक की हत्या के मामले में रामप्रताप उर्फ गुड्डुन पुत्र किशनपाल निवासी बकावली थाना सिढ़पुरा कासगंज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 14 फरवरी की तिथि नियत की गयी है।

बीते 13 वर्षों पूर्व कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के ग्राम गुलबाजनगर निवासी महेंद्र सिंह पुत्र सोहनलाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मेरा पुत्र प्रदीप जाटव दत्तू नगला में अपने बच्चों के साथ लगभग चार वर्षों से किराए पर रहता था। कस्बे के एक गेस्ट हाउस में शादी समारोह में शामिल होकर रात 11 बजे अपने जीप चालक गुड्डुन निवासी बकावली थाना सिढ़पुरा कासगंज जो कि 3-4 वर्षों से चालक था। गुड्डुन प्रदीप को छोड़कर चला गया। रात करीब एक बजे अपने साथ तीन व्यक्ति लेकर मेरे पुत्र के घर आया। जिसमें से एक का नाम अंशुल पंडित निवासी रूटौल उक्त सभी लोगों ने मेरे पुत्र प्रदीप को आवाज लगाकर दरवाजा खोलने को कहा। मेरे पुत्र ने चालक गुड्डुन की आवाज को सुनकर अपनी पत्नी से दरवाजा खोलने को कहा। आंगन में बल्ब लगा था जैसे ही गेट की कुंडी खोली सामने अंशुल आ गया और कहा कि आज तू कैसे बचेगा और जान से मारने की नीयत से मेरे बेटे पर तमंचा से गोली चला दी जो उसके छाती में लगी। मेरा पुत्र जमीन पर गिर पड़ा। पुत्रवधु ने शोर मचाया, तो गुड्डुन ने तीनों साथी अवैध तमंचा लेकर स्टेशन की तरफ भाग गए। बहू ने उसके बाद मेरे फोन पर मुझे व छोटे पुत्र प्रमोद कुमार को बताई। उक्त घटना बहू ने बताई। तत्काल अपने पुत्र को गाड़ी में बैठाकर सीएचसी कायमगंज ले गए। हालत गंभीर होने पर फर्रुखाबाद के लिए रेफर कर दिया। उसे लोहिया से कानपुर के लिए भेज दिया गया। रास्ते में मेरे बेटे की मृत्यु हो गई। कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य के आधार पर अंशुल पंडित का नाम पृथक कर दिया और चालक गुड्डुन के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता हरनाथ सिंह, अनुज कटियार की पैरवी के आधार न्यायाधीश अभिनितिम उपाध्याय ने चालक रामप्रताप उर्फ गुड्डुन को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा पर सुनवाई के लिए 14 फरवरी की तिथि नियत की गयी है।

## अग्निवीर भर्ती के लिए दौड़ लगा रहा युवक ग्राउंड पर गिरकर घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अग्निवीर भर्ती के लिए दौड़ लगाते समय युवक ग्राउंड पर गिर गया। जिससे उसके पैर में गम्भीर चोट आयी। उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार नक्श श्रीवास्तव उम्र 22 वर्ष पुत्र शंभू दयाल श्रीवास्तव निवासी ग्राम राजारामपुर मेई थाना नवाबगंज गुरुवार को अग्निवीर भर्ती में शामिल होने आया था। ग्राउंड पर दौड़ लगाते समय अचानक वह गिर गया। जिससे नक्श के पैर में काफी चोट आयी। मौके पर 108 एंबूलेंस बुलायी गयी। जिसे एंबूलेंस से लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया।



## खबरें एक नजर में

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मेरापुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 13/2025 धारा-137(2)/65(1) बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त करन उर्फ संदीप पुत्र सुरजेश सिंह निवासी ललूपुर कोतवाली मैनपुरी जनपद मैनपुरी को गिरफ्तार कर लिया।

### किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया युवक

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने प्रहलादपुर निवासी हीरा लाल पुत्र प्रकाश राठौर के विरुद्ध किशोरी पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (नृशंसता निवारण) अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 2 फरवरी शाम 5 बजे हीरालाल मेरी 16 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। घटना की जानकारी मेरे पुत्र ने मुझे फोन पर दी। तब मैं घर से बाहर था। मैं घर पर आया और पुत्री की खोजबीन की, लेकिन वह नहीं मिली। तब मैंने हीरालाल के घर वालो से पूछा तो वह लोग मेरे साथ जातिसूचक गाली-गलौज करने लगे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच कायमगंज सीओ के सुपुर्द कर दी।

### ताला तोड़कर नकदी जेवर चोरी, खेत में पड़ा मिला बक्सा व कपड़े

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव नौली निवासी जाहर सिंह पुत्र दामोदर सिंह के घर का ताला तोड़कर घर में दीवान में रखे जाहर सिंह के पुत्र अनुरोध के 40000 रूपये की नकदी व दूसरे पुत्र अवनेश का बक्सा चुरा ले गए। खोजबीन करने पर गांव के बाहर खेत में बक्सा व कपड़े, पर्श आदि सामान पड़ा मिला। बक्से के कुण्डे टूटे तथा ताले लगे थे और बक्से में रखी पायल, मंगलसूत्र, झाले, पेन्डल व 20 हजार रुपए की नकदी गायब मिली। घटना के समय जाहर सिंह व उनकी पत्नी कलावती घर पर थीं। उनके पुत्र अनुरोध व अवनेश बाहर थे। यह दोनों पुत्र ट्रक चालक हैं। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पीड़ित के अनुसार घटना की तहरीर पुलिस को बुधवार सुबह 10 बजे दी गई पर वह जांच पड़ताल करने नहीं गई। गुरुवार सुबह 11 बजे दरोगा रवि सोलंकी जांच पड़ताल करने पहुंचे और पीड़ित को अपने साथ थाने बुला लाए। फिर भी मुकदमा दर्ज नहीं किया। पुलिस ने पीड़ित से कह दिया कि शुक्रवार को थाने आना।

### नगर पंचायत मंदिर का नहीं विश्राम कक्ष का करवा रही है निर्माणः अनिल राजपूत

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज नगर पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि पंचायत की ओर से किसी भी मंदिर का निर्माण नहीं कराया जा रहा है। एक विश्राम कक्ष का निर्माण जरुर कराया जा रहा है। कुछ लोग जानकारी का अभाव होने के चलते उसे मंदिर समझ बैठे। कराये जा रहे निर्माण में कुछ खामिया होने की शिकायत मिली थी। मौके पर जाकर हमने जानकारी की और संबंधित ठेकेदार को निर्देश दिये कि निर्माण कार्य मानक के अनुरुप ही कराये। बताते चले कि बीते दिन नगर पंचायत नवाबगंज के क्षेत्र नगला हीरा सिंह में नगर पंचायत द्वारा एक कक्ष का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। सभासद कुलदीप राजपूत ने ठेकेदार अमन व कमल भारद्वाज की देखरेख में कराये जा रहे कार्य में मानक का ध्यान नहीं रखा जा रहा है की शिकायत की। इसकी शिकायत मिलने पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत मौके पर पहुंचकर जानकारी की। इस दौरान सभासद व ठेकेदार के बीच वाद-विवाद हुआ। नगर पंचायत अध्यक्ष ने दोनों को समझाया कि आपस में वाद-विवाद न करें और ठेकेदार को निर्देश दिये कि कक्ष का निर्माण मानक के अनुरुप ही कराये।

# जिला जेल चौराहे से फतेहगढ़ चौराहे तक चला अतिक्रमण अभियान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत नगर पालिका की ओर से जिला जेल से कलेक्ट्रेट तथा फतेहगढ़ चौराहे से कोतवाली तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान कई दुकानदारों का सामान भी जब्त किया गया। नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी विनोद कुमार के नेतृत्व में नगर पालिका के कर्मचारियों ने अतिक्रमण अभियान के तहत फुटपाथ पर लगे सामान को जब्त कर लिया। साथ ही चार दुकानदारों पर 3500/- रुपये का जुर्माना लगाया गया। ईओ ने दुकानदारों को चेतावनी दी कि यदि दोबारा अतिक्रमण किया,



अतिक्रमण अभियान के दौरान ठिलिया जब्त करते कर्मचारी

तो जुर्माने की राशि बढ़ायी जायेगी और मुकदमा दर्ज कराया जायेगा। इस दौरान कई दुकानदारों से पालिका कर्मियों की नोकझोंक हुई। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान कर निर्धारण अधिकारी जगजीवन राम के सिर पर टीन गिरने से वह घायल हो गये। उनका प्राथमिक उपचार कराया गया। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान कर निरीक्षक राज नरायन कमल, कर निर्धारण अधिकारी जगजीवन राम, मुख्य खाद्य एवं सफाई निरीक्षक व वरिष्ठ लिपिक शाखा फतेहगढ़ प्रभारी अमित सक्सेना, विजय शुक्ला के अलावा नगर पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे।

# स्कूटी की टक्कर से ई-रिक्शा चालक घायल

- महिला चुटैल, घटना के बाद स्कूटी सवार मौके से फरार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मंझना निवासी सर्वेश कुमार पुत्र राम मूर्ति हजियांपुर-फैजबाग मार्ग पर ई-रिक्शा चलाकर अपने घर परिवार की रोजी रोटी चलाता है। गुरुवार को फैजबाग से कुछ सवारियों को लेकर कायमगंज जा रहे थे। कायमगंज-फर्रुखाबाद मार्ग पर ग्राम खुड़ीनाखार प्रतीक्षालय के निकट सवारियों को उतारने के बाद जैसे ही ई-रिक्शा लेकर जैसे ही बैरंग लौटे, उसी दौरान सामने से आ रहे एक अज्ञात स्कूटी के चालक ने लापरवाही से चलाकर जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं पास से गुजर रही एक महिला भी चपेट में आने से चुटैल हो गई। बताया गया है इस दुर्घटना में चुटैल महिला कुछ समय बाद स्कूटी चालक को कोसते हुए चली गई। मगर ई-रिक्शा चालक वहीं दर्द से तड़पता रहा। चीख पुकार की आवाज सुनकर मौके पर



घायलों को सीएचसी ले जाती एंबूलेंस

राहगीरों की भीड़ लग गई। भीड़ में कुछ लोगों ने सूचना पुलिस को दी, तो कुछ लोगों ने डायल 112 नंबर पर कॉल कर एंबुलेंस को आने की सूचना दी। बताते हैं गंभीर रूप से घायल ई- रिक्शा चालक को एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद ले जाया गया।

जहां ई-रिक्शा चालक की गंभीर हालत को देखते हुए लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताते हैं दुर्घटना के बाद अज्ञात स्कूटी चालक भी मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया था।

# युवक का फांसी पर झूलता मिला शव



रोते बिलखते मृतक के परिजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बीती रात घर के ऊपर टीन में सो रहे युवक का शव फांसी पर झूलता हुआ मिला। जिससे परिजनों में चीख पुकार मच गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर निवासी 24 वर्षीय विनय पाण्डेय पुत्र विवेक पाण्डेय एक बाइक एजेंसी में कर्मचारी था। बीती रात वह रोज की तरह ही छत के ऊपर पड़ी टीन में सोने चला गया। जिसके बाद सुबह जब परिजन उसे देखने पंहुचे, तो वह टीन सेड के एंगल में मफलर के सहारे फांसी के फंदे पर झूल रहा था। मृतक की माँ संगीता देवी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक विनय का विवाह नहीं हुआ था। मृतक दो भाईयों में सबसे बड़ा था। छोटा भाई अमन है। मामले की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी योगेन्द्र कुमार सोलंकी को मिली। जिसके बाद दारोगा श्याम बाबू मौके पर पहुंचे और जाँच कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### खिलौना खराब होने पर दो पक्षों में मारपीट, पांच घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना अंतर्गत ग्राम फतनपुर निवासी आनंदपाल सिंह ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी। जिसमें बताया मेरे ही गांव के जीत कुमार पुत्र रनवीर सिंह, रणवीर सिंह पुत्र चंद्रपाल सिंह, शशि कला पत्नी चंद्रपाल सिंह एवं राधा पुत्री रणवीर सिह ढाईघाट मेले से मेरी खिलौने की दुकान से एक खिलौने लेकर आई थी। जो घर पर आने के बाद खराब हो गया। इसी बात को लेकर इन लोगों ने गाली-गलौज किया। मना करने पर लाठी-डंडों से हमला किया। जिससे दोनों पक्षों से पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।

# हत्यारोपी को आजीवन कारावास व 26 हजार का लगाया जुर्माना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शराब के नशे में युवक की हत्या करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास की सजा से दण्डित किया गया तथा 26 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया।

अपर जिला जज एवं सत्र कक्ष संख्या-7 न्यायाधीश अंकित कुमार मित्तल ने पप्पू उर्फ जसवंत पुत्र रामनरेश निवासी बसायकपुर थाना कमालगंज को हत्या के मामले में दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। बीते 14 वर्षों पूर्व थाना कमालगंज क्षेत्र के ग्राम महमदगंज निवासी अनंगपाल पुत्र ईश्वर दयाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 19 जून 2011 को ग्राम बसायकपुर में लज्जाराम के यहां नौटंकी देखने मैं व मेरा भाई राजीव उर्फ बब्बा चाचा कश्मीर व गांव के काफी लोग गये थे। उसमें पप्पू उर्फ जसवंत भी आये थे। रामतीरथ व सतीश तथा राजीव उर्फ बब्बा सभी लोग मान सिंह के यहां शराब बैठकर पीने लगे। शराब पीते-पीते पप्पू तथा मान सिंह में लड़ाई होने लगी। शोर सुनकर मैं व मेरे चाचा कश्मीर मौके पर आ गए। मेरा भाई राजीव मान सिंह का पक्ष लेने लगा, तभी रामतीर्थ, सतीश ने मेरे भाई राजीव उर्फ बब्बा को पकड़ लिया। पप्पू उर्फ जसवंत ने जान से मारने की नीयत से डंडा तथा खम्मिया से मारना शुरू कर दिया। जिसकी चोट लगने से मेरा भाई जमीन गिर गया। हम लोगों ने बचाने का प्रयास किया, तो हमें भी जान से मारने की धमकी देने लगे। मेरे भाई राजीव उर्फ बब्बा ने मौके पर दी दम तोड़ दिया। यह घटना रात साढ़े दस बजे की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर पप्पू उर्फ जसवंत, रामतीर्थ, सतीश के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता संजीव कुमार मिश्र की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश अंकित कुमार मित्तल ने पप्पू उर्फ जसवंत को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व 26 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। साक्ष्य के अभाव से रामतीर्थ, सतीश को दोष मुक्त कर दिया गया।

# कोतवाली प्रभारी मोहम्मदाबाद के विरुद्ध प्रकीर्ण वाद दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

न्यायालय ने कोतवाली प्रभारी मोहम्मदाबाद के विरुद्ध प्रकीर्ण वाद दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार मु0अ0सं0-47/1991 धारा-07/27(2) आयुद्ध अधिनियम राज्य प्रति हरिश्चंद्र के मामले में पत्रावली वर्ष 2009 से न्यायालय में लम्बित है। जिसमें पीडब्लू 1 व पीडब्लू 2 के बयान भी अंकित हो चुके हैं। साक्षीगण कां0 मुन्नूलाल (चिक लेखक) व कां0 210 आरेन्द्र सिंह (फर्द गवाह) को साक्ष्य हेतु उपस्थित कराने के संबंध में 08.11.2024 को नोडल अधिकारी/अपर पुलिस अधीक्षक को पत्र प्रेषित किया गया था। इसके उपरान्त भी साक्षी न्यायालय में उपस्थित नहीं आया, बल्कि प्रेषित साक्षी समन पर संबंधित थाना द्वारा आख्या प्रस्तुत की गयी कि साक्षी का आरक्षी नंबर न होने के कारण साक्षी का कोई विवरण नहीं मिल रहा है। तत्पश्चात थाना प्रभारी थाना मोहम्मदाबाद को न्यायालय में साक्षी उपस्थित न कराये जाने पर कारण बताओ नोटिस निर्गत करते हुए दिनांक 29.11.2024 को व्यक्तिगत रुप से न्यायालय में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु आदेशित किया गया था। इसके बाद पुनः नोटिस दिनांक 10.01.2025 को जारी किया गया। उसके बाद भी थाना प्रभारी न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए। जिसके चलते विनोद कुमार शुक्ला थाना प्रभारी मोहम्मदाबाद के विरुद्ध धारा 208 भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत आपराधिक विचारण हेतु प्रकीर्ण वाद दर्ज किया जाकर नोटिस निर्गत करने के आदेश दिये हैं। पत्रावली पर अगली सुनवाई 17 फरवरी को होगी।

# यूनियन बैंक शाखा प्रबंधक के विरुद्ध न्यायालय में याचिका दायर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

यूनियन बैंक फतेहगढ़ के खाताधारक रविराम पुत्र अरमान सिंह निवासी वीरपुर हरिहरपुर राजेपुर ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से विनय कुमार शाखा प्रबंधक यूनियन बैंक फतेहगढ़ के विरुद्ध न्यायालय में याचिका दायर की।

जिसमें बताया कि मेरा खाता संचालित था जिसने नौ लाख रुपए थे। 30 दिसंबर 2024 को 898000 रुपए की निकासी हुई। पीड़ित ने विनय कुमार से संपर्क किया, तो सही जानकारी नहीं दी गई। फिर मैंने बैंक खाते का विवरण चेक करवाया, तो उसमें उक्त रुपए की निकासी दिखाई दी। उक्त शाखा प्रबंधक से शिकायत की, तो जान से मारने की धमकी देकर गाली-गलौज की कहा कहीं शिकायत की तो जान से मार देंगे।

उसके अधिवक्ता के माध्यम से लीगल नोटिस भेजा, किन्तु नोटिस का कोई जवाब नहीं दिया। विनय कुमार ने धोखाधड़ी करके सरकारी अभिलेखों में फेरबदल के खाते का सारा रुपया हड़प लिया। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र प्रेषित किया। कोई कार्यवाही न होने पर पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली।

### निर्माणाधीन फुटपाथ में घटिया सामग्री व पीली ईट का किया जा रहा प्रयोग

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत शमशाबाद के अंतर्गत शमशाबाद से अलेपुर जाने वाले मार्ग पर स्थित जहरत जहां पर आजकल अनुष्का ट्रेडर्स द्वारा टुकड़ों में फुटपाथ का निर्माण कराया जा रहा है। यह निर्माण कार्य नगरवासियों में चर्चा का विषय बना हुआ है। लोगों का कहना है जिस फुटपाथ का निर्माण कार्य टुकड़ों में कराया जा रहा है। इस कार्य में निहायत घटिया सामग्री लगाई जा रही। अच्छी ईटों की बजाय घटिया ईटों का प्रयोग किया जा रहा है। इस निर्माण कार्य को लेकर लोग तरह-तरह की चर्चा करते हुए गोलमाल होने की चर्चाएं कर रहे हैं। बताते हैं फुटपाथ का निर्माण एक साथ ना कराकर टुकड़ों में कराया जा रहा। यही कारण है फुटपाथ के निर्माण में निहायत ही घटिया सामग्री का उपयोग हो रहा है। ईंटों में भी पीली ईट का प्रयोग जारी है। इस संबंध में जब नगर पंचायत के बाबू पवन कुमार से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया फुटपाथ का निर्माण अनुष्का ट्रेडर्स द्वारा कराया रहा। लागत क्या है, इसकी जानकारी नहीं हो सकी थी।



मौके पर पड़ी पीली ईट

# झोलाछाप चिकित्सक के उपचार से मासूम की मौत

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

झोलाछाप चिकित्सक की दवाई खिलाने से बच्ची की तबीयत बिगड़ गयी। कुछ समय बाद उसकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार शाहजहांपुर जनपद के थाना कलान के गांव पैलानी उत्तर निवासी रामजीत पुत्र कन्हैयालाल ने झोलाछाप चिकित्सक राम प्रकाश पुत्र इतवारी लाल निवासी चौरा हार के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा 2 फरवरी को वह परिवार के साथ गंगा स्नान के लिए ढाईघाट शमशाबाद आया था। यहां पुत्री शामली को खांसी, जुकाम की शिकायत हुई, तो मेले में मौजूद चिकित्सक राम प्रकाश को दिखाने गया। चिकित्सक ने देखने के बाद दवाइयों की दो खुराकें दीं। शिकायती पत्र के अनुसार एक खुराक पुत्री को खिला दी। पहली खुराक खिलाने के कुछ समय बाद पुत्री की हालत बिगड़ गई। देखते ही देखते वह बेहोश हो गई। जब बेहोश पुत्री को लेकर पीड़ित चिकित्सक के पास पहुंचा, तो उसने सीएचसी शमशाबाद भिजवा दिया। पुत्री की गंभीर हालत देख सीएचसी चिकित्सक ने लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां चिकित्सक द्वारा पुत्री को मृत घोषित कर दिया गया। पीड़ित ने झोलाछाप पर गलत दवायें देने का आरोप लगाया। पीड़ित ने झोलाछाप चिकित्सक के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

# तहसील सदर में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर अधिवक्ताओं में आक्रोश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

तहसील सदर में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर अधिवक्ताओं में आक्रोश है, आम सभा की बैठक में अधिवक्ताओं ने तहसील बार एसोशिएशन के अध्यक्ष और सचिव के समक्ष समस्याओं को रखा।

गुरुवार को तहसील सदर बार एसोशिएशन के सभागार में अधिवक्ताओं का दर्द छलका अलग-अलग मामलों में अधिवक्ताओं ने अपनी पीड़ा को व्यक्त किया।

बैठक में अधिवक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि तहसील सदर में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। यहां बिना दक्षिणा के कोई कार्य नहीं होता है। तहसीलदार कार्यालय से लेकर नगर पालिका कार्यालय में अधिकारियों की मनमानी चलती है, जिसका कोपभाजन जनता को बनना पड़ता है। तहसील सदर बैनामा दाखिल खारिज की समस्या सबसे बड़ी समस्या है। बैनामा के परवाना कंप्यूटर में फीड नहीं होते हैं और तहसील सदर में अलग-अलग पटलों बाबुओं की मनमानी चलती है कई गांवों की खतौनी अभी तक फीड नहीं हुई है और न ही अगर फीड हुई भी है तो नामों में त्रुटि तथा गलत हिस्सों को चढ़ाया गया है। जिससे किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अध्यक्ष अतर सिंह कटियार ने कहा कि अगर अधिवक्ता स्वयं नियम का पालन करे तो कार्य सही से होते रहेंगे। सचिव अतुल मिश्रा ने कहा कि इस प्रकरण में तहसील सदर के दस्तावेज लेखकों से बात करके आगे की रणनीति तय की जाएगी। अधिवक्ताओं के मान सम्मान के लिए हड़ताल तक की जाएगी। बैठक में उमाशंकर कटियार, नरेश गुप्ता, मनोज यादव, रविनेश यादव, विकास सक्सेना, राहुल दीक्षित, हेमराज राजपूत, रुखमंगल सिंह चौहान, ब्रजेश यादव, प्रदुम्न गुप्ता, वीरेंद्र मिश्रा आदि अधिवक्ता रहे।


बैठक को सम्बोधित करते सचिव अतुल मिश्रा

# रसायन विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा में 241 छात्रों ने लिया भाग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कन्हैया लाल रामशरन रस्तोगी इंटर कालेज में इंटर मीडिएट रसायन विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न हुई। हरदोई से आये आंतरिक परीक्षक प्रदीप नारायन मिश्रा ने छात्रों का वायवा लिया। 251 छात्रों में से 10 छात्र अनुपस्थित रहे। 241 छात्रों ने प्रयोगात्मक परीक्षा में भाग लिया। रसायन विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा के दौरान संबंधित प्रश्नों को परीक्षक प्रदीप नारायन मिश्रा ने छात्रों से पूछा। सभी छात्रों ने उसके जबाव दिये। परीक्षक ने प्रशन्नता जाहिर करते हुए कहा कि इसी तरह परीक्षा में भी मेहनत करना, जिससे अच्छे अंक लेकर उत्तीर्ण हो और आपका भविष्य अच्छा हो।

**दस छात्र रहे अनुपस्थित**

प्रधानाचार्य संतोष कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में रसायन विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न हुई। प्रवक्ता कुमारी किरन वर्मा, अध्यापक हिमांशु शुक्ला ने प्रयोगात्मक परीक्षा में सहयोग किया। साथ ही विद्यालय के प्रवक्ता राकेश प्रसाद, रमेश कुमार, धनजंय सिंह, चन्द्रप्रताप सिंह आदि शिक्षक मौजूद रहे।


परीक्षा में छात्रों से प्रश्न पूछते परीक्षक

## पुलिस बेखबर: शमशाबाद में खुलेआम चल रहे है जुए के अड्डे

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज। शमशाबाद क्षेत्र में जुआरियों द्वारा जुए के खेल में फड़ लगाकर हजारों लख रुपए के दांव लगाये जा रहे जो नगर वासियों में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस जुएं का अड्डा का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसकी क्षेत्र में चर्चा हो रही है। नगर वासियों में चर्चाएं है कभी ग्रामीण इलाकों में स्थित बाग, खेतों में जुआरी जुए का फड़ सजाकर हजारों लाखों के दांव लगाये जा रहे है। वह भी ऐसी जगह पर जहां अक्सर लोगों का आना-जाना रहता है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शमशान नगर में स्थित मोहल्ला दल मीर खां जहां खेतों में कुछ नामी गिरामी जुआरियों द्वारा फड़ लगाकर लाखों रुपए का जुआ खेला जा रहा। इस जुये के खेल में जुआरी जीत का जज्बा लिए हजारों लाखों रुपए का दांव लगा रहे हैं। नगर में स्थित भाजपा नेता के मोहल्ले के पीछे स्थित खेत जहां अक्सर जुआरियों को फड़ सजाकर जुए का खेल खेलते हुए देखा जा रहा है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस गश्त करती रहती है और फिर भी जुआरी जुआं खेलते रहते है। इसका मतलब यह है कि कहीं न कहीं पुलिस की मिलीभगत है।

# सीडीओ ने दिये गौवंशों को चारा खिलाने की फोटो उपलब्ध कराने के निर्देश


बैठक लेते सीडीओ मौजूद अधिकारीगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गुरुवार को गोवंश आश्रय स्थल की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में गौशालाओं के समस्त नोडल अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक दिवस गौवंशों को भूसा दाना व हरे चारे खिलाने की फोटो ग्राफ गोपालक से लेकर जनपद पर उपलब्ध कराई जाएं। बड़े गोवंशों को छोटे गोवंश से अलग रखा जाए। छायादार वृक्ष लगाए जाएं, सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएं।

गौशाला में गोवंश की संख्या के अनुसार गोपालक की तैनाती की जाए, साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रत्येक माह उनके मानदेय का भुगतान किया जा रहा है। जिला पंचायत राज अधिकारी एवं समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित करें कि ग्राम सचिव प्रत्येक दिवस गौशालाओं में जाएं।

बैठक में जिला विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, उपायुक्त श्रम रोजगार, समस्त खंड विकास अधिकारी एवं समस्त नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।


डीएम से सम्मानित होते स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाहा

# लोकसभा सामान्य निर्वाचन में उत्कृष्ट कार्य के लिए सुधीर कुशवाहा हुए सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बेसिक शिक्षा के जिला स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाहा को विगत लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु स्वीप एक्टिविटीज के लिए जनपद में लगातार विभिन्न प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों के माध्यम से नए मतदाताओं, दिव्यांगों तथा महिला मतदाताओं की श्रेष्ठ भागीदारी करने तथा वोट के प्रतिशत को बढ़ाए जाने हेतु अपनी टीम के माध्यम से उत्कृष्ट कार्य करने हेतु राज्य स्तर पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र के माध्यम से सम्मानित किया गया।

# टीबी उन्मूलन जागरुकता के तहत ग्रामीणों को किया गया जागरुक


शिविर में मौजूद ग्रामीण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) कढ़हर में राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन अभियान के अंतर्गत 100 दिवसीय सघन टीबी खोज अभियान तले, होम्योपैथिक चिकित्सालय पर टीबी उन्मूलन जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। आए हुए सभी रोगियों एवं उनके परिजनों एवं अन्य सभी ग्राम वासियों को प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेंद्र सिंह ने समाज में टीबी के प्रति व्याप्त गलत भ्रांतियों को सही जानकारी देकर दूर किया और रोगियों एवं उनके परिजनों द्वारा टीबी से संबंधित प्रश्नों के उत्तर देकर उनके मन में इस रोग के प्रति व्याप्त शंकाओं की सही जानकारी देकर उन्हें इस रोग के प्रति जागरूक किया। जागरूकता शिविर में कुल 212 लोगों ने प्रतिभाग कर होम्योपैथिक उपचार लिया। चिकित्साधिकारी ने सभी रोगियों का परीक्षण कर उनमें से कुल 19 रोगियों को बलगम की जांच हेतु सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर भेजा। चिकित्सक ने सभी रोगियों के साथ टीबी को जड़ से खत्म करने के लिए शपथ ली।

# मेला रामनगरिया में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर किया मंत्रमुग्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

डीएसबीडी पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा मेला श्रीरामनगरिया के सांस्कृतिक पांडाल में देशभक्ति एवं आध्यात्मिक गीतों पर सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह, विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य अनिल सिंह गहरवार, अति विशिष्ट अतिथि गांधी विचार मंच के संस्थापक दिनेश प्रकाश सिंह अन्नू एवं सम्मानित अतिथि के रूप में जिला स्काउट मास्टर सुधार कुशवाहा रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला गाइड कैप्टन भारती मिश्रा ने किया। प्रधानाचार्य विभोर सोमवंशी ने बताया कि यह तैयारी सिर्फ एक दिन में बच्चों ने की है। छात्रा नित्य, अभिलाषा, ज्योति, सूरज, आकांक्षा आदि ने विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर आधारित शिक्षाप्रद नाटकों की प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। वाल विवाह नाटक का मंचन जब बच्चों ने किया तो वहां बैठे समस्त श्रोतागणों के आंखों से आंसू आ गए। विशिष्ट अतिथि अनिल सिंह गहरवार ने विद्यालय परिवार को बधाई देते हुए बताया कि आज बच्चों को जरूरत है संस्कारित होने की जो कि हमारा डीएसबीडी विद्यालय के बच्चों में उनकी प्रतिभाओं के माध्यम से दिखाई पड़ रहे हैं।

चेयरमैन वैभव सोमवंशी ने बताया कि हमारी संस्था निरंतर बच्चों को ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रमो में अपनी सहभागिता दिलाने के लिए प्रयासरत रहती है, जिससे बच्चों के अंदर अपनी संस्कृति, अपनी सभ्यता के प्रति हमेशा समर्पण भाव रहे। वहीं अतिविशिष्ट अतिथि दिनेश प्रकाश सिंह अन्नू ने बताया कि यदि देश का विकास संभव है तो सिर्फ शिक्षा से। आज यदि हमारे बच्चे पढ़े लिखे होंगे तो किसी भी समाज में बैठने में कही भी बोलने में बच्चों को परेशानी महसूस नहीं होगी। जिला स्काउट मास्टर सुधार कुशवाहा ने बताया कि इन बच्चों को जल्द ही स्काउट ट्रेनिंग के माध्यम में इनमें और निपुणता लाने का प्रयास करेंगे। प्रधानाचार्य विभोर सोमवंशी ने बताया कि हमारे विद्यालय के बच्चे फिल्मी और फूहड़ गानों पर कभी भी अपनी प्रस्तुति नहीं देते हैं। ये उन बच्चों के अभिभावकों के लिए गर्व की बात है जो आज भी अपनी संस्कृति, अपनी सभ्यता, अपने पूर्व संस्कार अपने अंदर समाहित करते हुए चलते हैं। प्रबंधिका साहित्यकार अनुजा सोमवंशी क्षमा ने सभी को सम्मानित किया। जिला गाइड कैप्टन भारती मिश्रा ने बच्चों एवं देशभक्ति से ओतप्रोत विभिन्न रचनाएं प्रस्तुत की।



कार्यक्रम में मौजूद छात्र व अतिथिगण

# हिन्दू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष का व्यापार मण्डल ने किया स्वागत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत आदित्य कृपा गिरी महाराज एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जय भारती महाराज, राष्ट्रीय महामंत्री जयकांत वत्स और प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट कौशलेंद्र द्विवेदी आदि सभी अतिथियों का गुरुवार को रामनगरिया पांचाल घाट आगमन पर फतेहगढ़-फर्रुखाबाद नगर में जगह-जगह पर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने फूल मालाओं से स्वागत किया।

संगठन के जिला मीडिया प्रभारी मुकेश गुप्ता ने बताया कि फतेहगढ़ में चूड़ी वाली गली के पास संगठन के युवा जिलाध्यक्ष संदेश अग्रवाल और युवा जिला महामंत्री प्रबल महेश्वरी तथा फतेहगढ़ नगर अध्यक्ष रविकांत गुप्ता के साथ फतेहगढ़ के व्यापारियों ने स्वागत किया। लाल गेट पर फर्रुखाबाद के नगर अध्यक्ष अजय मल्होत्रा व महामंत्री जितेंद्र अग्रवाल के नेतृत्व में फूल मालाओं से स्वागत किया गया। कादरी गेट तिराहा पर संगठन के कार्यकारी जिलाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, कानपुर मंडल के संगठन मंत्री एवं जिला मीडिया प्रभारी मुकेश गुप्ता, जिला सह महामंत्री आनंद स्वरूप वर्मा, उद्योग व्यापार मंच के जिलाध्यक्ष पंकज गुप्ता, महिला इकाई की जिलाध्यक्ष प्रीति सुमन तिवारी, फर्रुखाबाद नगर की महिला इकाई की अध्यक्ष प्रीति गुप्ता सहित कई अन्य व्यापारियों ने भी फूल मालाओं से स्वागत किया।


राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत करते व्यापार मण्डल के पदाधिकारी

# लोक अदालत की तैयारी बैठक अपर जिला प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता में सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में लोक अदालत की तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन अपर जिला प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय अंजू कंबोज की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

परिवार न्यायालय में चल रहे पारिवारिक विवादों को मध्यस्थता के माध्यम से सुलह समझौता कराए जाने वाले मुकदमों को अधिक से अधिक संख्या में निपटाए जाने हेतु हेतु विचार किया गया। जिसमें अपर प्रधान न्यायाधीश अंजू कंबोज ने बताया कि अब तक परिवार न्यायालय के 24 मुकदमों को लोक अदालत के लिए चिन्हित किया जा चुका है, अधिक से अधिक संख्या में मुकदमे निपटाए जाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव संजय कुमार, वरिष्ठ अधिवक्ता आफताब आलम सिद्दीकी, सत्यराम यादव एडवोकेट, विनय कुमार राजपूत एडवोकेट व परिवार न्यायालय के परामर्शदाता दीपक कुमार मौजूद रहे।


बैठक लेती प्रधान न्यायाधीश मौजूद अधिवक्तागण

# डायमंड जंबूरी चेन्नई से लौटे छात्रों व प्रशिक्षक को किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

डायमंड जंबूरी चेन्नई से लौटे सभी प्रतिभागियों छात्रों तथा उनके प्रशिक्षक योगेश कुमार को स्तोगी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य संतोष कुमार त्रिपाठी व उप प्रधानाचार्य राकेश कुमार, जिला संगठन कमिश्नर स्काउट प्रभारी गजेंद्र सिंह चौहान, स्काउट मास्टर डॉ0 यशवंत सिंह राठौड़ तथा विद्यालय के शिक्षक निलेश कुमार, नागेंद्र पाल सिंह, सुनील शर्मा, शरद कुमार, संजीत सिंह चौहान कैप्टन ने बधाई दी है। छात्रों को प्रधानाचार्य ने माला पहनकर सम्मानित किया तथा उनके प्रशिक्षक योगेश कुमार को जिला संगठन कमिश्नर प्रभारी स्काउट द्वारा मिठाई खिलाकर व माला पहनकर सम्मानित किया गया। स्काउट मास्टर डॉ0 यशवंत सिंह ने भी प्रतिभागी छात्रों और प्रधानाचार्य को सम्मानित किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि यह बच्चे हमारे देश का भविष्य है, सात देशों के बीच होने वाली प्रति स्पर्धा में इन छात्रों ने उत्तर प्रदेश को प्रथम स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, इसके लिए यह सभी बधाई के पात्र हैं। जिला संगठन कमिश्नर स्काउट ने छात्रों को बहुत शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर स्काउट मास्टर डॉ0 यशवंत सिंह राठौड़ ने भी बच्चों के इस प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त की व प्रशिक्षण योगेश कुमार को बधाई दी।



# धूम्रपान करना निषेध है : प्रधानाचार्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेनापति में प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह ने सभी आचार्य भैया बहनों एवं कर्मचारी बंधुओं को तंबाकू निषेध पर शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि हमारे देश में तंबाकू से अनेकों मौते हो रही है। जिस पर काबू करना हमारा प्रमुख लक्ष्य रहना चाहिए, इससे होने वाले रोगों से आज देश की लगभग 70 प्रतिशत आबादी धूम्रपान की ओर बढ़ रही है, खासकर युवाओं में यह प्रचलन अब फैशन बन चुका है। बिना सिगरेट तंबाकू और शराब से बिना उनकी पार्टी अधूरी रहती है। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य प्रभारी शिवकुमार यादव ने सभी की प्रतियोगिता भी बच्चों को कराई। प्रधानाचार्य ने सभी प्रतियोगी भैया बहनों को सम्मानित एवं प्रमाण पत्र प्रेषित किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य एवं आचार्य बहने एवं जिला सलाहकार सूरज, अमित सिसोदिया, विकास कुमार आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।



छात्राओं को सम्मानित करते आचार्यगण

# गुरु मंत्र: सटीक उत्तर व अच्छी लेखन शैली परीक्षा में दिलाती है ज्यादा अंक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** यूपी बोर्ड की परीक्षा 24 फरवरी से सम्पन्न होने जा रही है। जिसकी तैयारियों को लेकर छात्र शिक्षकों के मार्गदर्शन में पढ़ाई कर रहे है। परीक्षा पर चर्चा के दौरान अपने अनुभव साझा करते हुए

**परीक्षा पर चर्चा**

महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कालेज की प्रधानाचार्या व रसायन विज्ञान प्रवक्ता दीपिका राजपूत ने बताया कि बोर्ड परीक्षा प्रत्येक विद्यार्थी के लिए मूल्यांकन हेतु अवसर के साथ एक चुनौती भी है। प्रतिस्पर्धा के इस युग में विद्यार्थी के साथ माता-पिता एवं शिक्षकों के लिए यह समय महत्वपूर्ण है। बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी सटीक उत्तर के साथ अच्छी लेखन शैली परीक्षा में अच्छे अंक दिलाती है। विद्यार्थी तनाव मुक्त होकर परीक्षा दें और समय रहते अभी से तैयारी करें तथा टाइम टेबल बनाकर रिवीजन करें। परीक्षा में मोटे स्केच पेन से शीर्षक व कुछ मुख्य अंशों को हाईलाइट कर दें और आवश्यक हो तो वहां रेखाचित्र बनाये। इससे अच्छे अंक प्राप्त होते है और प्रश्न पत्र को कम से कम समय में हल करें। जीव विज्ञान के प्रश्न में पेंसिल से रंगों का डायग्राम भी बनाये जा सकते है। रसायन विज्ञान में रसायनिक समीकरणों को लिखकर अभ्यास करें, इससे आसानी से याद होंगे। रसायन विज्ञान में अच्छे अंक लाने के लिए अभ्यास करना चाहिए। रसायन विज्ञान में प्रत्येक चैप्टर से मुख्य अभिक्रियाओं को अलग से नोटबुक पर लिखकर याद करें। आंकिक प्रश्नों को हल करनें के लिए फार्मूलों को एक स्थान पर लिखकर बार-बार रिवीजन करें।


दीपिका राजपूत, प्रवक्ता


हिमांशु शुक्ला, अध्यापक

कन्हैया लाल रामशरन रस्तोगी इंटर कालेज के रसायन विज्ञान शिक्षक हिमांशु शुक्ला ने बताया कि प्रयोगशाला विधि से संबंधित प्रश्न में चित्र अवश्य बनाये। लिखावट का महत्व हर विषय में होता है। परीक्षा देते समय सर्व प्रथम प्रश्नों को ध्यान पूर्वक पढ़े। परीक्षा में प्रश्नों को खण्ड वार हल करें। आंकिक प्रश्नों को हल करते समय प्रयोग किये जाने वाले सूत्र प्रतीक इकाई अवश्य लिखे। परीक्षा के दौरान उत्तर पुस्तिका में रसायन समीकरण लिखते समय ध्यान दें, वह संतुलित हो। तथा ताप, दाब, उत्प्रेरक वर्धक आदि का उल्लेख अवश्य करें।


छात्रा- अजरा मैबिस

## रसायन विज्ञान में संतुलित समीकरण, अभिक्रियाओं का महत्व है: अजरा मैबिस

जीजीआईसी हाईस्कूल की मेधावी व कक्षा 11 की छात्रा अजरा मैबिस ने बताया कि हाईस्कूल में रसायन विज्ञान में संतुलित समीकरण, रसायनिक अभिक्रियायें, अभिकारक, समायोजन, विस्थापन आदि क्रियायें महत्वपूर्ण होती है। हाईस्कूल में 70 अंक का प्रश्न पत्र होता है और 30 अंक में 20 अंक की ओएमआर सीट के बहुविकल्पीय प्रश्न होते है। चार्ट के अलावा फाइल भी होती है।


छात्र-किशन शर्मा

## रसायन विज्ञान के चित्र बनाते समय रंगीन पेंसिल का प्रयोग करें: किशन

रस्तोगी इंटर कालेज के मेधावी छात्र किशन शर्मा ने बताया कि शीर्षक को लिखने के लिए काले स्केच पेन का प्रयोग जरुरी है। उत्तर पुस्तिका में सुंदर सुलेख की तरह लिखे। जिससे अच्छे अंक मिलते है। चित्र बनाने में रंगीन पेंसिल का प्रयोग करना चाहिए। सरल प्रश्नों को पहले हल करें। विलयन, वैद्युत रसायन, रसायनिक बलगतिकी, हैलोएल्केन और हैलोएरीन के प्रश्न अवश्य आते है।

# सपा के प्रतिनिधिमंडल ने हत्या के मामले की जानी हकीकत

- दोषियों के खिलाफ हो सख्त से सख्त कार्यवाही : देवी प्रसाद चौधरी
- काशीपुर गांव पहुंचकर आयुष गुप्ता के पिता ओमप्रकाश गुप्ता से की मुलाकात



**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार व जिलाध्यक्ष श्री देवी प्रसाद चौधरी के निर्देश पर समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल गुरूवार को अदलहाट थाना क्षेत्र के काशीपुर गांव जाकर आयुष गुप्ता के पिता श्री ओमप्रकाश गुप्ता से मुलाकात की। सपा के प्रतिनिधिमंडल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मांग किया की मामले का जल्द से जल्द खुलासा करने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाये। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही नही की गई तो समाजवादी पार्टी आन्दोलन के लिये बाध्य होगी। शासन प्रशासन से समाजवादी पार्टी ओमप्रकाश गुप्ता की सुरक्षा के अलावा मुआवजा की मांग करती है। प्रतिनिधिमंडल में राणा प्रताप सिंह चुनार विधानसभा अध्यक्ष, सुनील सिंह पटेल, विजय सिंह पटेल, रमेश स्वामी, शिवपूजन यादव, रामकृष्ण मौर्य, सूर्यकान्त सिंह आदि शामिल थे।

# अबुझ हाल में जंगल में लगी आग वन कर्मियों ने पाया काबू

**मड़िहान (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

सिरसी वन क्षेत्र के ग्राम पंचायत गढ़वा के गजरिया वन क्षेत्र में अबुझ हाल में जंगल में आग लगने से बाल बाल बेस कीमती पेड़ बच गये वहीं सवा बीघा के लगभग जंगली पौधा वन तुलसीया जलकर खाक हो गया। वन कर्मियों के साथ मिलकर ग्रामीणों ने आग पर पाया काबू।वन क्षेत्रा अधिकारी गिरिराज गोवर्धन गिरी ने बताया कि गुरुवार की दोपहर लगभग कंपार्टमेंट इमली पोखर के वन में अबुझ हाल में आग लग गई।

ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचे वनरक्षक राजकुमार के साथ क्षेत्रीय वाचरो ने ग्रामीणों को लेकर लाखों रुपए के बेस कीमती पेड़ों को जलने से बचाने के साथ-साथ कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। वही आगजनी में लगभग सवा बीघा के करीब वनिया पौधा वन तुलसीया जलकर राख हो गया।



आग लगने के कारणों के बारे में पूछने पर बताया कि कोई कोई कारण स्पष्ट नहीं हो रहा है। आग लगने के कारणों का जल्द ही पता लगाया जाएगा।

# खंड विकास अधिकारी का गांव में युवाओं को रोजगार से जोड़ने का निर्देश

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



स्थानीय ब्लॉक सभागार में बृहस्पतिवार को खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी ने सचिव, रोजगार सेवक एवं पंचायत सहायकों संग ब्लॉक सभागार में बैठक ली। इस दौरान बीडीओ ने बताया कि एग्री स्टेट सर्वे, फॉर्मर रजिस्ट्री,पीएम सूर्य घर एवं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना तथा आवास सर्वे शौचालय निर्माण के लिए निर्देशित किया। कहा कि गांव में खुली बैठक कर 21 से 45 वर्ष के आयु के बेरोजगार युवकों को प्रत्येक गांव से 20 लोगों को जोड़ने का काम करना होगा इसके लिए गांव में खुली बैठक कर लोगों को जागरूक करेंगे। इस योजना के तहत शिक्षित और कुशल युवाओं को अपने स्वयं के उद्यम स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करके स्वावलंबी बनाने की योजना है। युवाओं को आर्थिक विकास में योगदान दिलाने के लिए बैंकों से एक लाख से 25 लाख रुपए तक का लोन बेरोजगार नशा मुक्त लोगों को स्वरोजगार के लिए इस योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए सभी कर्मचारी प्रत्येक गांव में युवाओं को जागरुक कर आवेदन के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया है। इस मौके पर एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव, सचिव कौशलेन्द्र राय, चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, दिनेश कुमार, अलोक राव, आलोक भारती एवं रोजगार सेवक तथा पंचायत सहायक मौजूद रहे।

# सात दिवसीय चित्रकला, व्यवहारिक कला प्रदर्शनी का हुआ उद्धाटन



**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

विंध्य गुरुकुल कॉलेज गोसाईपुर चुनार में सात दिवसीय चित्रकला एवं व्यवहारिक कला के प्रदर्शनी का उद्धाटन काशी हिंदू विश्वविद्यालय के प्रांगण में स्थित महिला महाविद्यालय की वरिष्ठ प्रोफेसर सरोज रानी के द्वारा किया गया। इस प्रदर्शनी में महाविद्यालय के छात्रों द्वारा चित्रों के माध्यम से अध्यात्म, राष्ट्रीय चेतना तथा चुनार के लोक कला एवं विकसित भारत के परिदृश्य को चित्रों के माध्यम से उकेरा गया इस प्रदर्शनी में धीरेंद्र महिला महाविद्यालय के छात्राए एवं शिक्षिकाये तथा क्षेत्रीय अनेक अभिभावक एवं गणमान्य जन उपस्थित रहे।

इस अवसर पर कालेज के उपप्राचार्य डॉ0 आशीष मिश्र, आफ फर्मेसी की उपप्राचार्या डॉ0 सुशीला गुप्ता ने छात्रों के इस कार्य को सराहते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्रवक्ता गण उपस्थित रहे।

## हलिया क्षेत्र पंचायत की बैठक आज

**बैठक में क्षेत्र के विकास कार्यो को लेकर की जायेगी चर्चा**



**हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया क्षेत्र पंचायत की बैठक शुक्रवार को हलिया विकासखंड के सभागार में होगी। बैठक की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख देवी करेंगी। बैठक में क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर चर्चा की जायेगी और नये वित्तीय वर्ष के लिये बजट को रखा जायेगा। इस आशय की जानकारी खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी ने दी।

# कैरियर परामर्श कार्यक्रम आयोजित




**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के मवई कला बसुहरा स्थित गुजराती देवी शिक्षण संस्थान परिसर में गुरुवार को प्लान इंडिया के तत्वाधान में कैरियर परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के चित्र पर द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने सरस्वती बंदना नृत्य प्रस्तुत किया गया। मेला कार्यक्रम में कई एजेंसी द्वारा स्टाल लगाया गया था जिसमें प्रतिविम्ब फाउंडेशन से शैलेश सिंह,रवि सिंह, आरसीएम से जेपी मौर्य विनानी कॉलेज के इंद्रा गाँधी मुक्ति विद्यालय के डॉ0 अमित कुमार सिंह,डॉक्टर शशि धर शुक्ला,ध्रुव पांडेय आदि द्वारा छात्र छात्राओं को कैरियर के संबंध में टिप्स दिया। इस दौरान उप निरीक्षक महेंद्र प्रताप यादव, ग्राम प्रधान भटवारी राजेश कुमार, प्रबंधक विमला देवी, जिला संमवयक जीतेन्द्र सिंह, लखनऊ से आई शिवा सिंह, सुरेंद्र सिंह, ज्योति, सावित्री, रेखा आदि मौजूद रहे।

## वाहन की टक्कर से बालिका घायल, रेफर

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया कस्बा पंजाब नेशनल बैंक के पास गुरुवार की शाम अज्ञात पिकअप वाहन की टक्कर से बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई। हलिया कस्बा निवासी सतीश अग्रहरी की 6 वर्षीय पुत्री वेदिका अग्रहरी घर के सामने खडी थी की तेजगति से आ रहे अज्ञात पिकअप वाहन चालक ने बालिका को टक्कर मार दिया। जिससे वेदिका गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ केंद्र हलिया लेकर आये।जहां पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बालिका का प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर देखकर मण्डलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। जिस पर बालिका के परिजनों द्वारा एम्बुलेंस सेवा वाहन से बालिका को उपचार के लिए मण्डलीय चिकित्सालय लेकर चले गए है। पिकअप वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की बालिका गंभीर रूप से घायल होकर एम्बुलेंस सेवा वाहन से उपचार के लिए आई थी। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखकर मण्डलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया है।

# सीमाओं के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में उड़ान भरेंगे नागरिक उड्डयन के हेलीकॉप्टर



**एजेंसी, देहरादून।**

सूर्या कमान ने हिमाचल, गढ़वाल और कुमाऊं क्षेत्रों की दूर-दराज की अग्रिम चौकियों के हवाई रखरखाव के लिए नागरिक उड्डयन हेलीकॉप्टरों को एकीकृत कर एक नया मील का पत्थर हासिल किया है। थंबी एविएशन प्राइवेट लिमिटेड के साथ विमानन अनुबंध पर हस्ताक्षर के बाद गुरुवार से हेलीकॉप्टर सेवाएं शुरू हो गई हैं।

लेफ्टिनेंट कर्नल (जनसंपर्क अधिकारी, रक्षा) मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि भारतीय सेना सीमाओं पर सतत निगरानी बनाए रखने के लिए अत्यधिक खराब मौसम में भी दुर्गम इलाकों में कार्य कर रही है। कई अग्रिम चौकियों को अब भी सड़क मार्ग से जोड़े जाने का कार्य प्रगति पर है। ऐसे क्षेत्रों में सेना और वायुसेना के वायु संसाधनों के माध्यम से रसद पहुंचाई जाती है।

विमानन प्रयासों के विस्तार से लॉजिस्टिक्स स्टॉक के समय पर निर्माण के साथ-साथ दूर-दराज के स्थानों में निर्माण सामग्री की डिलीवरी की सुविधा मिलेगी, जिससे लॉजिस्टिक्स दक्षता और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के शीघ्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। यह पहल अभिन्न संसाधनों के अनुकूलन में भी काफी मदद करेगी जिससे बेहतर मिशन और परिचालन तत्परता हासिल की जा सकेगी।

# यूजीसी के मसौदा नियमों के खिलाफ जंतर मंतर पर डीएमके छात्र शाखा का प्रदर्शन

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



**राहुल व अखिलेश हुए शामिल**

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के मसौदा नियमों के खिलाफ गुरुवार को द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (डीएमके) की छात्र शाखा ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव और डीएमके के सांसदों ने हिस्सा लिया। इसके अलावा इंडी गठबंधन के राजनीतिक दलों के नेता भी शामिल हुए।

इस मौके पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन में इस बात पर एकराय है कि हर एक राज्य, हर इतिहास, हर भाषा और हर परंपरा का सम्मान किया जाना चाहिए। उनके साथ समान व्यवहार किया जाना चाहिए, न कि अलग-अलग। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र में पहले ही कहा गया है कि शिक्षा को राज्य सूची में वापस लाया जाएगा। मंच पर मौजूद अपने सभी दोस्तों से मैं कहना चाहता हूं कि आप जो कह रहे हैं, हम उसका पूरा समर्थन करते हैं। प्रदर्शन के दौरान उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीजी) के मसौदा नियमों के खिलाफ डीएमके की छात्र शाखा के प्रदर्शन का समाजवादी पार्टी (सपा) अपना समर्थन देती है। सपा इस लड़ाई में उनके साथ है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह जो नई शिक्षा नीति 2020 आई है, कहीं न कहीं उद्योगपतियों को यूनिवर्सिटी देने की साजिश चल रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि नई शिक्षा नीति के माध्यम से यूनिवर्सिटी में कुलपतियों की नियुक्तियां करके और उनकी ताकत बढ़ाकर राज्य सरकार को कमजोर बनाने का काम किया जा रहा है। वह इस नई शिक्षा नीति का विरोध करते हैं।

# जैन मुनियों ने सभी लोगों को एक करने का किया काम : शाह

**एजेंसी, रायपुर।**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ चंद्रगिरी में कहा कि सभी लोगों को एक करने का काम जैन मुनियों ने किया है।आचार्य जी का जीवन धर्म, संस्कृति और राष्ट्र को समर्पित है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के अलावा वित्त मंत्री ओपी चौधरी, जैन आचार्य और मुनि सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद हैं। शाह राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ चंद्रगिरी में आयोजित %प्रथम समाधि स्मृति महोत्सव (विनयांजलि समारोह) को संबोधित कर रहे थे। गृहमंत्री शाह ने आचार्य विद्यासागर महाराज की समाधि स्थल पर पहुंच कर उन्हें नमन करते हुए कहा कि सभी लोगों को एक करने का काम जैन मुनियों ने किया है। आचार्य जी का जीवन धर्म, संस्कृति और राष्ट्र को समर्पित है। महान संत को मैं प्रणाम करने आया हूं, उनके लिखे मूकमाटी



महाकाव्य में अनेक लोगों ने पीएचडी की है। आज मैं आचार्य जी की कही बात दोहराना चाहता हूं, भोजन के थाल में जितने व्यंजन होते हैं, वह उतना ही अच्छा होता है। भारत में अलग-अलग धर्म संस्कृति है जो अपने में अलग है। केन्द्रीय गृहमंत्री ने कहा कि मैं भी उनका अनुयायी हूं। इससे पहले रायपुर एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने उनका स्वागत किया। इसके बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ सीएम साय डोंगरगढ़ गए।

# एमपी को जल्द मिलेगा नया टाइगर रिजर्व : मोहन यादव

**एजेंसी, भोपाल।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश को जल्द ही एक नया टाइगर रिजर्व मिलने वाला है। माधव टाइगर अभ्यारण्य जल्द ही राज्य का नौवां टाइगर रिजर्व बनेगा। इसके लिए केंद्र सरकार की स्वीकृति मिल गई है। नए टाइगर रिजर्व की अधिसूचना कभी भी जारी हो सकती है। इसके लिए औपचारिकताएं पूरी करने की प्रक्रिया अंतिम दौर में है। माधव टाइगर अभ्यारण्य के टाइगर रिजर्व बनने से चंबल अंचल में वन्य जीवों की संख्या बढ़ेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि मध्य प्रदेश वन्य जीवन संरक्षण में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। कूनो में वीरा के दो नए शावकों को मिलाकर कुल 26 चीते हो गये हैं। इन चीतों की मॉनिटरिंग के लिये दो दल गठित किए गए हैं। बुधवार को कूनो क्षेत्र में पांच चीते छोड़े गए, इनमें से तीन का जन्म तो प्रदेश में ही हुआ है। इस प्रकार



- प्रदेश में वन्यजीवों के लिए बना अनुकूल वातावरण, चीतों की संख्या बढ़ी

अब सात चीते स्वयं को मध्य प्रदेश की आबोहवा में ढाल रहे हैं। पहले छोड़े गए चीते न केवल शिकार कर रहे हैं, अपितु कुशलता से जंगल में विचरण कर रहे हैं। प्रकृति, जीव जगत और मानव जीवन के संतुलन की यह अनमोल झलक राज्य में दिखाई दे रही है। सभी लोग इस आनंद और रोमांच का अनुभव कर रहे हैं। यह वन्य जीवों के संरक्षण के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह इस बात का प्रमाण है कि मध्य प्रदेश में वन्यजीवों के लिए सबसे अनुकूल वातावरण है। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश में फिलहाल आठ टाइगर रिजर्व हैं। इनमें संजय दुबरी टाइगर रिजर्व, नौरादेही टाइगर रिजर्व, पन्ना टाइगर रिजर्व, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व, बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व, पेंच टाइगर रिजर्व, कान्हा टाइगर रिजर्व और रातापानी टाइगर रिजर्व शामिल हैं। इनमें रातापानी को हाल ही में आठवां टाइगर रिजर्व घोषित किया है। अब माधव नेशनल पार्क के टाइगर रिजर्व बनने से यह संख्या बढ़कर नौ हो जाएगी, जो प्रदेश में बाघों की बढ़ती संख्या और संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**मध्य प्रदेश में हैं 785 बाघ**

मध्य प्रदेश में 2022 की बाघों की जनगणना के अनुसार 785 बाघ हैं। साल 2018 में यह संख्या 526 थी, जो 2022 में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ 785 हो गई थी। इसी के साथ मध्य प्रदेश ने टाइगर स्टेट का तमगा भी पुनः हासिल कर लिया था।

# अंबेडकर प्रतिमा को क्षति पहुंचाने के मामले में गठित समिति ने सौंपी रिपोर्ट



**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारतीय जनता पार्टी की ओर से अमृतसर में डॉ बीआर अंबेडकर की प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने की घटना पर गठित 6 सदस्यीय समिति ने गुरुवार को पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को अपनी रिपोर्ट सौंप दी। समिति ने सिफारिश की है कि इस घटना पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी से जांच कराई जानी चाहिए।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को अमृतसर में डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर एक व्यक्ति चढ़ गया और उसे हथौड़े से तोड़ने लगा। इसका वीडियो भी वायरल हुआ था। भारतीय जनता पार्टी ने इस पर 31 जनवरी को 6 सदस्यीय समिति का गठन किया था। कांग्रेस और रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के नेता रामदास आठवले भी इस मुद्दे पर पंजाब की आम आदमी पार्टी पर निशाना साथ चुके हैं। दूसरी ओर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने घटना की निंदा करते हुए कहा था कि इसमें शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# बेकाबू रोडवेज बस कार से टकराई, आठ की मौत

**एजेंसी, जयपुर।**

राजस्थान के जयपुर में दूदू क्षेत्र अंतर्गत गुरुवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई। जबकि हादसे में छह लोग घायल हो गए।

यह हादसा उस वक्त हुआ, जब दोपहर करीब 3:45 बजे जयपुर-अजमेर हाईवे पर मौखमपुरा के पास राजस्थान रोडवेज की बस टायर फटने के कारण अनियंत्रित होकर एक ईको कार से टकरा गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से कार में फंसे लोगों को बाहर निकालने की कोशिश की, लेकिन टक्कर इतनी भीषण थी कि कार में सवार किसी की जान नहीं बच सकी।

जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि रोडवेज बस जयपुर से अजमेर की ओर जा रही थी, जबकि ईको कार अजमेर से जयपुर आ रही थी। इस दौरान मौखमपुरा के पास बस का टायर फट गया और वह अनियंत्रित



- टायर फटने के कारण अनियंत्रित होकर ईको कार से टकराई बस
- घायलों को अस्पताल में कराया गया भर्ती

होकर डिवाइडर को पार कर दूसरी तरफ से आ रही कार से जा टकराई। इस टक्कर में कार पूरी तरह से पिचक गई और उसमें सवार सभी आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

एसपी ने बताया कि मृतकों की पहचान दिनेश कुमार पुत्र मदनलाल रेगर, बबलू मेवाड़ा पुत्र मदन मेवाड़ा, किशन पुत्र जानकीलाल, रविकांत पुत्र मदनलाल, बाबू रेगर पुत्र मदनलाल, नारायण निवासी बड़लियास (भीलवाड़ा) और प्रमोद सुथार पुत्र मूलचंद निवासी मुकुंदपुरिया (भीलवाड़ा) के रूप में हुई हैं। एक शव की पहचान नहीं हो सकी है। जानकारी के अनुसार सभी मृतक भीलवाड़ा जिले के कोटड़ी क्षेत्र के रहने वाले थे और महाकुंभ में प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) जा रहे थे। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में बस के तेज रफ्तार और टायर फटना हादसे का मुख्य कारण बताया है।

## छत्तीसगढ़ में पांच नक्सली गिरफ्तार, पुलिस का दावा- हेटारकसा के पास आईईडी विस्फोट में थे शामिल

**एजेंसी, कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के थाना कोयलीबेड़ा क्षेत्र से पांच नक्सलियों को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस का दावा है कि पकड़े गए नक्सली कोयलीबेड़ा क्षेत्र के ग्राम हेटारकसा के पास गत 15 दिसंबर 2024 को हुए आईईडी विस्फोट की वारदात में शामिल थे। कांकेर जिला पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण एलसेला ने बताया कि जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत सुरक्षाबल गुरुवार को नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर जिले के कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम हेटारकसा, मर्राम, गोंदूल, आलपरस पहाड़ी जंगल की ओर सर्चिंग अभियान पर निकले थे। इस दौरान हेटारकसा के जंगल से आईईडी विस्फोट की वारदात में शामिल पांच नक्सलियों बुधुराम कवाची, बिरेन्द्र उसेंडी, सुरेश कुमेटी, बालसिंग नवगो, दशरथ नवगो ,सभी निवासी ग्राम हेटारकसा थाना कोयलीबेड़ा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का दावा है कि जिन पांच नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है, यह सभी 15 दिसंबर 2024 को ग्राम हेटारकसा के पास हुए आईईडी विस्फोट की वारदात में शामिल थे।

**मेरिल ने की रोबोटिक इनोवेशन समिट की मेजबानी**

# सर्जिकल रोबोटिक्स अपनाने की दिशा में भारत की लंबी छलांग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

रोबोटिक इनोवेशन समिट (आरआईएस) ने रोबोटिक-सहायता प्राप्त सर्जरी के क्षेत्र में सहयोग, नवाचार और खोज को ले कर एक शानदार आयोजन की मेजबानी की। इस एक दिन के आयोजन में दुनिया के कुछ सबसे प्रसिद्ध राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सर्जन एक मंच पर साथ आए। इस कार्यक्रम में मेरिल के ग्राउंडब्रेकिंग एआई-पावर्ड जॉइंट रिप्लेसमेंट रोबोटिक सिस्टम मिसो पर प्रकाश डाला गया और पूरे भारत में सर्जिकल परिशुद्धता और रोगी परिणाम पर इसके बढ़ते प्रभाव को प्रदर्शित किया गया।

समिट के केंद्र में मिसो था। मिसो को जून 2024 में लॉन्च किया गया था और यह बहुत ही कम समय में पूरे भारत में 50 से अधिक इंस्टॉलेशन के साथ धूम मचा रहा है। मिसो की उन्नत एआई-आधारित क्षमताएँ, जिसमें रीयल-टाइम एनालिटिक्स और सटीक संरेखण शामिल हैं, उपस्थित लोगों के समक्ष प्रदर्शित की गईं। लोगों लो इस बारे में अद्भुत जानकारी मिली कि यह तकनीक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी को कैसे बदल रही है। मेरिल के मुख्य विपणन अधिकारी मनीष देशमुख ने कहा कि मेरिल ने हमेशा स्वास्थ्य सेवा नवाचार में सबसे आगे रहने का प्रयास किया है। मिसो न केवल एक तकनीकी सफलता का प्रतिनिधित्व करता है, बल्कि भारत में सर्जिकल देखभाल को बदलने की हमारी प्रतिबद्धता का भी प्रतिनिधित्व करता है। रोबोटिक इनोवेशन समिट एक सहयोगी, भविष्य के लिए तैयार पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के हमारे दृष्टिकोण का प्रतिबिंब है जो सर्जन और रोगियों दोनों को लाभान्वित करता है। मिसो के अलावा, इस शिखर सम्मेलन में मेरिल की मजबूत आरएंडडी परियोजनाओं पर प्रकाश डाला गया, जिसमें यूनी-नी रिप्लेसमेंट, टोटल हिप रिप्लेसमेंट, ट्रौमा और रीढ़ की सर्जरी में प्रगति शामिल है। ये प्रयास मेरिल की निरंतर नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता और सबसे चुनौतीपूर्ण शल्य चिकित्सा आवश्यकताओं के लिए रोबोटिक समाधानों का विस्तार करने पर इसके फोकस को दर्शाते हैं।